हिंदी दैनिक
# नागपुर मेट्रो समाचार
BCN GROUP
RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, मंगलवार, 30 सितंबर 2025 | अंक 346/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-

वैशाली
साड़ीज़
FANCY SHALU • LACHA • LEHENGA
YEOLA PAITHANI • PESHWAI
POSITION PRINT • RANG KAT
FANCY WORK • ORGANZA WORK
H.O. SILK • SOUTH SILK
SILK SAREE • DHARMAVARAM
WEDDING ONE PIECE / GOWN
SAREES - SPECIALIST
Sarafa Bazar, Itwari Nagpur | Time:10.00-7.30
9529081789, 9325112561 | SUNDAY CLOSED



# स्वामी चैतन्यानंद का एक सहयोगी गिरफ्तार



**नई दिल्ली.** दिल्ली के वसंत कुंज में छात्राओं के साथ छेड़छाड़ के मामले में पुलिस की जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है. आरोपी चैतन्यानंद सरस्वती के ठिकानों की पड़ताल के बाद अब उसके करीबी का नाम भी सामने आया है. पुलिस ने चैतन्यानंद को उसके दफ्तर और रहने वाली जगह एसआरआईएसआईआईएम ले जाकर तलाशी ली, ताकि सबूत जुटाए जा सके. पीड़िता के पिता को धमकी देने के मामले में पुलिस ने हरी सिंह कोपकोटी नाम के शख्स को गिरफ्तार किया है. ये उत्तराखंड का निवासी है और चैतन्यानंद के कहने पर ही इसने फोन करके धमकी दी थी. पीड़ित लड़कियों में से एक ने बताया कि 14 सितंबर 2025 को उसके पिता को एक धमकी भरा फोन आया था. कॉल करने वाले शख्स ने उनसे कहा कि वे दर्ज कराई गई शिकायत वापस ले लें. जांच में पता चला कि ये धमकी मोबाइल नंबर 9758171719 से आया था.

पुलिस ने नंबर ट्रेस कर आरोपी की पहचान हरी सिंह कोपकोटी के तौर पर की, जो उत्तराखंड के बागेश्वर का रहने वाला है. उसे उसके घर से गिरफ्तार कर दिल्ली लाया गया है.

पूछताछ में हरी सिंह ने बताया कि वो नगर पालिका से जुड़े छोटे-मोटे काम करके अपना गुजारा करता है. उसने पूछताछ ये भी कबूल किया कि वो पिछले साल अपने एक परिचित के जरिए चैतन्यनंद से मिला था. तभी से उसकी जान-पहचान हुई. हरी सिंह ने माना कि चैतन्यानंद के कहने पर ही उसने पीड़िता के पिता को फोन करके शिकायत वापस लेने की धमकी दी थी.

पुलिस ने धमकी देने के लिए इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया है. फिलहाल हरी सिंह से पूछताछ की जा रही है. बता दें कि राष्ट्रीय राजधानी के एक संस्थान में 17 छात्राओं के यौन उत्पीड़न के आरोपी स्वयंभू बाबा चैतन्यानंद सरस्वती को रविवार को आगरा के एक होटल से गिरफ्तार किया गया था. जिसके बाद उसे पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है.

## धर्मांतरण कराने वाले गैंग का भंडाफोड़, आरोपी मलखान गिरफ्तार

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के निगोहां के बख्तौरीखेड़ा गांव में लालच देकर धर्मांतरण करवाकर ग्रामीणों को ईसाई बनाने का खुलासा हुआ है. पुलिस ने आरोपी बख्तौरीखेड़ा के मलखान को गिरफ्तार किया है. वह दो वर्ष से धर्म परिवर्तन करने वाला गैंग चला रहा था. बजरंग दल के सुरक्षा प्रमुख धर्मेंद्र शर्मा की शिकायत पर उसके खिलाफ शनिवार को केस दर्ज किया गया. मलखान अपने खेत में बने हॉल में हर बृहस्पतिवार और रविवार को चंगाई सभा आयोजित करता था. पुलिस ने उसका हॉल सील कर दिया है. डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया कि पुलिस को कुछ दिनों से शिकायत मिल रही थी कि बख्तौरीखेड़ा गांव में अनुसूचित जाति के लोगों का ईसाई धर्म में परिवर्तन कराया जा रहा है. पीजीआई क्षेत्र में आसरा एंक्लेव निवासी धर्मेंद्र के केस दर्ज कराने के बाद आरोपी मलखान को उसके घर से गिरफ्तार किया गया. उसके पास से दो बाइबिल और प्रचार-प्रसार की सामग्री बरामद हुई है. आरोपी के साथियों के बारे में पता लगाया जा रहा है. मलखान को पकड़ने वाली पुलिस टीम को डीसीपी ने 25 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा भी की है. बीमारी ठीक करने के बहाने धर्मांतरण कराया जाता था. पुलिस ने धर्मांतरण गैंग के सरगना मलखान को गिरफ्तार कर लिया है.

# मोदी ने दिल्ली बीजेपी के नए कार्यालय का उद्घाटन किया

### बोले- भाजपा की स्थापना को 45 साल पूरे, 'हमने जीएसटी कम किया तो उन्होंने कीमतें बढ़ा दीं', पीएम मोदी ने विपक्ष पर लगाया महंगाई बढ़ाने का आरोप



**नई दिल्ली.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली के ही दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर दिल्ली बीजेपी के नए कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौक पर पीएम मोदी ने कार्यकर्ताओं और जनता को जीत की बधाई दी। अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने जीएसटी को लेकर मुख्य विपक्ष दल यानी कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला।

पीएम मोदी ने कांग्रेस की हिमाचल सरकार पर महंगाई में इजाफा करने और लोगों को राहत न देने का आरोप भी लगाया है। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दलों पर हमलावर होते हुए कहा कि विपक्ष कहता कुछ और है और करता कुछ उल्टा है, जैसे ही हमने जीएसटी की कीमतें कम कीं, उन्होंने हिमाचल में सीमेंट की कीमतें बढ़ा दीं और अपनी तिजोरियां भरने लगे। हिमाचल की सरकार ने तुरंत जनता को मिलने वाली राशि लूटनी शुरू कर दी।

पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफंड का लाभ आम लोगों तक पहुंचे। हमें ग्राहकों को सूचित करना होगा और अपने दुकानदारों को शिक्षित करना होगा। जहां हम विपक्ष में हैं, वहां हमारी ज़िम्मेदारी और भी बढ़ जाती है, वहां की सरकार जीएसटी में कमी का पूरा लाभ जनता तक पहुंचाए, हमें यह सुनिश्चित करना होगा... हमें भारत को आत्मनिर्भर बनाना है और स्वदेशी को अपनाना है।

पीएम मोदी ने बीजेपी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देते हुए कहा कि हर दुकान पर एक बोर्ड लगे और वह भी एक बड़ा बोर्ड जिस पर लिखा हो, गर्व से कहो, यह स्वदेशी है। यह हर दुकान पर लगा होना चाहिए। यह हर बीजेपी कार्यकर्ता की ज़िम्मेदारी है। विदेशी उत्पादों पर हमारी निर्भरता जितनी कम होगी, देश के लिए उतना ही बेहतर होगा.

### भारतीयता के साथ मने हर त्यौहार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश का हर त्यौहार दिल्ली में भारत और भारतीयता के त्यौहार जैसा बनना चाहिए। हम सभी को इसके लिए प्रयास करना चाहिए। जब हम सिंगापुर हवाई अड्डे पर उतरते हैं, तो दिवाली के दौरान वहां रोशनी होती है। दिवाली की शुभकामनाएं लिखी होती हैं। दुनिया के कई देशों में, जब उन देशों के प्रमुख दिवाली के दीये जलाते हैं, तो हमें खुशी होती है या नहीं? हमें गर्व होता है। पीएम मोदी ने कहा कि अगर हम भारत के हर राज्य के प्रमुख त्यौहार यहां मनाएं, तो उस पूरे राज्य में खुशी की लहर दौड़ जाएगी। यह देश की एकता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। देशभक्ति हमारे लिए सबसे पहले है। हमें इसे पूरे उत्साह के साथ निभाना है।

### पीएम मोदी के भाषण की 4 मुख्य बातें

जनसंघ के जमाने से आज तक जब भी बड़े आयोजन हुए उसके केंद्र में दिल्ली ही रही। देश के कोने-कोने से लोग आते तो दिल्ली के कार्यकर्ता देश भर के कार्यकर्ताओं को अपने घरों में रखते थे। दिल्ली भाजपा सरकार और कार्यालय जब कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे तो हम विकसित भारत का सपना तेजी से पूरा करेंगे। भाजपा एनडीए सरकारों ने देश में विकास का नया मॉडल दिया है। अरुण जेटली और सुषमा जी ने पार्टी के लिए अपना जीवन समर्पित किया। पहले जनसंघ और फिर भाजपा दिल्ली के हितों से जुड़ी रही। हमने जनसंघ के समय से लोगों की सेवा की। हमें सुनिश्चित करना है कि नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स का फायदा ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचनी चाहिए। हमने जीएसटी घटाया तो हिमाचल सरकार ने सीमेंट पर रेट बढ़ा दिए।

## जम्मू- कश्मीर प्रशासन ने घाटी के 7 पर्यटन स्थलों को खोला

**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बंद पड़े 7 पर्यटन स्थलों को फिर से खोलने की मंजरी दे दी है। बता दें कि इस साल अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद लगभग 50 पर्यटन स्थल टूरिस्ट के लिए बंद कर दिए गए थे। पहलगाम क्षेत्र के बैसरन में 22 अप्रैल को हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद उपराज्यपाल प्रशासन ने लगभग 50 पर्यटन स्थलों को बंद कर दिया था, जिसके बाद अब 7 पर्यटन स्थलों को फिर से खोलने की मंजूरी दे दी गई है। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने सोमवार को घाटी के सात पर्यटन स्थलों को खोल दिया, जिन्हें 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद बंद कर दिया गया था। शुक्रवार को एकीकृत मुख्यालय की बैठक के बाद उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा जारी निर्देशों के बाद ये पर्यटन स्थल खोले गए। सिन्हा ने शुक्रवार को X पर एक पोस्ट में कहा, "आज की संयुक्त मुख्यालय बैठक में गहन सुरक्षा समीक्षा और चर्चा के बाद, मैंने कश्मीर और जम्मू संभाग में और अधिक पर्यटन स्थलों को फिर से खोलने का आदेश दिया है.

## विदर्भ में बीएस इस्पात कंपनी विवाद

**यवतमाल/चंद्रपुर.** विदर्भ में विवादों में घिरी बीएस इस्पात कंपनी अब एक बार फिर सुर्खियों में है। कंपनी पर यवतमाल के मार्की मांगली कोल ब्लॉक से 20 हजार टन कोयले की हेराफेरी कर सरकारी तंत्र को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुँचाने का आरोप लगाया गया है। इससे पहले भी कंपनी पर 40 हजार मीट्रिक टन कोयले की हेराफेरी का मामला सामने आया था, जिसकी जांच के आदेश भी जारी किए गए थे। जानकारी के अनुसार, वरोरा तहसील के मजरा येंसा में बीएस इस्पात कंपनी के 11 मेगावाट बिजली प्लांट और स्पंज आयरन प्लांट में कोयला उपयोग करने की अनुमति दी गई थी। लेकिन यह प्लांट पिछले तीन वर्षों से बंद है। ऐसे में सवाल उठता है कि प्लांट में लाया गया कोयला गया कहां? कंपनी को 20 मई से 20 जून 2025 के बीच कोयला ट्रांसपोर्ट करने की अनुमति मिली थी। इसके तहत 50 प्रतिशत को अपने प्लांट में इस्तेमाल करने और 50 प्रतिशत खुले बाजार में बेचने की शर्त थी। खनिकर्म विभाग ने कोयले की रायॅल्टी और अन्य शुल्क जमा करने के आदेश भी दिए थे। कुल मिलाकर लगभग 18 करोड़ रुपये प्रशासन के पास जमा होने थे, लेकिन कंपनी ने एक भी पैसा जमा नहीं किया। सूत्रों के अनुसार, अधिकारियों की उदासीनता और सख्त कार्रवाई न करने से कंपनी का मनोबल बढ़ा और यह हेराफेरी खुलेआम कर रही है। पिछले मामलों में भी कंपनी ने कोयला व्यापारियों को धोखाधड़ी का शिकार बनाया है। 23 जुलाई 2025 को वरोरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 6.20 करोड़ रुपये के कोयले में से केवल 2.23 करोड़ रुपये का ही कोयला आपूर्ति हुआ, शेष 3.96 करोड़ रुपये का कोयला गायब हो गया। बीएस इस्पात कंपनी के खिलाफ पहले से ही कई मामलों की शिकायतें दर्ज हैं, बावजूद इसके इस वर्ष फिर से कंपनी को कोयला आपूर्ति का ठेका दिया गया। यह मामला तब भी विधानसभा में उठ चुका है और जांच के आदेश मुख्यमंत्री द्वारा जारी किए गए थे। पूर्व खनिकर्म अधिकारी और कांग्रेस के पूर्व विधायक सुभाष धोटे ने भी इस हेराफेरी में राज्य सरकार और खनिकर्म अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप लगाया है। कंपनी ने इस पूरे हेराफेरी में लगभग 18 करोड़ रुपये की चपत लगाई, जबकि संबंधित अधिकारियों की चुप्पी सवाल खड़े करती है।

# करूर रैली मामले में सीबीआई जांच की मांग मद्रास हाईकोर्ट में की

**चेन्नई.**

तमिलनाडु के करूर में एक्टर और राजनेता विजय की हुई भगदड़ में 41 लोगों की मौत हो गई थी, इस मामले की जांच चल रही है। इस मामले में दायर एफआईआर प्राथमिकी में पुलिस ने कहा है कि अभिनेता और टीवीके प्रमुख विजय द्वारा 'जानबूझकर राजनीतिक शक्ति का प्रदर्शन' करने के कारण रविवार शाम तमिलनाडु के करूर में मची भगदड़ में 41 लोगों की मौत हो गई।



प्राथमिकी में कहा गया है कि रैली सुबह 9 बजे शुरू होनी थी और 11 बजे तक भारी भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस के अनुसार, विजय को दोपहर 12 बजे भाषण देना था, लेकिन वह शाम 7 बजे ही पहुंचे, बताए जाने के चार घंटे बाद उन्होंने लोगों से 'अनावश्यक उम्मीदें' पैदा करने के लिए रैली में पहुंचने में देरी की।पुलिस ने कहा कि विजय को ले जा रही बस कई अनिर्धारित स्थानों पर रुकी, एक वास्तविक रोड शो जिसके लिए कोई अनुमति नहीं ली गई थी, और अभिनेता और वरिष्ठ नेता एन 'बुस्सी' आनंद, जो पुडुचेरी के पूर्व विधायक हैं, सहित टीवीके नेताओं ने भीड़ के लिए भोजन, पानी और सुविधाओं की कमी की चेतावनियों को नज़रअंदाज़ कर दिया। पुलिस ने बताया कि प्रचार बस के बार-बार और अनियोजित रूप से रुकने से यातायात भी बाधित हुआ। इसके साथ ही दर्ज एफआईआर में रविवार शाम हुई कई त्रासदियों में से एक का ज़िक्र किया गया है; इसमें कहा गया है कि टीवीके कार्यकर्ताओं ने पुलिस बैरियर तोड़ दिए - जो भीड़ को नियंत्रित करने और भगदड़ जैसी आपदाओं को रोकने के लिए लगाए गए थे - और संभवतः अभिनेता की एक झलक पाने के लिए एक शेड की टिन की छत पर चढ़ गए।

दुर्भाग्य से, छत गिर गई और टीवीके कार्यकर्ता मारे गए। टीवीके के चुनाव अभियान प्रबंधन महासचिव आधव अर्जुन ने भगदड़ की घटना की सीबीआई जांच की मांग करते हुए मद्रास उच्च न्यायालय का रुख किया। अपनी याचिका में उन्होंने कहा कि अनुमति पार्टी की पसंद के स्थानों पर बार-बार मना किया गया। उन क्षेत्रों में अनुमति दी गई, जहां भीड़ भी नहीं आ सकती थी। रैलियों के दौरान बिजली कनेक्शन बाधित कर दिए गए थे, और पर्याप्त पुलिसकर्मी तैनात नहीं किए गए थे। यह पैटर्न नमक्कल, त्रिची और नागपट्टिनम में टीवीके रैलियों के दौरान भी हुआ था। उन्होंने कहा कि करूर में भगदड़ भी पुलिस और सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों द्वारा रची गई थी। उन्होंने उल्लेख किया कि विजय के भाषण शुरू करने से पहले ही, बिजली कनेक्शन बाधित हो गया था, जिसके कारण अंततः लोग बैकअप के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले जनरेटर की ओर जाम हो गए।

## होर्डिंग लगाते वक्त 7वीं मंज़िल से गिरे 10 मजदूर

**अहमदाबा.** अहमदाबाद के साउथ बोपल इलाके में रविवार दोपहर हुए दर्दनाक हादसे ने बिल्डिंग सुरक्षा और होर्डिंग लगाने की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। भागवत बंगले के पास स्थित विश्व कुंज-2 अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल पर एक ज्वैलर्स का बड़ा होर्डिंग लगाया जा रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से होर्डिंग का स्ट्रक्चर नीचे आ गिरा। हादसे में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य की हालत गंभीर है। तीन की हालत गंभीर: मरने वालों की पहचान राज और महेश के रूप में हुई है। दोनों श्रमिकों की गिरने से मौके पर ही जान चली गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल मजदूर रवि को सोला सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार हादसे के वक्त करीब 10 मजदूर काम पर लगे हुए थे और सभी नीचे गिरे थे। इनमें से ज्यादातर को हल्की चोटें आईं, जबकि तीन की स्थिति बेहद गंभीर बनी। डीएसपी ग्रामीण ने की पुष्टि: अहमदाबाद ग्रामीण की डीएसपी नीलम गोस्वामी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि होर्डिंग लगाने का जिम्मा एक विज्ञापन एजेंसी को सौंपा गया था। सोसाइटी और एजेंसी के बीच रेंट एग्रीमेंट भी किया गया था। अब जांच इस बात पर केंद्रित है कि क्या अहमदाबाद महानगरपालिका से इस होर्डिंग की वैध अनुमति ली गई थी और क्या स्ट्रक्चर के लिए स्थिरता प्रमाणपत्र उपलब्ध था। नीचे खड़ी कार में गिरा होर्डिंग का मलबा: प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब सातवीं मंजिल से होर्डिंग नीचे गिरा तो वह बिजली के खंभे से टकराया। इससे जोरदार धमाका हुआ और तार टूटकर नीचे आ गिरे। नीचे खड़ी एक कार पर भी मलबा गिरा जिससे आसपास अफरातफरी मच गई। हादसे के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं।

## बाढ़-बारिश से 5 जिलों में 10 की मौत

**मुंबई.** महाराष्ट्र में बाढ़-बारिश के कारण पिछले दो दिनों में 10 लोगों की मौत हो गई। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने बताया कि नासिक जिले में चार, धाराशिव और अहिल्यानगर में दो-दो और जालना व यवतमाल में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। मराठवाड़ा और पश्चिमी महाराष्ट्र के कई हिस्सों में पिछले दो दिनों में भारी बारिश हुई। छत्रपति संभाजी नगर जिले में 110.3 मिमी, अहिल्यानगर में 81.8 मिमी और नासिक में 76.6 मिमी बारिश हुई। दक्षिण-पश्चिम मानसून उत्तर भारत के राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और उत्तराखंड से विदा हो चुका है। यह अब गुजरात, मध्य प्रदेश और यूपी में आकर रुक गया है। इन तीनों राज्यों में साउथ-वेस्ट मानसून एक्टिव होने की वजह से मानसून की वापसी कुछ इलाकों से टल गई है। मौसम विभाग के अनुसार, यह लाइन वेरावल और भरूच (गुजरात), उज्जैन (मध्यप्रदेश), झांसी और शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश) से होकर गुजर रही है। इस वजह से इन इलाकों में अगले 7 दिनों तक इस वापसी की संभावना कम दिख रही है। अनुमान है कि अक्टूबर के दूसरे हफ्ते में यहां से मानसून विदा लेगा। 1 अक्टूबर से मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, बिहार समेत अन्य राज्यों में भी बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है। हालांकि, पूरे देश से मानसून की विदाई अपने निर्धारित समय 15 अक्टूबर तक होने की संभावना है। पिछले साल भी मानसून 15 अक्टूबर को विदा हुआ था।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 3 नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शुरू कीं

**पटना.** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को पटना जंक्शन से और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिल्ली से डिजिटल माध्यम से कुल सात नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई, जिनमें तीन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में मुजफ्फरपुर-चर्लपल्ली, दरभंगा-मदार और छपरा-आनंद विहार ट्रेनें शामिल हैं, जो दक्षिण भारत और दिल्ली की यात्रा को और आसान बनाएंगी। इसके अलावा पटना-बक्सर, झाझा -दानापुर, पटना- इस्लामपुर और शेखपुरा-बरबीघा -बिहार शरीफ होते हुए नवादा-पटना पैसेंजर ट्रेनों का भी संचालन शुरू किया गया। खासतौर पर शेखपुरा-बरबीघा-बिहार शरीफ रेलखंड पर ट्रेनों का संचालन इस क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से प्रतीक्षित मांग थी, जो अब पूरी हुई।



सम्राट चौधरी ने बताया कि अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन आधुनिक सुविधाओं और किफायती यात्रा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इन नई ट्रेनों के शुरू होने के बाद बिहार से कुल 13 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चलेंगी, जिससे प्रदेश की कनेक्टिविटी नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगी। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सहयोग से बिहार में रेलवे विकास को नई दिशा मिल रही है। उनके अनुसार, केंद्र सरकार ने इस वर्ष बिहार के लिए रिकॉर्ड 10,066 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है, जो पिछली सरकारों की तुलना में नौ गुना अधिक है।

इसी बजट के परिणामस्वरूप नई रेल लाइनें, दोहरीकरण, विद्युतीकरण और स्टेशन विकास के कार्य तेजी से हो रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि रेल सुविधाओं को और सशक्त बनाने के लिए पटना जंक्शन पर नया टर्मिनल, फतुहा में मेगा कोचिंग टर्मिनल और झाझा-डीडीयू के बीच तीसरी और चौथी लाइन के निर्माण की तैयारी की जा रही है।

### 98 स्टेशनों को आधुनिक स्वरूप देने का काम

सम्राट चौधरी ने बताया कि बख्तियारपुर-राजगीर रेलखंड के दोहरीकरण और सुल्तानगंज-कटोरिया पर नई रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दी जा चुकी है। उन्होंने गंगा नदी पर बन रहे कई रेल और सड़क पुलों का भी उल्लेख किया, जिनमें बिक्रमशिला के पास नया पुल, मोकामा में राजेंद्र सेतु के समानांतर पुल और भागलपुर के पास बिक्रमशिला और कटरिया के बीच गंगा नदी पर एक और पुल शामिल हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच संपर्क और मजबूत होगा। उपमुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 3,164 करोड़ रुपये की लागत से बिहार के 98 स्टेशनों को आधुनिक स्वरूप देने का काम जारी है। उन्होंने कहा कि रेलवे राज्य के विकास की रीढ़ है और आने वाले वर्षों में बिहार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में इसका महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

CMYK

# देश की अर्थव्यवस्था पर फिर मुहर!

## > अमेरिका की एजेंसी ने फिर जताया भरोसा



**नई दिल्ली.**

अमेरिका की एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने सोमवार को भारत की लॉन्ग-टर्म लोकल और फॉरेन करेंसी इश्यूअर रेटिंग को बीएए3 पर बनाए रखा, साथ ही 'स्थिर' आउटलुक भी रखा. इसके अलावा, लोकल करेंसी सीनियर अनसिक्योर्ड रेटिंग भी बीएए3 पर ही रही. आसान भाषा में कहें तो ये रेटिंग्स दिखाती हैं कि भारत अपने कर्ज चुकाने की कितनी क्षमता रखता है, चाहे वो अपनी मुद्रा में हो या विदेशी मुद्रा में. सीनियर अनसिक्योर्ड रेटिंग का मतलब है कि बिना किसी गारंटी के लिया गया कर्ज चुकाने की भारत की ताकत बनी हुई है.

मूडीज ने भारत की शॉर्ट-टर्म लोकल करेंसी रेटिंग को भी पि-3 पर बरकरार रखा. मूडीज ने अपने बयान में कहा कि ये रेटिंग्स और स्थिर आउटलुक इस बात को दिखाते हैं कि भारत की इकोनॉमी तेजी से बढ़ रही है, उसकी एक्सटर्नल पोजीशन (बाहरी आर्थिक स्थिति) मजबूत है, और घरेलू फाइनेंसिंग का बेस भी सॉलिड है, जो मौजूदा राजकोषीय घाटे को सपोर्ट करता है. रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि भारत की ये ताकतें उसे बाहरी चुनौतियों, जैसे कि अमेरिका के हाई टैरिफ या दूसरी ग्लोबल पॉलिसीज से बचाने में मदद करती हैं, जो भारत की मैन्युफैक्चरिंग में निवेश को प्रभावित कर सकती हैं.

हालांकि, भारत की कर्ज चुकाने की क्षमता कुछ लॉन्ग-टर्म फिस्कल कमजोरियों से बैलेंस होती है. अच्छी जीडीपी ग्रोथ और धीरे-धीरे फिस्कल स्ट्रेंथ बढ़ने के बावजूद, भारत का हाई डेट बर्डन कम होने में वक्त लगेगा. हाल के कुछ फिस्कल कदम, जैसे कि प्राइवेट खपत को बढ़ावा देने की योजना ने सरकार के रेवेन्यू बेस को कमजोर किया है. रिपोर्ट में ये भी बताया गया कि भारत की लॉन्ग-टर्म लोकल करेंसी बॉन्ड सीलिंग ए2 पर और फॉरेन करेंसी बॉन्ड सीलिंग ए3 पर बरकरार है. इससे पहले, 14 अगस्त को एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत की सॉवरेन रेटिंग को 'बीबीबी-' से बढ़ाकर 'बीबीबी' किया था.

### ईवाय ने बढ़ाया देश का जीडीपी ग्रोथ अनुमान

ईवाय ने अपनी 'इकोनॉमी वॉच' रिपोर्ट में भारत के लिए वित्त वर्ष 2025-26 (एफवाय 26) के रियल जीडीपी ग्रोथ अनुमान को पहले के 6.5% से बढ़ाकर 6.7% कर दिया है. ये बढ़ोतरी जून तिमाही में 7.8% की मजबूत जीडीपी ग्रोथ और जीएसटी रिफॉर्म्स की वजह से डिमांड में सुधार के कारण हुई है. हालांकि, ग्लोबल चुनौतियां जैसे कि सामान और सर्विसेज के एक्सपोर्ट पर असर डालने वाले रुकावटें, भारत की ग्रोथ को प्रभावित कर सकती हैं. फिर भी ईवाय को उम्मीद है कि एफवाय26 में भारत की रियल जीडीपी ग्रोथ 6.7% रहेगी.

# सैमसंग भारत में 'एआई होम

## > फ्यूचर लिविंग, नाउ' लेकर आया

**मुंबई.**




भारत के सबसे बड़े कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज मुंबई के बीकेसी स्थित जियो वर्ल्ड प्लाज़ा में अपने प्रमुख स्टोर पर 'एआई होम: फ्यूचर लिविंग, नाउ' विज़न को लॉन्च किया।

यह अगली पीढ़ी का कनेक्टेड लिविंग इकोसिस्टम, स्मार्ट डिवाइसेस और सेवाओं को एकीकृत कर, भारतीय घरों में एआई-सक्षम भविष्य की झलक पेश करता है। सैमसंग का एआई होम सिस्टम एक ऐसा स्मार्ट होम अनुभव प्रदान करता है जिसमें हर डिवाइस–जैसे लाइट्स, एसी, टीवी, वॉशिंग मशीन और रेफ्रिजरेटर–यूज़र की आदतों, पसंद और जरूरतों को समझते हुए खुद-ब-खुद काम करता है। जैसे ही यूज़र घर में प्रवेश करता है, लाइट्स ऑन हो जाती हैं, एसी आदर्श तापमान पर सेट हो जाता है, और टीवी पसंदीदा शो शुरू कर देता है. बिना किसी मैनुअल इनपुट के। सैमसंग का यह इकोसिस्टम गैलेक्सी एआई, विज़न एआई और बीस्पोक एआई की ताकतों को एकसाथ लाकर घर को इंटेलिजेंट बनाता है। सभी डिवाइसेज़ स्मार्टथिंग्स के माध्यम से जुड़े होते हैं, जिससे घर की हर स्क्रीन, हर उपकरण और हर सेवा में एआई का सामंजस्य स्थापित होता है।

एआई होम केवल सुविधाजनक नहीं, बल्कि स्मार्ट और संवेदनशील भी है। यह यूज़र के व्यवहार और 'हम सिर्फ एआई के भविष्य की कल्पना नहीं कर रहे, बल्कि उसे वास्तविकता में बदल रहे हैं। भारत में हमारे तीन आरएंडडी सेंटर लगातार एआई इनोवेशन कर रहे हैं, जिससे हम 'फ्यूचर लिविंग' को लाखों भारतीयों के लिए साकार बना रहे हैं। एआई होम सिस्टम को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यूज़र्स की गोपनीयता और डेटा सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। सैमसंग का उद्देश्य एक ऐसा स्मार्ट होम बनाना है जो न केवल समझदार हो, बल्कि भरोसेमंद भी हो।

# संगीता जिंदल को फ्रांसीसी सम्मान

## > शेवेलियर डे लऑर्ड्रे डेस आर्ट्स एट डेस लेट्रेस से किया गया सम्मानित

**मुंबई.**



भारत में फ्रांस के राजदूत, महामहिम थिएरी माथौ ने आज जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन की अध्यक्ष संगीता जिंदल को शेवेलियर डे लऑर्ड्रे डेस आर्ट्स एट डेस लेट्रेस (कला और साहित्य के शूरवीर का नाइट), जो फ्रांस के सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक है, के प्रतीक चिह्न से सम्मानित किया। यह पुरस्कार उन्हें उनके मुंबई स्थित निजी आवास पर प्रदान किया गया। यह सम्मान कला, संस्कृति और भारत में विरासत संरक्षण के प्रति जिंदल के असाधारण योगदान और भारत-फ्रांस सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए उनके समर्पण की स्वीकृति में दिया गया है। जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन के प्रमुख के तौर पर, जिंदल ने संस्कृति को अपने मिशन का केंद्र बनाया है और फ्रांस के साथ गतिशील नई साझेदारिया स्थापित की हैं। हम्पी आर्ट लैब्स में कलाकार निवास कार्यक्रमों के माध्यम से, उन्होंने भारतीय और फ्रांसीसी रचनाकारों के बीच आदान-प्रदान के लिए सार्थक स्थान बनाए हैं। 2024 में, उन्होंने कला और खेल के बीच संवाद को उजागर करने के लिए पेरिस ओलंपिक खेलों के दौरान फ्रांस के साथ सहयोग किया। इस वर्ष के अंत में, वह पेरिस में मोबिलियर नेशनल में टेक्सटाइल मैटर्स नामक प्रदर्शनी में भाग लेंगी। पुरस्कार प्रदान करते हुए, राजदूत थिएरी माथौ ने कहा: अपने जुनून, दूरदर्शिता और उदारता के माध्यम से, जिंदल ने भारत के सांस्कृतिक परिदृश्य को बहुत समृद्ध किया है और हमारे दोनों देशों को करीब लाया है। यह सम्मान उनकी उपलब्धियों और सांस्कृतिक पुलों के निर्माण की उनकी प्रतिबद्धता के लिए फ्रांस की गहरी कृतज्ञता और प्रशंसा को दर्शाता है। मुझे विश्वास है कि यह हमारे देश के साथ एक बहुत ही फलदायक सहयोग और संवाद की बस शुरुआत है। पुरस्कार स्वीकार करते हुए, संगीता जिंदल ने कहा मैं फ्रांस से यह सम्मान पाकर बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह भारत की विरासत की रक्षा करने के साथ-साथ हमारे दोनों राष्ट्रों के बीच सार्थक सांस्कृतिक सेतुओं को बढ़ावा देने की मेरी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। मैं इस सम्मान को उन तमाम कलाकारों, शिल्पकारों, संरक्षकों और संस्थानों को एक श्रद्धांजलि के रूप में स्वीकार करती हूं जिनके साथ काम करने का मुझे सौभाग्य मिला है। विरासत एक जीवित संसाधन है जो पीढ़ियों को जोड़ती है, और मैं यह सुनिश्चित करने के लिए समर्पित हूं कि यह भविष्य को प्रेरित करती रहे।

# नेस्ले इंडिया ने घटाई कीमतें, जीएसटी कटौती का फायदा

**नई दिल्ली.**




देश की प्रमुख एफएमसीजी कंपनी नेस्ले इंडिया ने हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा गुड्स एंड सर्विस टैक्स की दरों में की गई कटौती का स्वागत करते हुए यह घोषणा की है कि इसका पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक सीधे पहुँचाया जाएगा। कंपनी यह बदलाव 22 सितंबर 2025 से लागू कर चुकी है।

नेस्ले इंडिया के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री मनीष तिवारी ने बयान जारी करते हुए कहा: जीएसटी दर में कटौती भारत के उपभोक्ताओं के लिए एक सकारात्मक कदम है। इससे न केवल खपत में बढ़ोतरी होगी, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी 113 वर्षों से भारत का अभिन्न हिस्सा रही है और उपभोक्ताओं की सेवा को ही अपना मुख्य उद्देश्य मानती है।

नेस्ले इंडिया ने यह भी स्पष्ट किया कि जीएसटी दर में आई कमी का लाभ थोक विक्रेताओं, वितरकों और खुदरा विक्रेताओं तक पहुंचाया जा चुका है, जिससे उपभोक्ता हर स्तर पर इसका लाभ पा सकें।

कंपनी ने पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इस निर्णय की जानकारी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय समाचार पत्रों के माध्यम से साझा की है, जिससे उपभोक्ताओं को सटीक जानकारी मिल सके।

# देश बना एप्पल का मेन्युफैक्चरिंग हब

**नई दिल्ली.**



एप्पल, जो कभी सिर्फ अमेरिका और चीन में प्रोडक्शन के लिए जाना जाता था, अब भारत में अपना दायरा तेजी से बढ़ा रहा है. एक समय था जब भारत को सिर्फ एक बाज़ार के रूप में देखा जाता था, लेकिन अब एप्पल के लिए यह एक बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बनता जा रहा है. ताज़ा जानकारी के अनुसार, एप्पल ने भारत में अपनी सप्लाई चेन से 45 से अधिक कंपनियों को जोड़ लिया है. इनमें भारतीय कंपनियों के साथ-साथ अमेरिकी और कुछ चीनी कंपनियों के पार्टनर्स भी शामिल हैं. एक रिपोर्ट के अनुसार, एप्पल अब सिर्फ बड़े कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर्स जैसे फोक्सकोन, विस्टरों और पेगट्रोन पर निर्भर नहीं है, बल्कि भारत की घरेलू कंपनियों को भी अपने इकोसिस्टम में जगह दे रहा है. टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, विप्रो पारी, मदरसन, सैलकॉम्प, हिंडाल्को और भारत फोर्ज जैसी जानी-मानी कंपनियां अब आईफोन निर्माण की चेन का हिस्सा बन चुकी हैं. इसके अलावा 20 से ज्यादा एमएसएमई यानी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को भी जोड़ा गया है जो एक बड़ा बदलाव है.आज एप्पल के कुल आईफोन प्रोडक्शन में से करीब 20% यानी हर 5 में से 1 आईफोन भारत में बनता है. यह आंकड़ा सिर्फ पीएलआई (प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव) योजना के बाद का है. तमिलनाडु और कर्नाटक की फैक्ट्रियों में ये आईफोन बनते हैं, जबकि सप्लाई चेन महाराष्ट्र, यूपी, गुजरात, आंध्र प्रदेश और हरियाणा जैसे राज्यों में फैली हुई है.

एप्पल ने 2021-22 से 2024-25 के बीच भारत में $45 बिलियन (लगभग 3.75 लाख करोड़) के iPhones बनाए, जिनमें से 76% आईफोन को विदेशों में एक्सपोर्ट कर दिया गया। भारत का स्मार्टफोन एक्सपोर्ट अब इतना बड़ा बन गया है कि यह देश का नंबर 1 एक्सपोर्ट आइटम बन गया है, जो 2015 में 167वें स्थान पर था।

एप्पल ने पहले चीन की कंपनियों को भारत लाकर शुरुआत की थी, लेकिन 2020 में गलवान झड़प के बाद उसने रणनीति बदल दी. अब वह ज्यादातर गैर-चीनी कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रहा है. यह कदम भारत सरकार की एफडीआई नीति के चलते और भी अहम हो गया, जिसमें चीन जैसे देशों से निवेश पर सख्त शर्तें हैं.

# अपने दिन की सही शुरुआत करें

## > कैलिफोर्निया बादाम के साथ वर्ल्ड हार्ट डे मनाएं।

**नई दिल्ली.**



इस वर्ष वर्ल्ड हार्ट डे की थीम है 'धड़कन न छूटे' एक मजबूत संदेश कि हृदय रोग के कारण अनगिनत लोग समय से पहले अपनी जान गंवा रहे हैं, जिससे परिवारों को साथ बिताने का कीमती समय नहीं मिल पाता। भारत के लिए यह चेतावनी और भी गंभीर है, क्योंकि यहा हृदय रोगों का बोझ तेजी से बढ़ रहा है। द लैंसेंट की एक रिपोर्ट 'भारत के राज्यों में हृदय संबंधी बीमारियों और उनसे जुड़े जोखिमों के बदलते स्वरूप के अनुसार, भारतीयों को हृदय रोग दुनिया के अन्य देशों की तुलना में करीब 10 साल पहले प्रभावित करते हैं। वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन का कहना है कि महिलाएं अक्सर पहले ही दिल के दौरे में पुरुषों की तुलना में ज्यादा गंभीरता झेलती हैं और उनकी मृत्यु दर भी अधिक होती है। वहीं युवाओं में दिल के दौरे तेजी से बढ़ रहे हैं। इससे बचने का एक आसान लेकिन असरदार तरीका है दिल के लिए फायदेमंद आदतें अपनाना, जैसे कि रोज़ाना आहार में कैलिफोर्निया बादाम को शामिल करना।

200 से अधिक प्रकाशित अध्ययनों से यह साबित हो चुका है कि कैलिफोर्निया बादाम स्वास्थ्य के लिए कई तरह से फायदेमंद हैं। इनमें 15 आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं, जिनमें हृदय-स्वस्थ मोनोअनसैचुरेटेड फैट्स, विटामिन इ, मैग्नीशियम, पोटैशियम, और डायटरी फाइबर शामिल हैं। नियमित रूप से बादाम का सेवन करने से कुल कोलेस्ट्रॉल और एलडीएल (खराब कोलेस्ट्रॉल) के स्तर में कमी आती है। साथ ही, यह शरीर में सूजन के उन संकेतकों को भी कम करता है जो हृदय रोग से जुड़े होते हैं। न्यूट्रिशन और वेलनेस कंसल्टेंट शीला कृष्णास्वामी ने कहा: 'भारत में हृदय रोगों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह बेहद ज़रूरी है कि हम ऐसे खाद्य पदार्थों पर ध्यान दें जो सिर्फ कोलेस्ट्रॉल कम करने तक सीमित न हों, बल्कि समग्र हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा दें। बादाम पोषण से भरपूर एक सुपरफूड हैं, जिनमें हेल्दी फैट, फाइबर, एंटीऑक्सिडेंट्स, और कई आवश्यक विटामिन्स और मिनरल्स पाए जाते हैं। ये तत्व शरीर में सूजन को कम करने और हृदय की समग्र कार्यक्षमता को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। हर सुबह कैलिफोर्निया बादाम के साथ दिन की शुरुआत करने से कोलेस्ट्रॉल का स्तर संतुलित करने में मदद मिल सकती है, और यह दिल की सेहत को बेहतर बनाने के साथ-साथ लंबे समय तक ऊर्जा और समग्र स्वास्थ्य को भी समर्थन देता है।

# क्रोमा में शुरू सपनों का त्योहार

## > इलेक्ट्रॉनिक्स पर 35% की छूट

**नई दिल्ली.**




टाटा समूह से जुड़ी भारत की अग्रणी ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर कंपनी क्रोमा ने अपने वार्षिक उत्सव अभियान 'फेस्टिवल ऑफ ड्रीम्स' (सपनों का त्योहार) के साथ त्यौहार मौसम की शुरुआत की है। इस पेशकश के तहत त्यौहार को और अधिक आनंददायक बनाने के लिए विशेष रूप से तैयार कई आकर्षक ऑफर की व्यवस्था है। ग्राहक स्मार्टफोन, टीवी, वाशिंग मशीन, लैपटॉप और रेफ्रिजरेटर पर स्टोर परऔर ऑनलाइन, दोनों जगह शानदार छूटकेसाथ-साथ रोमांचक कैशबैक, ईएमआई और एक्सचेंज लाभों का भी लाभ उठा सकते हैं। हाल ही में घोषित जीएसटी सुधार के मद्दे नज़र नए टीवी और एयर कंडीशनर पर 10% की अतिरिक्त बचत, घरेलू उपकरण खरीदना फायदेमंद हो गया है। 200 से ज़्यादा शहरों में 560 से ज़्यादा स्टोर्स की मज़बूत मौजूदगी और क्रोमा,कॉमऔर टाटा न्यू ऐप पर सहज खरीदारी के साथ, क्रोमा यह सुनिश्चित करता है कि ग्राहकों को आसानी से बेहतरीन डील मिले, चाहे वे अपने लिए खरीदारी कर रहे हों या दोस्तों और परिवार के लिए आकर्षक उपहार चुन रहे हों।ग्राहक दशहरा, धनतेरस, दिवाली और भाई दूजकेअवसरको 23 अक्टूबर तककीशानदार छूट, एक्सचेंज बोनस, 20% तक केकैशबैक ऑफर और आकर्षक ईएमआई लाभों केसाथखास बना सकते हैं। इनफिनिटी रिटेल लिमिटेड के प्रवक्ता ने कहा,'त्योहारी खरीदारी सरल, आनंददायक और तनावमुक्त होनी चाहिए। सभी श्रेणियों में फ्लैट बचत के साथ, दशहरा, धनतेरस, दिवाली और भाई दूज के आसपास सबसे पसंदीदा श्रेणियों और विशेष विंडो के साथ, हमने ऐसे ऑफर तैयार किए हैं जो हर भारतीय घर में उत्सव के माहौल को और खुशनुमा बना देंगे। हमारे सपनों का त्यौहार (फेस्टिवलऑफड्रीम्स) के ज़रिये, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे ग्राहक अपने प्रियजनों के साथ बेहद खुशी और हर्षोल्लास के साथ त्यौहार मनाएं।

## महाराष्ट्र सागरलक्ष्मी विकली लॉटरी

सोडत दर सोमवारी | तिकीट किंमत रु. 50/- | सोडत क्र. 39 | सोडत दिनांक 29/09/2025

पहिले सामाईक बक्षिस रु. 8 लाख — **SL-08 : 4166**

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 5000/- — **5907** (लॉटरी भांडार - नागपूर; महावीर लॉटरी सेंटर - कोल्हापूर; प्रिन्स लॉटरी सेंटर अँड जनरल स्टोअर्स - कल्याण)

| बक्षिस | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1414 | 1550 | 1625 | 4808 | 5719 | 6090 | 7929 |
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 1039 | 3304 | 3419 | 3551 | 4840 | 4844 | 5078 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 1813 | 2605 | 3040 | 4340 | 5762 | 6360 | 6948 |
| सहावे बक्षिस रु. 200/- | 1410 | 2663 | 2772 | 3332 | 4041 | 4430 | 7949 |

सातवे बक्षीस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1887 | 2279 | 2822 | 3310 | 3811 | 4418 | 4847 | 5323 | 5859 | 6475 | 6868 | 7473 |
| | | 1891 | 2284 | 2824 | 3313 | 3818 | 4423 | 4849 | 5364 | 5860 | 6479 | 6873 | 7530 |
| | | 1900 | 2293 | 2830 | 3319 | 3830 | 4433 | 4858 | 5366 | 5875 | 6497 | 6874 | 7547 |
| 1010 | 1411 | 1912 | 2310 | 2892 | 3320 | 3836 | 4446 | 4864 | 5389 | 5889 | 6500 | 6882 | 7583 |
| 1017 | 1416 | 1937 | 2316 | 2894 | 3324 | 3850 | 4449 | 4904 | 5402 | 5903 | 6515 | 6902 | 7585 |
| 1025 | 1418 | 1967 | 2328 | 2904 | 3337 | 3864 | 4451 | 4916 | 5405 | 5918 | 6527 | 6906 | 7597 |
| 1048 | 1432 | 1983 | 2338 | 2925 | 3341 | 3869 | 4457 | 4929 | 5408 | 5951 | 6565 | 6933 | 7609 |
| 1063 | 1469 | 1990 | 2345 | 2935 | 3348 | 3930 | 4470 | 4942 | 5413 | 5958 | 6575 | 6937 | 7626 |
| 1080 | 1508 | 1999 | 2372 | 2939 | 3356 | 3931 | 4474 | 4945 | 5485 | 5972 | 6586 | 6949 | 7693 |
| 1096 | 1510 | 2002 | 2388 | 2973 | 3373 | 3954 | 4475 | 4946 | 5507 | 5974 | 6594 | 6961 | 7701 |
| 1104 | 1519 | 2021 | 2395 | 2974 | 3374 | 3961 | 4483 | 4948 | 5514 | 5983 | 6605 | 6962 | 7702 |
| 1105 | 1529 | 2023 | 2398 | 2978 | 3388 | 3964 | 4503 | 4964 | 5517 | 5990 | 6606 | 7008 | 7715 |
| 1108 | 1538 | 2031 | 2489 | 2979 | 3389 | 3993 | 4506 | 4970 | 5518 | 6011 | 6609 | 7014 | 7726 |
| 1110 | 1571 | 2032 | 2490 | 2992 | 3393 | 4001 | 4518 | 4998 | 5526 | 6026 | 6612 | 7031 | 7729 |
| 1113 | 1581 | 2052 | 2509 | 3006 | 3394 | 4004 | 4554 | 5007 | 5544 | 6036 | 6622 | 7039 | 7732 |
| 1116 | 1589 | 2054 | 2514 | 3013 | 3409 | 4009 | 4558 | 5022 | 5547 | 6048 | 6634 | 7070 | 7735 |
| 1118 | 1600 | 2074 | 2525 | 3032 | 3410 | 4024 | 4568 | 5030 | 5557 | 6050 | 6651 | 7076 | 7744 |
| 1124 | 1611 | 2082 | 2527 | 3038 | 3430 | 4034 | 4611 | 5033 | 5588 | 6052 | 6659 | 7087 | 7745 |
| 1148 | 1631 | 2092 | 2528 | 3053 | 3431 | 4038 | 4618 | 5039 | 5590 | 6063 | 6660 | 7094 | 7750 |
| 1154 | 1637 | 2114 | 2537 | 3080 | 3432 | 4047 | 4622 | 5053 | 5605 | 6159 | 6664 | 7097 | 7759 |
| 1155 | 1653 | 2123 | 2545 | 3103 | 3436 | 4074 | 4639 | 5057 | 5617 | 6162 | 6667 | 7124 | 7772 |
| 1157 | 1661 | 2125 | 2556 | 3119 | 3473 | 4084 | 4641 | 5068 | 5625 | 6182 | 6675 | 7145 | 7773 |
| 1167 | 1666 | 2127 | 2558 | 3123 | 3487 | 4092 | 4642 | 5085 | 5630 | 6223 | 6677 | 7146 | 7776 |
| 1168 | 1681 | 2141 | 2562 | 3124 | 3492 | 4114 | 4646 | 5105 | 5636 | 6258 | 6678 | 7170 | 7791 |
| 1169 | 1690 | 2142 | 2600 | 3129 | 3536 | 4140 | 4649 | 5113 | 5642 | 6264 | 6680 | 7180 | 7798 |
| 1171 | 1697 | 2187 | 2617 | 3130 | 3552 | 4143 | 4656 | 5135 | 5653 | 6269 | 6687 | 7193 | 7799 |
| 1172 | 1715 | 2188 | 2623 | 3133 | 3588 | 4190 | 4664 | 5147 | 5657 | 6276 | 6717 | 7226 | 7802 |
| 1178 | 1725 | 2208 | 2625 | 3155 | 3611 | 4229 | 4666 | 5156 | 5658 | 6323 | 6725 | 7244 | 7816 |
| 1232 | 1767 | 2210 | 2627 | 3174 | 3635 | 4241 | 4703 | 5158 | 5685 | 6340 | 6745 | 7273 | 7817 |
| 1261 | 1770 | 2219 | 2629 | 3199 | 3636 | 4254 | 4715 | 5159 | 5705 | 6344 | 6786 | 7301 | 7847 |
| 1263 | 1788 | 2223 | 2658 | 3213 | 3639 | 4264 | 4722 | 5160 | 5743 | 6348 | 6795 | 7327 | 7849 |
| 1285 | 1791 | 2229 | 2695 | 3229 | 3649 | 4293 | 4724 | 5174 | 5766 | 6356 | 6805 | 7332 | 7877 |
| 1288 | 1811 | 2231 | 2717 | 3243 | 3660 | 4300 | 4725 | 5185 | 5770 | 6361 | 6808 | 7342 | 7928 |
| 1301 | 1815 | 2232 | 2720 | 3245 | 3696 | 4306 | 4742 | 5199 | 5789 | 6365 | 6816 | 7351 | 7948 |
| 1305 | 1817 | 2237 | 2723 | 3269 | 3738 | 4322 | 4746 | 5208 | 5804 | 6380 | 6817 | 7381 | 7949 |
| 1321 | 1818 | 2254 | 2727 | 3278 | 3743 | 4342 | 4747 | 5215 | 5822 | 6391 | 6832 | 7427 | 7951 |
| 1322 | 1819 | 2259 | 2728 | 3287 | 3763 | 4371 | 4749 | 5225 | 5832 | 6408 | 6853 | 7457 | 7972 |
| 1354 | 1831 | 2269 | 2792 | 3300 | 3794 | 4404 | 4775 | 5253 | 5850 | 6410 | 6861 | 7459 | 7981 |
| 1387 | 1872 | 2277 | 2801 | 3302 | 3805 | 4406 | 4840 | 5273 | 5852 | 6465 | 6866 | 7463 | 7994 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र दसरा भव्यतम सोडत — सोडत दिनांक 03.10.2025 — पहिले बक्षीस ₹ 1 करोड (₹ 50 लाखाची x 2 बक्षिसे) — 2 बक्षिसांपैकी किमान 1 बक्षिस हमीपात्र — जिंका फक्त 5 अंकावर — दुसरे बक्षिस ₹ 5 लाख (₹1 लाखाची 5 बक्षिसे) — तिकीटाची किंमत 200/-
सागरलक्ष्मी सोडत दिनांक 29/09/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जवाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. — प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : /princeagencymah : /princeagencypl : /princeagencymah

## निकाल — गणेशलक्ष्मी भाग्यशाली विकली लॉटरी — सोडत सायं. 5:00 वाजता

सोडत दर सोमवार • सोडत क्रमांक 39 • तिकीट किं. रु. 10/- • सोडत दिनांक 29/09/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- — **MG-01 : 6974** (श्री गणेश एन्टरप्रायझेस, दादर, मुंबई)

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 2000/-: 2777 | 5596 (ओम गं गणपतेय नमः लॉटरी - पुणे) | 8032 (डायमंड कॉर्पोरेशन, बोरिवली) | 9049 (श्री सिद्धि समर्थ एजेंसी, दादर - मुंबई) | 9721 (महावीर लॉटरी सेंटर, कोल्हापूर)

| बक्षिस | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1653 | 1963 | 2395 | 3259 | 5629 | 6464 | 8015 | 9218 | 9466 | 9723 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 1254 | 2146 | 2453 | 3003 | 4456 | 5191 | 6640 | 8397 | 8465 | 9555 |

पाचवे बक्षीस रु. 200/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0007 | 0772 | 1714 | 2952 | 3553 | 4812 | 5866 | 6933 | 8075 | 8728 |
| 0020 | 0809 | 1916 | 3029 | 3783 | 4878 | 5995 | 6967 | 8236 | 8795 |
| 0055 | 0905 | 2036 | 3183 | 3832 | 4946 | 6216 | 7005 | 8265 | 8821 |
| 0065 | 0986 | 2166 | 3224 | 3935 | 5108 | 6297 | 7206 | 8291 | 8854 |
| 0072 | 1005 | 2210 | 3251 | 4117 | 5126 | 6340 | 7238 | 8348 | 8891 |
| 0104 | 1118 | 2292 | 3319 | 4143 | 5174 | 6430 | 7247 | 8382 | 8968 |
| 0250 | 1142 | 2302 | 3330 | 4226 | 5273 | 6533 | 7272 | 8480 | 8987 |
| 0351 | 1194 | 2352 | 3338 | 4435 | 5317 | 6544 | 7474 | 8481 | 8999 |
| 0433 | 1267 | 2405 | 3349 | 4534 | 5388 | 6580 | 7795 | 8485 | 9154 |
| 0437 | 1416 | 2450 | 3350 | 4546 | 5495 | 6647 | 7797 | 8508 | 9197 |
| 0607 | 1431 | 2554 | 3379 | 4614 | 5544 | 6665 | 7842 | 8554 | 9633 |
| 0611 | 1436 | 2623 | 3388 | 4744 | 5575 | 6733 | 7884 | 8568 | 9678 |
| 0621 | 1471 | 2762 | 3392 | 4794 | 5590 | 6896 | 7935 | 8584 | 9736 |
| 0694 | 1571 | 2782 | 3401 | 4803 | 5725 | 6916 | 7947 | 8628 | 9979 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र गणेशलक्ष्मी दसरा विशेष मासिक सोडत — तिकिट किंमत रु.100/- — सोडत दिनांक 20-10-2025 — जिंका फक्त 4 अंकावर — पहिले सामायिक बक्षिस ₹ 22 लाख — दुसरे बक्षीस ₹ 3 लाख (₹ 10 हजारची 30 बक्षिसे) — तिसरे बक्षीस ₹ 5 लाख (₹ 5 हजारची 100 बक्षिसे)
गणेशलक्ष्मी भाग्यशाली विकली लॉटरी सोडत दिनांक 29/09/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचुक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे — प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

## निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र सह्याद्री — धनलक्ष्मी विकली लॉटरी — सोडत सायं. 4:30 वाजता

सोडत दर सोमवार • सोडत क्रमांक 39 • तिकीट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 29/09/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- — **SL-01 : 5086**

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| बक्षिस | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 1000/- | 2040 | 2487 | 2663 | 3115 | 3906 | 4283 | 4579 | 4613 | 5617 | 5748 |
| तिसरे बक्षिस रु. 500/- | 1234 | 1508 | 1588 | 2215 | 3201 | 3771 | 4182 | 4510 | 5161 | 5581 |

चौथे बक्षीस रु. 400/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1156 | 2184 | 2842 | 3697 | 4973 |
| 1271 | 2320 | 2848 | 3733 | 5067 |
| 1330 | 2322 | 2891 | 3843 | 5176 |
| 1456 | 2383 | 3093 | 4104 | 5315 |
| 1477 | 2532 | 3223 | 4441 | 5444 |
| 1768 | 2621 | 3267 | 4473 | 5448 |
| 1839 | 2676 | 3300 | 4512 | 5489 |
| 1870 | 2692 | 3369 | 4649 | 5562 |
| 1893 | 2702 | 3393 | 4733 | 5587 |
| 2025 | 2703 | 3412 | 4772 | 5650 |
| 2075 | 2725 | 3632 | 4895 | 5895 |
| 2092 | 2726 | 3673 | 4966 | 5925 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र सह्याद्री मासिक सोडत — तिकीट किंमत रु.50/- — सोडत दिनांक 08-10-2025 — जिंका फक्त 5 अंकावर — पहिले सामाईक बक्षिस रु. 21 लाख — दुसरे बक्षिस रु. 5 लाख — तिसरे बक्षिस रु. 2,50,000/- (रु. 5 हजाराची 50 बक्षिसे)
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जवाबदार नाही. • अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. • प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र सह्याद्री धनलक्ष्मी विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 29/09/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

## निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र गजलक्ष्मी सोम विकली लॉटरी — सोडत संध्या. 4:45 वाजता

सोडत दर सोमवार • सोडत क्रमांक 39 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 29/09/2025

पहिले बक्षिस रु. 10,000/- — **GL-01 : 3804**

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

| बक्षिस | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 0953 | 2711 | 4147 | 4797 | 4809 | 4994 | 7137 | 7284 | 9824 | 9936 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 0263 | 0877 | 3162 | 3624 | 4065 | 4294 | 6610 | 7706 | 8297 | 9568 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 0653 | 1028 | 1620 | 4607 | 4767 | 5118 | 5308 | 7103 | 7206 | 9099 |

पाचवे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पाचवे बक्षिस रु. 300/- | 1082 | 2124 | 2955 | 4094 | 4811 | 6038 | 7211 | 7932 | 8516 | 9207 |
| 0004 | 1085 | 2152 | 2968 | 4186 | 4823 | 6068 | 7225 | 7948 | 8695 | 9255 |
| 0035 | 1111 | 2203 | 2982 | 4190 | 4825 | 6093 | 7313 | 7968 | 8763 | 9327 |
| 0084 | 1118 | 2244 | 2999 | 4234 | 4854 | 6196 | 7373 | 7978 | 8788 | 9346 |
| 0089 | 1187 | 2251 | 3033 | 4260 | 5218 | 6215 | 7377 | 7984 | 8789 | 9490 |
| 0120 | 1271 | 2274 | 3091 | 4315 | 5295 | 6226 | 7485 | 8008 | 8812 | 9579 |
| 0138 | 1314 | 2277 | 3093 | 4344 | 5351 | 6326 | 7495 | 8012 | 8814 | 9648 |
| 0165 | 1339 | 2305 | 3101 | 4347 | 5434 | 6564 | 7597 | 8026 | 8862 | 9780 |
| 0204 | 1391 | 2345 | 3119 | 4370 | 5441 | 6608 | 7627 | 8084 | 8863 | 9796 |
| 0270 | 1447 | 2444 | 3210 | 4388 | 5452 | 6635 | 7641 | 8089 | 8883 | 9835 |
| 0336 | 1448 | 2457 | 3283 | 4395 | 5471 | 6697 | 7690 | 8095 | 8955 | 9896 |
| 0414 | 1555 | 2503 | 3337 | 4410 | 5505 | 6704 | 7717 | 8169 | 8964 | 9903 |
| 0480 | 1584 | 2521 | 3359 | 4431 | 5526 | 6715 | 7728 | 8207 | 8988 | 9909 |
| 0577 | 1613 | 2681 | 3371 | 4434 | 5543 | 6719 | 7741 | 8299 | 9019 | 9916 |
| 0620 | 1810 | 2696 | 3832 | 4441 | 5554 | 6721 | 7749 | 8322 | 9057 | 9917 |
| 0674 | 1899 | 2709 | 3913 | 4460 | 5557 | 6781 | 7751 | 8325 | 9090 | 9918 |
| 0934 | 1997 | 2784 | 3939 | 4464 | 5595 | 6854 | 7770 | 8366 | 9091 | 9940 |
| 0959 | 2012 | 2792 | 4032 | 4597 | 5617 | 6876 | 7816 | 8379 | 9111 | 9972 |
| 0988 | 2092 | 2821 | 4043 | 4646 | 5651 | 6973 | 7880 | 8481 | 9176 | 9987 |
| 1014 | 2113 | 2835 | 4064 | 4650 | 5958 | 6996 | 7892 | 8504 | 9199 | 9990 |
| 1059 | 2118 | 2868 | 4086 | 4765 | 6037 | 7189 | 7927 | 8508 | 9204 | 9994 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र दसरा भव्यतम सोडत — सोडत दिनांक 03.10.2025 — पहिले बक्षीस ₹ 1 करोड (₹ 50 लाखाची x 2 बक्षिसे) — 2 बक्षिसांपैकी किमान 1 बक्षिस हमीपात्र — जिंका फक्त 5 अंकावर — दुसरे बक्षिस ₹ 5 लाख (₹1 लाखाची 5 बक्षिसे) — तिकीटाची किंमत 200/-
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी सोम विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 29/09/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे — प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

# स्ट्रीक्स शाइन हेयर सीरम की ब्रांड एम्बेसेडर बनीं सारा अली खान

**नई दिल्ली.**




अखरोट के तेल और विटामिन ई से युक्त यह सीरम बालों को पोषण, नेचुरल शाइन और इंस्टेंट स्मूदनेस देता है। कैंपेन में रोज़मर्रा की सिचुएशंस जैसे हवा भरे टेरेस या भीड़-भाड़ वाले सफर दिखाए गए हैं, जहां अचानक बाल उलझ सकते हैं। ऐसे पलों में बस थोड़ी-सी मात्रा से ही बाल तुरंत शाइनी, स्मूद और कैमरा-रेडी हो जाते हैं। हाइजेनिक रिसर्च इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के प्रमुख ब्रांड स्ट्रीक्स ने बॉलीवुड की लोकप्रिय अभिनेत्री सारा अली खान को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। इसके साथ ही ब्रांड ने अपना नया टीवीसी कैंपेन फ्रिज गॉन, स्मूथ शाइन ऑन लॉन्च किया है, जिसमें सारा अपनी चुलबुली और आत्मविश्वासी पर्सनैलिटी के साथ दिखाती हैं कि कैसे स्ट्रीक्स शाइन हेयर सीरम कुछ ही सेकंड्स में बालों को स्मूद, चमकदार और फ्रिज़-फ्री बना देता है।अपनी जिंदादिल पर्सनालिटी, यूथफुल चार्म और सहज स्टाइल के साथ, सारा अली खान स्ट्रीक्स के उस विश्वास को वखूबी दर्शाती हैं कि हर महिला 'शाइन ऑन' कर सकती है- यानी आत्मविश्वास के साथ चमक सकती है। उनका नैचुरल एलीगेंस और रिलेटेबल अंदाज़ उन्हें स्ट्रीक्स शाइन हेयर सीरम का परफेक्ट फेस बनाते हैं। यह ब्रांड वालों को खूबसूरत सारा अली खान ने कहा,'मेरे लिए स्टाइल तभी मायने रखता है जब वह नैचुरल और रिलेटेबल हो। मुझे खुशी है कि मैं स्ट्रीक्स के साथ जुड़ रही हू, जो हर लड़की को आत्मविश्वास के साथ 'शाइन ऑन' करने के लिए प्रेरित करता है। स्ट्रीक्स शाइन हेयर सीरम मेरे लिए परफेक्ट है- यह आसान है, फास्ट है और बालों को तुरंत स्मूद और ग्लॉसी बना देता है। अखरोट के तेल और विटामिन ई से युक्त स्ट्रीक्स शाइन हेयर सीरम को अपने इंस्‌ टैंट शाइन, स्मूदनेस और फ्रिज-फ्री रेडिएंस के लिए जाना जाता है। यह हर दिन महिलाओं को खूबसूरत और आत्मविश्वासी महसूस करने में मदद करता है-चाहे वो कोई कैजुअल आउटिंग हो या ग्लैमरस अवसर।

१- श्रद्धा सबूरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लाँटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

< बीजेपी की मांग

# 'दशहरा रैली रद्द करें, पैसा बाढ़ पीड़ितों को दें'



**मुंबई.** महाराष्ट्र भाजपा इकाई के मुख्य प्रवक्ता केशव उपाध्ये ने सोमवार को मांग की कि शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे अपनी पार्टी की वार्षिक दशहरा रैली रद्द करें और इस पर होने वाला खर्च मराठवाड़ा में बाढ़ राहत के लिए इस्तेमाल करें। उपाध्ये ने आरोप लगाया कि जब ठाकरे राज्य के मुख्यमंत्री थे, तो वह 'काम करने में विफल रहे और घर पर ही बैठे रहे'।

उन्होंने कहा कि यह 'प्रायश्चित' करने का समय है। राज्य के कई हिस्से, जिनमें आमतौर पर सूखे से सबसे ज्यादा प्रभावित रहने वाला मराठा क्षेत्र भी शामिल है, भारी बारिश से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इसके कारण आई बाढ़ से व्यापक क्षति हुई है। दशहरा रैली आयोजित करना ठाकरे परिवार और शिवसेना के लिए एक पुरानी परंपरा रही है। इस साल भी वह 2 अक्टूबर को दशहरा के अवसर पर मुंबई के शिवाजी पार्क में रैली को संबोधित करने वाले हैं। उपाध्ये ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा,'मराठवाड़ा भयंकर बाढ़ से जूझ रहा है, लोग अपना सब कुछ खो चुके हैं।

(उद्धव) ठाकरे पहले ही पांच जिलों में तीन घंटे का दौरा कर चुके हैं और प्रभावितों के दर्द और पीड़ा पर अपनी चिंता व्यक्त कर चुके हैं। अब कार्रवाई का समय है। उन्हें दशहरा रैली रद्द कर देनी चाहिए और वह राशि बाढ़ पीड़ितों पर खर्च करनी चाहिए। इससे उनकी सहानुभूति को अभिव्यक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा,'अब, यह रैली उसी पटकथा को दोहराने तक ही सीमित हो गई है जिसमें दूसरों को गद्दार बताने और उनकी पार्टी को चुराने के आरोप लगाये जाते हैं। इस तरह की नाटकबाजी के लिए साधारण कार्यकर्ताओं पर लाखों रुपये का बोझ क्यों डाला जाना चाहिए, जबकि यही विलाप (शिवसेना यूबीटी का मुखपत्र) 'सामना' में रोजाना किया जाता है।' ठाकरे ने हाल में मराठवाड़ा के पांच जिलों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया, जहां उन्होंने प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उनकी शिकायतें सुनीं।

### 'यह प्रायश्चित करने का समय'

उन्होंने आगे कहा,'यह प्रायश्चित करने का समय है। रैली रद्द करना और धनराशि को भेज देना, लोगों के प्रति उनकी सच्ची चिंता को दर्शाएगा।' उपाध्ये ने ठाकरे की वार्षिक रैली में बोले जाने वाले विषयों की भी आलोचना की और कहा कि अतीत में शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे के कार्यकाल में यह आयोजन अपनी वैचारिक दशा-दिशा के लिए जाना जाता था।

# 'आई लव मोहम्मद' पर बवाल, पुलिस ने भांजी लाठियां



**अहिल्यानगर.** राज्य के अहिल्यानगर से बड़ी खबर सामने आई है। यहां भी 'आई लव मोहम्मद' को लेकर बवाल हुआ है। पुलिस के मुताबिक, कुछ अज्ञात लोगों ने आई लव मोहम्मद की एक रंगोली तैयार की। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इसे मोहम्मद पैगंबर का अपमान समझा और बड़ी संख्या में पुलिस स्टेशन के बाहर प्रदर्शन करने के लिए जमा हुए। पुलिस ने बताया, "घटना को संज्ञान में लेते हुए स्थिति को नियंत्रित करने के लिए जिन लोगों ने रंगोली बनाई, उनकी पहचान की गई और 2 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। एक आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है। भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को कुछ जगहों पर हल्के बल का प्रयोग करना पड़ा।" पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने कई जगहों पर लोगों को समझाया कि इस पूरे प्रकरण में पुलिस ने अपनी तरफ से कार्रवाई कर ली है। लेकिन उसके बावजूद भीड़ में मौजूद कुछ अराजक तत्वों ने हंगामा जारी रखा। पुलिस की मानें तो फिलहाल शहर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और किसी भी प्रकार की अफवाह पर भरोसा न करने को कहा गया है। पुलिस ने अब तक 30 लोगों को हिरासत में लिया है। भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस ने हल्के बल का प्रयोग किया है और शहर में पुलिस बंदोबस्त लगाया गया है। पुलिस की मानें तो अब स्थिति को नियंत्रण में कर लिया गया है और पुलिस की टीम अलग-अलग जगह पर तैनात कर दी गई है। प्राथमिक रूप से मिली जानकारी के मुताबिक, महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में आई लव मोहम्मद का नाम कुछ अज्ञात लोगों ने सड़क पर लिखा था। आरोप है कि ऐसा कर धार्मिक भावनाओं को आहत किया गया, जिससे नाराज सैकड़ों मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शहर की कोतवाली पुलिस स्टेशन के सामने आंदोलन किया। पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में है। पुलिस ने किसी प्रकार की अफवाहों पर भरोसा ना करने की अपील की है, एक आरोपी पुलिस हिरासत में है।

# बच्चे चिल्लाते 'दो दुनी चार'

**नंदुरबार.** जिले में बच्चों ने जंगली जानवरों से बचने के लिए आनोखा उपाय निकाला है. यहां बच्चों को स्कूल जाने के लिए कई किलोमीटर जंगलों में पैदल चलना पड़ता है. इसके चलते उन्हें तेंदुए और भालू के खतरे का सामना करना पड़ता है. इस समस्या का समाधान करने के लिए शिक्षकों ने पैदल पाठ नाम का एक तरीका निकाला है. इस तरीके में बच्चे समूह में ऊंची आवाज में पहाड़े, कविताएं और गीत गाते हुए स्कूल आते-जाते हैं. इससे उन्हें जंगली जानवरों के खतरे से निपटने में मदद मिलती है और साथ ही उनकी पढ़ाई में भी सुधार होती है. राज्य के नंदुरबार जिले के अक्कलकुवा और धडगांव तहसील के जंगलों में सुबह शाम- दो एकम दो- दो दूनी चार, कविताएं और गीत की आवाजें गूजती हैं. ये आवाजें उन आदिवासी बच्चों की हैं, जो तेंदुए-भालू के डर के बावजूद कई किमी पैदल चलकर स्कूल जाते हैं.

# गांधी के परपोते तुषार की पदयात्रा

**मुंबई.** महात्मा गांधी के परपोते तुषार गांधी नफरत की राजनीति के खिलाफ आज से एक पैदल मार्च निकालने वाले हैं. यह मार्च 29 सितंबर को नागपुर से शुरू होगा. इसके साथ ही इसका समापन 2 अक्टूबर को वर्धा के सेवाग्राम आश्रम में किया जाएगा. इस यात्रा के पीछे की वजह संविधान और एकता के संदेश को मजबूत करना है, जिससे महात्मा गांधी के आदर्शों को जीवित रखा जा सके. तुषार गांधी अपने इस पैदल मार्च की शुरुआत करने वाले हैं. इस मार्च में कई दिग्गजों के शामिल होने की खबर भी है. शुरुआती जानकारी के मुताबिक इसमें महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष भी शामिल होंगे. उनके साथ-साथ कई और नेता भी मार्च में शिरकत करेंगे.

# राज्य में बारिश का कहर



**मुंबई.** राज्य के कई जिलों में लगातार भारी बारिश हो रही है। इसके चलते मुंबई और आस-पास के जिले ठाणे, रायगढ़, पालघर और रत्नागिरी में बड़े पैमाने पर जलजमाव हो गया है। सबसे बुरा हाल मराठवाड़ा क्षेत्र का है। यहां बारिश के कारण पिछले 24 घंटों में दो लोगों की मौत हो चुकी है। इस दौरान करीब 11,500 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। सरकार की ओर से राहत बचाव कार्य जारी है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए राज्य प्रशासन को 30 सितंबर तक हाई अलर्ट पर रखा गया है। 20 सितंबर से लगातार हो रही बारिश के कारण मराठवाड़ा क्षेत्र बाढ़ की चपेट में है, जिससे हजारों हेक्टेयर जमीन पर फसलों, घरों और सड़कों को भारी नुकसान पहुंचा है। कई गांवों का संपर्क टूट गया है और निचली सड़कें और पुल डूब गए हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आज के लिए भी भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने सोमवार को भी भारी बारिश की संभावना जताई है। कई जिलों में अधिकारी माइक के जरिए लोगों को बाढ़ की चेतावनी दे रहे हैं। लोगों से सुरक्षति स्थानों पर जाने की अपील की जा रही है। अधिकारियों ने सेना के साथ एनडीआरएफ की टीमों को अलर्ट रखा है। महाराष्ट्र सरकार ने जिला प्रशासन को जिलों में 24 घंटे नियंत्रण कक्ष चालू रखने का आदेश दिया है। साथ ही, शहरी और निचले इलाकों में पानी उठाने वाले पंप तैनात करने को कहा गया है। अधिकारियों ने बताया कि मुंबई के निकट ठाणे और पालघर जिलों में पिछले 24 घंटों में भारी बारिश हुई, जिससे कुछ मकान ढह गए और कई इलाके जलमग्न हो गए, जबकि बांधों में पानी भर गया। वहीं, नासिक में भारी बारिश के कारण गोदावरी नदी खतरे के निशान के करीब पहुंच गई है। मुंबई और पालघर सहित कई जिलों में आज यानी सोमवार को स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि स्कूलों को दोबारा खोलने का निर्णय मौसम की स्थिति के आधार पर लिया जाएगा।

# मेट्रो स्टेशन पर लिखी हिंदी मिटाई

**मुंबई.** राज्य में एक बार फिर से भाषा का विवाद छिड़ गया है. मुंबई में मनसे यानी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना कार्यकर्ताओं की तरफ से विरोध जताया गया.ये विरोध मेट्रो स्टेशन पर सिर्फ हिंदी में विज्ञापन को लेकर जताया गया. अंधेरी मेट्रो स्टेशन पर मनसे कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और मेट्रो स्टेशन के नाम पर कालिख पोत दी. ये भाषाई विवाद पिछले कुछ समय से किसी न किसी बात को लेकर चर्चा में रहा है. अब मेट्रो स्टेशन में लिखी हुई हिंदी को लेकर विरोध किया जा रहा है. जुलाई के महीने में मुंबई के मीरा रोड में एक 48 साल के मिठाई दुकानदार पर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) से जुड़े लोगों ने मराठी न बोलने के कारण उसपर हमला कर दिया. जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी और उनमें से तीन को नोटिस जारी किया गया था. मुंबई पुलिस ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कई कार्यकर्ताओं इस लिए भी हिरासत में लिया था क्योंकि सैकड़ों लोग मराठी 'अस्मिता' (गौरव) की रक्षा के लिए एक विरोध मार्च में भाग लेने के लिए जुटे थे. एमएनएस कार्यकर्ताओं ने ये विरोध मार्च उस समय निकाला था जब उनकी तरफ से एक दुकानदार पर हमला किया गया था. दुकानदार ने मराठी भाषा बोलने से इंकार कर दिया था.

## आज का राशिफल

**मेष** - आज का दिन रिश्तों, करियर में उन्नति और वित्तीय योजना पर ध्यान केंद्रित करते हुए एनर्जी प्रदान करता है। फ्यूचर के लक्ष्यों की स्ट्रैटजी बनाने के लिए अच्छा समय है।

**वृषभ** - आज सेहत का ध्यान रखें। आपको अपने विचारों को अपनाने और इसे जीवन के सभी पहलुओं पर लागू करने के लिए मोटिवेट किया जाता है।

**मिथुन** - आज के दिन अपनी पर्सनल लाइफ में आप अपने पार्टनर के साथ अधिक पर्सनल कनेक्शन विकसित कर सकते हैं। यह पर्सनल जरूरतों पर फोकस करने का समय है।

**कर्क**- आज आपके करियर की गति धीमी नहीं होनी चाहिए। इन्स्पेक्ट करें कि क्या आपका वर्तमान काम आपके लॉंग टर्म लक्ष्यों को पूरा करता है।

**सिंह** - आज का दिन अपने जरूरी प्लांस बनाने के लिए शुभ है। अपने बॉस के सामने अपनी कमिटमेंट, काम का तरीका और प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल को दिखाने का इससे बेहतर समय क्या हो सकता है?

**कन्या** - आज का दिन आपके सामाजिक जीवन में नई रुचि लाएगा। आपकी विभिन्न संस्कृति के लोगों से जुडने की क्षमता नए अवसर या पार्टनरशिप के लिए एक खुला द्वार है।

**तुला** - आज हो सकता है कि आप अचानक खुद को उत्सुकता के साथ असाइनमेंट पर काम करते हुए पाएं। आर्थिक लाभ के अवसर भी मिलेंगे।

**वृश्चिक** - आज नेटवर्क बनाएं, अपनी स्किल्स का उदाहरण दें और प्रोजेक्ट्स पर पहल करने से न डरें। अपने पार्टनर के साथ सम्मान और संयम से व्यवहार करें।

**धनु** - आज के दिन डिटेल्स पर काम करने और चीजों को मैनेज करने में बिजी रहेंगे। किसी सम्मेलन, वेबिनार या यहां तक कि व्यावसायिक यात्रा के लिए प्रयास करें।

**मकर** - आज आप स्किल्स को बढ़ाने या नए मार्केट के बारे में अधिक जानने पर विचार करने के लिए उत्सुक हो सकते हैं। आज का मुख्य जोर आपके पर्सनल फाइनेंस के बढ़ते पक्ष पर है.

**कुंभ** - आज का दिन पर्सनल ग्रोथ और विस्तार की संभावनाओं से भरा है। विचारों को विकसित करने के लिए अपने सहकर्मियों के साथ बात करने और काम करने की अपनी क्षमता दिखाने का यह सही अवसर है।

**मीन** - आज के दिन फ्रेश एनर्जी के साथ अपने करियर की ओर बढ़ें। आपकी बिजनेस शुरू करने की भावना काफी बढ़ जाएगी।

# पश्चिम एक्सप्रेस के डिब्बे दो बार हुए अलग

**मुंबई.** महाराष्ट्र और गुजरात में रविवार को एक घंटे के भीतर बांद्रा टर्मिनल से अमृतसर की ओर जाने वाली पश्चिम एक्सप्रेस के डिब्बों के अलग होने की घटनाएं सामने आई हैं। इस घटना की वजह से यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। पश्चिमी रेलवे के प्रवक्ता के मुताबिक इस घटना में किसी भी यात्री के घायल होने या कोई चोट लगने की खबर नहीं है और न ही ट्रेन के संचालन पर कोई ज्यादा असर हुआ है। अधिकारियों के मुताबिक पहली घटना दोपहर करीब 1:19 पर वनगांव और दहानू स्टेशनों के बीच में हुई और दूसरी घटना दोपहर करीब 2:10 बजे गुजरात के संजन स्टेशन पर हुई। शुरुआत में वनगांव के पास अलग हुए डिब्बों को फिर से जोड़ने के लिए ट्रेन को लगभग 25 मिनट तक रोका गया, उसके बाद इसे यहां से रवाना कर दिया गया। लेकिन गुजरात के संजन स्टेशन के पास ट्रेन का डिब्बा फिर से अलग हो गया। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद वलसाड से कैरिज एंड वैगन कर्मचारियों को मौके पर सहायता के लिए भेजा गया।

**PUBLIC NOTICE**

Pro. No. 6785 Dt. 22/09/25

IN THE COURT OF 3rd JOINT CIVIL JUDGE JUNIOR DIVISION, NAGPUR. Room No. 516

M.J.C. Case No. 951/2025

Fixed For 30/10/2025

Applicant : 1) Rajani Vijaykumar Palghane, 2) Hemlata Sadashivrao Ingle, 3) Shri Sagar Sadashivrao Ingle, 4) Minakshi Sadashivrao Ingle, 5) Sunayana Sachin Khade. --Versus--

Non-Applicants:Nil

Name of Deceased : 1) Sadashiv Yashvantrao Ingle, Died On: 30/08/2012, 2) Suman Sadashivrao Ingle, Died On: 20/05/2020, Both R/o Near Fire Engineering College 16, Prerna Nagar, Near Friends Colony, Katol Road, Nagpur-440013

Whereas 1) Sadashiv Yashvantrao Ingle, Died On: 30/08/2012, 2) Suman Sadashivrao Ingle, Died On: 20/05/2020, Both R/o Near Fire Engineering College 16, Prerna Nagar, Near Friends Colony, Katol Road, Nagpur-440013 and Whereas Rajani Vijaykumar Palghane & Oth. has presented an application to this Court for grant of Legal Heir Certificate Under the Bombay Regulation Act 1827.

This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants Rajani Vijaykumar Palghane & Oth. as Legal Heir of the deceased to appear in the Court of 3rd Joint Civil Judge Junior Division, Nagpur on 30th Day of October, 2025 at 10.30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of Legal Heir of the said deceased.

Given under my hand and the seal of the court, that 22nd day of Sept., 2025.

Seal — By order of the Court, Asstt. Supdt. (T.W.), Civil Judge Sr. Dn. Nagpur.

Prasanna Publicity 09326927622

**महाराष्ट्र शासन महसुल व वनविभाग**
**कोर्ट विद्यमान तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर शहर, यांचे कार्यालय.**

(जुने पोलीस अधिक्षक कार्यालय (शहर) नागपूर पिन कोड- ४४०००१) तालुका- नागपूर शहर, जिल्हा नागपूर.
Email ID: tahsildarngpcity@gamil.com दुरध्वनी क्र.०७१२-२५६११७५
क.स.म.अ./तह. नाग (शहर)/कावि १३९५/२०२५
दिनांक २३/०९/२०२५

वाचा : १) सार्वजनिक आरोग्य विभाग यांचे शासन निर्णय दिनांक १२ मार्च २०२५ नुसार, २) मा.उप सचिव, महसूल व वन विभाग, मंत्रालय, मुंबई यांचे कडील पत्र क्र. ०३/ई-१ अ.दि. १७/०३/२०२५, ३) मा. जिल्हाधिकारी, नागपूर यांचे कडील पत्र क्र. अका/डी-१/जन्म-मृत्यू आदेश/ कावि- १०४/२०२५ दिनांक १७/०३/२०२५, ४) सैय्यद लियाकत अली, रा. यासीन प्लॉट नं. ११८, ताजाबाद, नागपूर यांचा अर्ज दिनांक १९/०८/२०२५.

**जाहीरनामा**

ज्याअर्थी अर्जदार **सैय्यद लियाकत अली,** रा. यासीन प्लॉट नं. ११८, ताजाबाद, नागपूर यांनी त्यांच्या मुलाच्या जन्माची नोंद महानगर पालिका दप्तरी घेणेकरिता निर्देशित करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदर्हू **सैय्यद इमरान अली** यांचा **जन्म** दिनांक ०६/०८/१९८४ रोजी त्यांच्या राहते घरी ताजबाग, नागपूर येथे झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदरहू अर्जदार यांना त्यांचे **जन्माचे** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्याची नोंद घेणेकामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) उपरोक्त वाचा क्र. १ आणि २ व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते की, सदर व्यक्तीचा **जन्म** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृह चौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) यांचे न्यायालयात स्वतः जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनामाच्या दिनांकापासून पंधरा दिवसाच्या आत सादर करावे.

उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/ उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **जन्म** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहीत धरून प्रस्तावित **जन्म** नोंदीबाबचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.

शिक्का — तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी, नागपूर शहर करीता

Prasanna Publicity 09326927622

**महाराष्ट्र शासन महसुल व वनविभाग**
**कोर्ट विद्यमान तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर शहर, यांचे कार्यालय.**

(जुने पोलीस अधिक्षक कार्यालय (शहर) नागपूर पिन कोड- ४४०००१) तालुका- नागपूर शहर, जिल्हा नागपूर.
Email ID: tahsildarngpcity@gamil.com दुरध्वनी क्र.०७१२-२५६११७५
क.स.म.अ./तह. नाग (शहर)/कावि १३९४/२०२५
दिनांक २३/०९/२०२५

वाचा : १) सार्वजनिक आरोग्य विभाग यांचे शासन निर्णय दिनांक १२ मार्च २०२५ नुसार, २) मा.उप सचिव, महसूल व वन विभाग, मंत्रालय, मुंबई यांचे कडील पत्र क्र. ०३/ई-१ अ.दि. १७/०३/२०२५, ३) मा. जिल्हाधिकारी, नागपूर यांचे कडील पत्र क्र. अका/डी-१/जन्म-मृत्यू आदेश/ कावि- १०४/२०२५ दिनांक १७/०३/२०२५, ४) सैय्यद लियाकत अली, रा. यासीन प्लॉट नं. ११८, ताजाबाद, नागपूर यांचा अर्ज दिनांक १९/०८/२०२५.

**जाहीरनामा**

ज्याअर्थी अर्जदार **सैय्यद लियाकत अली,** रा. यासीन प्लॉट नं. ११८, ताजाबाद, नागपूर यांनी त्यांच्या मुलीच्या जन्माची नोंद महानगर पालिका दप्तरी घेणेकरिता निर्देशित करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदर्हू **सबा सुलताना** हिचा **जन्म** दिनांक ०१/०७/१९८९ रोजी त्यांच्या राहते घरी ताजबाग, नागपूर येथे झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदरहू अर्जदार यांना त्यांचे **जन्माचे** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्याची नोंद घेणेकामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) उपरोक्त वाचा क्र. १ आणि २ व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते की, सदर व्यक्तीचा **जन्म** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृह चौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) यांचे न्यायालयात स्वतः जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनामाच्या दिनांकापासून पंधरा दिवसाच्या आत सादर करावे.

उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/ उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **जन्म** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहीत धरून प्रस्तावित **जन्म** नोंदीबाबचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.

शिक्का — तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी, नागपूर शहर करीता

Prasanna Publicity 09326927622

**महसुल व वनविभाग**
**कोर्ट विद्यमान तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर शहर, यांचे कार्यालय.**

(आकाशवाणी चौक, सिव्हील लाईन, नागपूर पिन कोड- ४४०००१) तालुका- नागपूर शहर, जिल्हा नागपूर.
Email ID: tahsildarngpcity@gamil.com दुरध्वनी क्र.०७१२-२५६११७५
क.ली./प्रस्तु- २/तह. नाग (शहर)/कावि ५९२/२०२५
दिनांक ११/०९/२०२५

वाचा : १) सार्वजनिक आरोग्य विभाग यांचे शासन निर्णय दिनांक १२ मार्च २०२५ नुसार, २) मा.उप सचिव, महसूल व वन विभाग, मंत्रालय, मुंबई यांचे कडील पत्र क्र. ०३/ई-१ अ.दि. १७/०३/२०२५, ३) मा. जिल्हाधिकारी, नागपूर यांचे कडील पत्र क्र. अका/डी-१/जन्म-मृत्यू आदेश/ कावि- १०४/२०२५ दिनांक १७/०३/२०२५, ४) **शबाना अंजुम मोहम्मद इलयास,** रा. खापेकर वाडा टिमकी पोलीस चौकी मोमीनपुरा, नागपूर यांचा अर्ज दिनांक २९/०८/२०२५.

**जाहीरनामा**

ज्याअर्थी अर्जदार **शबाना अंजुम मोहम्मद इलयास,** रा. खापेकर वाडा टिमकी पोलीस चौकी मोमीनपुरा, नागपूर यांनी स्वतःच्या जन्माची नोंद महानगर पालिका दप्तरी घेणेकरिता निर्देशित करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदर्हू **शबाना अंजुम मोहम्मद इलयास** यांचा **जन्म दिनांक २४/०२/१९७५** रोजी अन्सार नगर, मोमीनपुरा, नागपूर राहत्या घरी झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदरहू अर्जदार यांना त्यांचे **जन्माचे** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्याची नोंद घेणेकामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) उपरोक्त वाचा क्र. १ आणि २ व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते की, सदर व्यक्तीचा **जन्म** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृह चौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी नागपूर (शहर) यांचे न्यायालयात स्वतः जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनामाच्या दिनांकापासून पंधरा दिवसाच्या आत सादर करावे.

उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/ उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **जन्म** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहीत धरून प्रस्तावित **जन्म** नोंदीबाबतचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.

शिक्का — तहसिलदार तथा तालुका दंडाधिकारी, नागपूर शहर करीता

Prasanna Publicity 09326927622

24 Star Pride Club
INNOVATIVE BUSINESS MEMBERSHIP
Monthly Networking opportunity
Our Offerings
• Free Live Business Interview on BCN News Channel (10–15 Minutes)
• Free 180 sq. cm Newspaper Ad Design
• Gift Vouchers Worth ₹60,000 & Discounts Worth Lakhs
• Exclusive Offers at 100+ Outlets Across Nagpur
• 12 Monthly Business Lunch Meetings
• Official Business Member Tag
• Access to a 2500+ Customer Database
• Connect with 100+ Businesses for Growth & Collaboration
• 45-Second Business Introduction Slot at Every Meet
• Expert Training Sessions Monthly
• ₹1 Lakh Accidental Insurance Coverage
• 3 Coordinators with Business Presentation Opportunities
JOIN NOW
Scan And Fill The Registration Form
Registration Link
https://registration.24starpride.club/
Contact: +91 8788895854
www.24starpride.club.com
DR.RICHA JAIN — PRESIDENT
IMRAN SHEIKH — SECRETARY
36,Gandhi Grain market, telephone exchange square near mascot hondashowroom, Nagpur - 440008

## मेट्रो CLASSIFIED बिजनेस

MSBVE / MSBTE महाराष्ट्र शासन मान्य
AYUSHMAN COLLEGE & HOSPITAL, KAMPTEE, NAGPUR (MS.)
आयुष्मान मेडिकल पॅरामेडिकल कॉलेज
सईद नगर, बालाजी मंदिर के सामने, कलमना रोड, रनाला, कामठी
महाराष्ट्र हमारे कोर्स
BSc MLT, BVOC MLT, PGDMLT / ADMLT (MSBTE) ADXR (MSBTE), DMLT, DDT, DNYS, DAT, GNMA, CCOT, Health Sanitary Inspector, Radiology Technician
इंटर्नशिप आपको सरकारी हॉस्पिटल मे मिलेगी
ADMISSION OPEN 2025-26
8651512020, 8651513030

DR. NANDI PATH LAB
Committed to your Wellness
OUR SERVICES: • BLOOD TESTS • BIOCHEMISTRY • HEMATOLOGY • MICROBIOLOGY • SEROLOGY & MORE
DR. GAURAV NANDI MBBS, MD (Patho)
Ex. ASSTT PROFESSOR SMCW, PUNE
Mobile No.: 8767516249 | 7420869774
Near Nutan Saraswati School, Main Road, Kamptee, Nagpur

श्री सतगुरु ट्रैवल्स
• 1 ऑगस्ट अयोध्या काशी
• १४ ऑगस्ट आग्रा मथुरा वृंदावन
• ७ सप्टेंबर केदारनाथ चारधाम यात्र
• २७ ऑक्टोंबर केरळ कन्याकुमारी
• २८ ऑक्टोंबर गुजरात राजस्थान
• १६ नोव्हेंबर आणि १० डिसेंबर अंदमान
• ३ जानेवारी गंगासागर नेपाळ
संपर्क आशीष लक्ष्मीनारायण कावळे
7498753939, 93095 96390
8698495200, 9823454945

अल्का लाडे प्रस्तुत "ज़िंदगी का सफर"
Organizar संकल्प बहुद्देशीय संस्था
सुहाना म्यूज़िकल ग्रुप
(लाइव ऑर्केस्ट्रा पर सुमधुर गीतों की प्रस्तुति)
Alka Lade बॉलिवुड गायिका
Contact For Participate 9373108897, 7798900066, 9579254999
Per Song 1500
दि. 10 अगस्त 2025 दोप. 3 बजे से रात 9.30 बजे तक
अमृत भवन, झांसी रानी चौक, सिताबर्डी, नागपुर

धनवटे ऑनलाइन सर्विसेस
7/12 डिजिटल, ई-अभिलेख, 8 अ डिजिटल, ई- मोजनी, प्रॉपर्टी कार्ड, अधिकार क्षेत्र, झोन सर्टिफिकेट, वर्ग 2 ते वर्ग 1 अर्ज, अखिव पत्रिका, 7/12 फेरफार साठी अर्ज, फेरफार अर्ज,
राजेश धनवटे
9561498551
उपजिला रुग्णालय रोड, हैदरी चौक कामठी

VATSALYA Preschool
"Little Minds, Big Adventures"
Nurturing Young Minds with Heart and Purpose
Pre-Nursery, Nursery, KG1, KG2
Enquire now
More Information 9834172396
Address : Near Ashapurak Ganesh Mandir Ground, Professor Colony, Ranala, Kamptee

NISHCHAY TRAVELS
All types of AC & Non-AC Vehicles Available
Buses 30, 40 & 50 Seater Available
Plot No. 35, House No. 40, Kamptee Road, Shri Hari Nagri Near Ram Vatika, Bhilgaon, Nagpur-441002
: Contact :
Avinash Zanzote 9850340105, 7972365539
Vilas Zanzote 9372211220, 9112274567

प्रवेश सुरू... प्रवेश सुरू... प्रवेश सुरू...
नवयुग एज्युकेशन आणि बहुउद्देशीय संस्था कन्हान द्वारा संचालित
:: ADMISSION OPEN FOR 2024-2025 ::
मारोतराव पानतावणे ज्यु. कॉलेज
(११ व १२ वी कला, वाणिज्य, विज्ञान)
मारोतराव पानतावणे महाविद्यालय
(राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपूर विद्यापीठ नागपूर द्वारा संलग्नित)
B.A., B.Com, B.Sc.कला, वाणिज्य, विज्ञान
संपर्क : मारोतराव पानतावणे महाविद्यालय, गहुहिवरा रोड, कांद्री-कन्हान
07102-236484, 9373120336, 9834985854, 8766643359

2025 ADMISSION OPEN
FOR I.T.I. ELECTRICIAN & FITTER
Eligibility 10th Pass
FREE ADMISSION FOR GIRLS
Maharashtra Govt. SCHOLARSHIP UPTO 100% for SC/ST/OBC/EWS boys & girls
CONTACT US
RABBANI ITI
Near Samaj Bhawan, Imli Bag, Kamptee 441001 Dist. Nagpur (M.S.)
9021132527, 7721877941, 9021194901

तुळजाभवानी ट्रेडर्स
कलमना रोड, महालक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, रनाला चौक, कामठी
हमारे यहां गिट्टी, ईटा, राखड, मुरूम आदि का सप्लाई किया जाता है।
ठोक व चिल्लर विक्रेता
JCP Work 24 हमारे यहां उपलब्ध है
M. : 7987262970 | 9175172712

प्लस प्वाइंट ट्युशन क्लासेस
10, 11, 12 वीं की सभी विषयों की अनुभवी शिक्षकों द्वारा ट्युश्न क्लासेस ली जाती है।
प्रोप्रा. मो. सलमान शेख
मोटर स्टैंड मस्जिद के पास, कामठी
तारसा रोड, कन्हान

ADMISSION OPEN
RKS PUBLIC SCHOOL
NURSERY to Std. IX
OUR FACILITY
Computer Lab • Cricket
Karate Class • Swimming Pool
Skating Class • Basket Ball
M. 8087955831 8956785080
Jaripatka Police Station Road, Nara, Nagpur

ZOREN PROPERTY DEALERS
हमारे यहाँ खेती, फ्लॅट, डुप्लेक्स, घर, बंगलो, फार्म हाऊस, रिसॉर्ट खरेदी और बेचा जाता है
अफसर खान
M. 9371381114, 7038696893
सभी प्रकार के प्रॉपर्टी पेपर का काम किया जाता है

3 STAR HOTEL
LODGING, BOARDING & RESTAURANT
AC / Non AC Room
8983305535, 8055705535
पता: घोरपड बस्ती, लिहीगांव रोड, कामठी

VIDEO GAMES SHOP
Convert VHS to Pendrive, Harddiskh
VHS को पेंनड्राइव में डालते है.
कोई भी पुरानी Video Cassette Recorder (VRC) शादी एंवम कोई भी पुरानी (VHS) कार्यक्रम की Video Cassette (VHS), VCD, CD, DVD, को Pendrive या Harddisk में Convert किया जाता है.
All Video Game for Sell & Repair Services also available
Only Place for Harddisk Loading
All type of USB & Electrical Accessories
All type of video game are available
Repair your Video Games, PS 2, 3, 4 & X Box
Order for Digital Video, Photo Album
DHAMTI VIDEO FILMS
9423771189, 9595399588
FOR SALE
Plot Size 500 sqft. Construction 1000 sqft. RANALA, KAMPTEE

**पाठकगणों को विनम्र सूचना :** दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।

विज्ञान हेतु संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक मोबाइल नं. 9604758944, 9881272088

## सुविचार

सपनों को पूरा करने के लिए पहली सीढ़ी है,
अपने आप पर विश्वास करना.

## संपादकीय

# मांस-मछली के साथ दुर्गा पूजा कैसे पूरी होती है?



❑ नवरात्रि और दुर्गा पूजा का नाम आते ही सबसे पहले मन में उपवास, सात्विक भोजन और व्रत-भक्ति की छवि बनती है. उत्तर भारत में जहां नवरात्रि पर लोग मांस, मदिरा, प्याज-लहसुन जैसी चीजों से परहेज करते हैं, वहीं बंगाल में स्थिति कुछ अलग होती है. यहां दुर्गा पूजा के दौरान मांस-मछली और भोग के विशेष पकवान परंपरा का अहम हिस्सा हैं. यही कारण है कि कई लोग अक्सर यह सवाल करते हैं कि आखिर मां दुर्गा की पूजा में मांसाहार कैसे शामिल हो सकता है? आइए जानते हैं इस अनोखी परंपरा के पीछे की मान्यताएं और धार्मिक महत्व. बंगाली समुदाय में देवी दुर्गा को केवल एक देवी के रूप में ही नहीं, बल्कि बंगाल की बेटी के रूप में भी देखा जाता है. यह माना जाता है कि शारदीय नवरात्रि (दुर्गा पूजा) के दौरान देवी दुर्गा अपने बच्चों के साथ मायके यानी अपने घर आती हैं. जैसे किसी बेटी के घर आने पर परिवार उसकी पसंद का हर पकवान बनाता है, वैसे ही बंगाली लोग देवी मां को अपने परिवार का सदस्य मानकर उनकी खुशी में पारंपरिक बंगाली व्यंजन बनाते हैं. इन व्यंजनों में मछली, मटन (बकरे का मांस), और अन्य पारंपरिक पकवान शामिल होते हैं, क्योंकि ये बंगाली संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं. यह उत्सव एक धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ एक भव्य पारिवारिक पुनर्मिलन भी बन जाता है.

बंगाल में देवी दुर्गा की पूजा मुख्य रूप से शाक्त संप्रदाय की परंपराओं से जुड़ी हुई है. शाक्त परंपरा में देवी की आराधना में बलि और कुछ स्थानों पर मांसाहार का विशेष महत्व होता है. कई जगहों पर मां दुर्गा को मांस या मछली का भोग भी लगाया जाता है. यह भोग अक्सर बिना प्याज और लहसुन के विशेष तरीके से तैयार किया जाता है, जिसे 'निरामिश मंगशो' (निरामिश मटन) कहा जाता है. यह भोग बाद में प्रसाद के रूप में भक्तों के बीच बांटा जाता है. यह प्रथा दर्शाती है कि उनके लिए यह भोजन केवल स्वाद नहीं, बल्कि आस्था और परंपरा का एक हिस्सा है.

**मछली:** शुभता और समृद्धि का प्रतीक: बंगाल में मछली सिर्फ एक भोजन नहीं है, बल्कि समृद्धि, उर्वरता और खुशहाली का प्रतीक मानी जाती है. कई बंगाली शुभ अवसरों पर मछली के व्यंजन बनाना अनिवार्य मानते हैं. यहां तक कि विजया दशमी के प्रभात में मंगल घट के सामने एक जोड़ी विशेष मछली रखना भी शुभ माना जाता है. इस तरह, दुर्गा पूजा के दौरान मछली का सेवन शुभता का प्रतीक माना जाता है, न कि व्रत तोड़ने का कार्य.

## आस्था

# कन्यापूजन में कन्याओं को भोजन कराना शुभ होता है?



❑ कन्यापूजन नवरात्रि के आठवें दिन (अष्टमी) को विशेष रूप से किया जाता है. नौ दिन तक शक्ति की आराधना करने के बाद मां दुर्गा के नौ रूपों में से कन्या स्वरूप का पूजन किया जाता है. माना जाता है कि इस दिन कन्याओं की सेवा करने से घर में सुख, समृद्धि और शांति आती है. साल 2025 में शारदीय नवरात्रि की शुरुआत 22 सितंबर से हो चुकी है. साल 2025 में शारदीय नवरात्रि में अष्टमी तिथि 30 सितंबर, मंगलवार के दिन पड़ रही है. इस दिन कन्यापूजन किया जाता है और मां दुर्गा को हलवा, पूड़ी का भोग लगाया जाता है. कन्यापूजन में छोटी कन्याओं को आमंत्रित किया जाता है. कन्या पूजन करना नवरात्रि के व्रत के बाद जरूरी होता है, ऐसा करने से मां दुर्गा की कृपा प्राप्त होती है. पूजा से जीवन में धन, स्वास्थ्य और वैवाहिक सुख की प्राप्ति होती है.

**कन्यापूजन की विधिः** इस दिन सुबह स्नान के बाद साफ और स्वच्छ कपड़े पहनें. पूजा स्थल की साफ करें और माता की मूर्ति के सामने दीपक जलाएं. माता को फूल अर्पित करें, माता की आरती करें.

## वास्तुशास्त्र

# दशहरे की राख से करें ये काम नहीं होगी आर्थिक तंगी



❑ बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा इस साल 2 अक्टूबर को मनाया जाएगा. यह पर्व सिर्फ रावण दहन का ही नहीं, बल्कि जीवन की नकारात्मकताओं को जलाने का भी प्रतीक है. ज्योतिष और लोक मान्यताओं के अनुसार, रावण दहन के बाद बची हुई राख और लकड़ी बहुत ही चमत्कारी मानी जाती है. कहा जाता है कि इन चीजों को सही तरीके से इस्तेमाल करने पर घर की आर्थिक तंगी दूर हो सकती है, नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है और बुरी नजर का प्रभाव भी खत्म हो जाता है.अगर आप भी पैसों की कमी या लगातार आती मुश्किलों से परेशान हैं, तो दशहरे के दिन रावण दहन की राख और लकड़ी से जुड़े ये अचूक उपाय आपके लिए वरदान साबित हो सकते हैं. अगर आपको लगता है कि आपके घर में हमेशा कलह रहती है, बनते काम बिगड़ जाते हैं या घर में नकारात्मकता का माहौल है, तो रावण दहन की राख का यह उपाय तुरंत लाभ देगा.अगर आपके जीवन में लंबे समय से आर्थिक तंगी चल रही है, पैसा टिक नहीं रहा है या आय के स्रोत सीमित हो गए हैं, तो रावण दहन की लकड़ी का यह टोटका अत्यंत शुभ माना जाता है. रावण दहन के बाद जलने से बची हुई लकड़ियों के छोटे टुकड़ों को उठा लाएं. ध्यान रखें कि ये लकड़ी पूरी तरह से बुझी हुई हो. इन लकड़ियों को शुद्ध कर के अपनी तिजोरी, कैश बॉक्स या धन रखने के स्थान पर रख दें. ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, ऐसा करना बहुत ही शुभ होता है. यह उपाय घर में धन आगमन के नए रास्ते खोलता है और धन को घर में स्थिरता प्रदान करता है. इससे धीरे-धीरे आर्थिक तंगी दूर होने लगती है.

# 'पालतू जानवर और इंसान'

शमीम अफसर, नागपुर





जानवर और इंसान का तअल्लुक़ उतना ही पुराना है जितना कि इंसानी इतिहास। डार्विन ने तो नस्ल-ए इन्सानी के इरतेक़ा को बन्दर से ही जोड़ दिया था। लेकिन क़ुरआन ने बनी नोह-ए -इंसा का तअल्लुक़ दुनिया के पहले इंसान हज़रत आदम अलैह अस्सलाम से जोड़ कर उसे अशरफ़-उल -मख़लूक़ात, का दर्जा दिया। दुनिया का हर आदमी बिला-इम्तियाज़-ए -रंग व नस्ल, इसी मुनासिबत से 'आदमी' कहलाता है कि उस का तअल्लुक़ हज़रत आदम अलैह अस्सलाम से है जिन्हें ख़ालिक़-ए- काएनात ने अर्श पर मिट्टी से बेहतरीन शक्ल में पैदा किया और उनकी पसली से तमाम इंसानियत की मां हज़रत हव्वा की तख़लीख़ की। लेकिन हज़रत आदम अलैह अस्सलाम अपनी ही ख़ता के कारण जन्नत से निकाले गए और अब उनकी औलाद क़यामत तक ज़मीन पर रहने के लिए मजबूर है। अल्लाह तआला ने इंसान को अक़्ल-ए-सलीम अता की और जानवर को इस से वंचित रखा यही वजह है कि इंसान सभ्यता में तरक्क़ी की मंज़िलें तय करते हुए हैरतअंगेज बुलंदियों पर पहुंच गया लेकिन पशु जहां था आज भी वहीं है। लेकिन क़ाबिल-ए-ग़ौर बात ये है कि जानवर हर दौर में इंसान का साथी बना रहा।

इर्शाद- रब्बानी है कि वक़्त के जालिम बादशाह दक़ियानूस के ज़ुलम से बचने के लिए असहाब-ए- कहफ ने एक गुफा में शरन ली तो उनके साथ क़तमीर नामी उनका कुत्ता भी था जिसका तज़किरा क़ुरान के सुरा कहफ में मौजूद है। ये लोग अल्लाह के हुक्म से 300 बरस से ज़्यादा मुद्दत तक उस ग़ार में सोए रहे और जब जागे तो सब कुछ बदल चुका था। सभ्यता की दौड़ में कुत्ता भी असहाब-ए-कहफ कहफ के साथ जुड़ा रहा इंतहा ये है कि अब कुत्ता इंसान का सबसे ज्यादा वफादार दोस्त समझा जाता है। चुनांचे हम देखते हैं कि इंसान अपने हमजिंसों से ज़्यादा कुत्तों का दिलदादा बन गया है। कारों, बसों, मोटरसाइकिलों, दुकानों, मकानों, गलियों, हर जगह क़िस्म क़िस्म के कुत्ते घूमते हुए नज़र आते हैं। विशेष तौर पर वतनी भाइयों के बेडरूमस, किचन और ड्राइंग रूम भी महफ़ूज़ नहीं रहे। अगर आप मॉर्निंग वाक के शौकीन हैं तो बड़े शहरों में सुबह सुबह कुत्तों को अपने मालिकों के साथ मार्निंग वाक करते हुए देख सकते हैं। और साथ ही साफ सुथरी सड़कों पर उनके कुत्तों की फैलाई हुइ गंदगी भी! कुत्तों के असभ्य शौक़ीन बड़े इत्मीनान से पट्टा पकड़े हुए अपने आला नस्ल के विदेशी कुत्तों को हवाइज-ए-ज़रूरी से फारिग़ कराते हुए फख़्र महसूस करते हैं और आप 'ला हौल' पढ़ते हुए गोश-ए- आफियत ढूड़ने पर मजबूर हो जाते हैं।

दीन-ए-इसलाम ने घरों में कुत्ते पालने से सख्ती से मना किया है अलबत्ता खेतों में हिफाज़त के लिए कुत्ते पालने की गुंजाइश रखी है। आजकल कुत्ते के काटने के वाकिआत बहुत आम हो गए हैं इसलिए अक्सर लोग अपनी हिफाज़त के लिए हाथ में छड़ी ले कर निकलते हैं। छोटे बड़े सभी लोग कुत्ते के काटने से ज्यादा उस के भोंकने की आवाज़ से भयभीत रहते हैं सितमज़रीफी ये है कि कुत्ते का मालिक यक़ीन दिलाते हुए कहता है अरे! ड़रिए मत, नहीं काटेगा, बस नये आदमी को देख कर ज़रा भोंकता है, लेकिन कुत्ता आख़िर कुत्ता है! कौन कह सकता है कि वो कब भोंकना बंद कर के काटना शुरू कर दे! इंसान ने पालतू के नाम पर अजीब अजीब जानवर पाल रखे हैं. कबूतर, ख़रगोश, लव बड्र्स आदि। हा एक जानवर ऐसा ज़रूर है जो कुछ मुस्लिम घरानों में बड़े शौक़ से पाला जाता है और वो है बिल्ली। मक्का और मदीना की पवित्र ज़मीन पर आप को बहुत सुंदर बिल्लियां देखने को मिलती हैं अलबत्ता वहा कुत्ता कहीं दिखाई नहीं देता! सहाबी-ए- रसूल अबू हुरैरा (रज़िअललाह तआला अनहो) को बिल्ली पालने का शोक़ था।

अरबी भाषा में हुरैरा का मतलब है 'नन्ही बिल्ली'। एक बार आप सलल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अबू हुरैरा की गोद में बिल्ली का बच्चा देख कर उन्हें 'अबू हुरैरा!' कहकर मुख़ातिब किया जो बाद में उनकी कुनियत बन गई अगरचे कि कुबूल-इस्लाम से पहले उनका असली नाम 'अबू शम्स' यानी सूरज का बाप था जिसे हुज़ूर-ए- अकरम सलल्लाहो अलैहि व सल्लम ने बदल कर अब्द-ए-रहमान रख दिया। पालतू जानवर पालने वाले अक्सर ये ज़र्रीन उसूल भूल जाते हैं कि उनके पालतू जानवर से बनदगान- ए-ख़ुदा को कोई तकलीफ न पहुंचे। मसलन अगर आप ने बिल्ली पाल ही ली है तो आप को मुबारक हो! मगर ये क्या कि आप की बिल्ली कभी आप के पड़ोसी के दरवाज़े के एन सामने जा कर गंदगी करती है, कभी बिस्तर को गंदा करती है और आप को ख़बर तक नहीं! और तुर्रा ये कि पड़ोसी एहतिजाज करे तो आप मासूमियत से वकालत करें कि आंटी! जाने दीजिए मासूम जानवर ही तो है!

एसे बेहिस मुसलिम ये हदीस-ए-पाक भूल जाते हैं कि इन्सान के रास्ते का कांटा या कोई तकलीफदेह चीज़ का हटा देना बहुत बड़ा पुण्य है। और तकलीफ पहुंचाना कितना बड़ा पाप है। अगर आप इस प्यारी हदीस पर अमल नहीं कर सकते तो आप धरती के बोझ हैं और आप हरगिज़ अशरफ-उल-मख़लूक़ात कहलाने के योग्य नहीं। क्योंकि प्यारे नबी ने फरमाया कि वो शख़्स हरगिज़ मुस्लिम नहीं हो सकता जिस के शर (बुराई) से उसका पड़ोसी महफ़ूज़ न हो।

## कहानी

# महागौरी: तपस्या और पवित्रता का दिव्य स्वरूप



❑ नवरात्रि का आठवा दिन मां दुर्गा के महागौरी रूप की आराधना के लिए समर्पित है। महागौरी का स्वरूप न केवल अलौकिक है, बल्कि वह जीवन के उस सत्य को दर्शाता है जहा कठोर तपस्या, अटूट विश्वास और पवित्रता मिलकर दिव्यता को जन्म देते हैं। इस लेख में हम महागौरी की कथा, स्वरूप और उनकी उपासना के महत्व को विस्तार से समझेंगे। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, मां पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए हिमालय की गुफाओं और जंगलों में घोर तपस्या की थी। उन्होंने वर्षों तक कठिन साधना की, यहा तक कि वे कांटो और धूल-मिट्टी से ढकी हुई रहने लगीं। तपस्या के कारण उनका शरीर काला पड़ गया और बाल रूखे हो गए। उनकी इस तपस्या और अटूट समर्पण से भगवान शिव प्रसन्न हुए और उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया। विवाह से पूर्व जब भगवान शिव ने पार्वती जी के तपस्विनी रूप को देखा तो उन्होंने गंगाजल और पवित्र जल से स्नान कराया। इस स्नान से उनका रंग इतना गोरा, उज्ज्वल और निर्मल हो गया कि वे महागौरी कहलाने लगीं। कथा यह भी कहती है कि महागौरी ने संसार के समस्त पाप और क्लेशों का नाश करने का संकल्प लिया था। वे उन भक्तों के कष्ट दूर करती हैं जो सच्चे मन से उनकी आराधना करते हैं। इस कारण से महागौरी को करुणा और क्षमा की देवी भी कहा जाता है। महागौरी की कथा यह सिखाती है कि जीवन में कठोर तपस्या, धैर्य और विश्वास से असंभव भी संभव हो सकता है। उनके रूप का संदेश है कि हर कठिनाई और क्लेश के बाद एक नया प्रकाश और पवित्रता अवश्य आती है। नवरात्रि के आठवें दिन सुबह स्नान करके स्वच्छ वस्त्र पहनकर महागौरी की प्रतिमा या चित्र पर गंगाजल अर्पित किया जाता है। सफेद वस्त्र और सफेद फूल चढ़ाना अत्यंत शुभ माना जाता है। दुर्गा सप्तशती का पाठ या महागौरी मंत्र 'ॐ देवी महागौर्यै नमः' का जाप करने से विशेष फल मिलता है। अष्टमी के दिन कन्या पूजन का भी महत्व है। आज के समय में जब जीवन भागदौड़ और तनाव से भरा हुआ है, महागौरी का संदेश हमें सादगी, धैर्य और आत्मशुद्धि की ओर ले जाता है। उनका उज्ज्वल रूप यह याद दिलाता है कि चाहे परिस्थितिया कितनी भी कठिन क्यों न हों, आत्मबल और विश्वास के सहारे हम हर अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ सकते हैं। महागौरी की कथा केवल देवी की पूजा की परंपरा नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन का दर्पण है। तपस्या के बाद प्राप्त हुआ उनका उज्ज्वल स्वरूप हमें यह सिखाता है कि हर संघर्ष के पीछे एक नई आशा और हर त्याग के पीछे एक दिव्य फल छिपा होता है। नवरात्रि के आठवें दिन महागौरी की उपासना करने से न केवल पापों का नाश होता है, बल्कि जीवन में शांति, सुख और पवित्रता का प्रवेश भी होता है।

# गरबा नाइट के लिए ये शहर हैं बेस्ट



❑ रंग बिरंगा गोटेदार दुपट्टा और बेहद खूबसूरत घाघरा, सुंदर सी सजी हुई डांडिया और नगाड़े संग ढोल का गाना, लो हो गए हम गरबा नाइट के लिए तैयार. जी हां, नवरात्रि के समय पर अक्सर जिस चीज का सभी को बेसब्री से इंतजार रहता है वो है गरबा नाइट. पश्चिमी भारत के गुजरात में किया जाने वाला ये पारंपरिक नृत्य आज सबसे फेमस और सबका चहेता डांस फॉर्म बन गया है.

नवरात्रि आने से पहले ही लड़कियां गरबा नाइट के लिए आउटफिट से लेकर ज्वैलरी तक हर चीज की तैयारी कर लेती हैं. गुजरात में गरबा बड़े ही धूमधाम और जोश के साथ मनाया जाता है. यहां पर बड़े-बड़े मैदानों में गरबा नाइट्स का आयोजन किया जाता है, जो रात के समय देखने में बेहद खूबसूरत लगती हैं. यहां पर खेला जाने वाला गरबा 100% ऑथेंटिक और बेस्ट गरबा होता है क्योंकि गरबा यहां की जान है.

ऐसे में अगर आपको भी गरबा नाइट का आनंद लेना है तो एक बार गुजरात जरूर जाना चाहिए. गुजरात का होने के बावजूद भी गरबा अक्सर जगहों पर खेल जाता है. ऐसे में राजकोट में गरबे की चमक और रौनक कुछ अलग ही देखने को मिलती है. यह का जोश जैसे मन को मोह ही लेता है और साथ नाचने पर मजबूर कर देता है.

जिस तरह मुंबई में धूमधाम से गणपति डांस किया जाता है उसी तरह नवरात्रि में गरबा भी खेला जाता है. ऐसे में यहां आपको मुंबई के गरबे में बॉलीवुड का तड़का भी देखने को मिल जाएगा. मुंबई में बॉलीवुड के सितारे गरबा नाइट का मजा लेते हुए आपसे कहीं टकरा भी सकते हैं तो यहां गरबा खेलने जरूर जाएं.

## होम टिप्स

# कम बजट में स्टाइलिश रसोई कैसे बनाएं

❑ हर घर में रसोई एक बहुत ही खास जगह होती है. यहां रोजाना खाना बनता है, परिवार का टेस्ट और सेहत दोनों यहीं से जुड़ी होती हैं. लेकिन कई बार रसोई की केयर और सजावट पर हम उतना ध्यान नहीं देते जितना बाकी घर पर देते हैं, जबकि अगर किचन साफ, व्यवस्थित और सुंदर हो, तो वहां काम करना भी आसान और मजेदार हो जाता है. अक्सर लोग सोचते हैं कि रसोई को सजाने के लिए बहुत पैसे खर्च करने पड़ते हैं, पर ऐसा बिल्कुल भी जरूरी नहीं है.कुछ छोटे-छोटे बदलाव और आसान ट्रिक्स अपनाकर आप कम बजट में भी अपनी किचन को स्टाइलिश बना सकते हैं. किचन की दीवारों पर अगर आप हल्के और फ्रेश रंगों का यूज करेंगे, तो वह जगह ज्यादा खुली और साफ दिखाई देगी. क्रीम, हल्का नीला, हल्का पीला या मिंट ग्रीन जैसे रंग आपकी किचन को बड़ा और ब्राइट दिखा सकते हैं. ये रंग न सिर्फ देखने में अच्छे लगते हैं, बल्कि किचन में पॉजिटिव वाइब्स भी लाते हैं. किचन में अच्छी लाइटिंग होना बहुत जरूरी है, ताकि खाना बनाते समय किसी चीज की कमी न हो. इसके अलावा, सही लाइटिंग आपकी किचन को सुंदर और चमकदार भी बना देती है. अगर आपकी किचन छोटी है, तो सबसे जरूरी है कि आप उसमें सही तरीके से स्टोरेज बनाएं. खाने की चीजें और मसाले खुले में रखने से किचन गंदी और बिखरी हुई लगती है. इसके लिए एयरटाइट कंटेनर का यूज करें और उन्हें रैक या कैबिनेट में रखें.

## हस्तरेखाएं

# हथेली की लकीरों से जानें स्वास्थ्य के राज

❑ हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार माना जाता है कि स्वास्थ्य रेखा आमतौर पर उस व्यक्ति के हाथों में दिखाई देती है जो पर्याप्त रूप से स्वस्थ नहीं होता है। लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं है, जिस व्यक्ति की स्वास्थ्य रेखा जीवन रेखा को नहीं छूती आमतौर पर वह अच्छी स्वास्थ्य स्थिति का संकेत देता है। लहरदार रेखा आपको पाचन तंत्र में संभावित स्वास्थ्य समस्याओं और यकृत या पित्ताशय की कार्यक्षमता में गिरावट की चेतावनी देती है। आपको जठरांत्र संबंधी विकार से पीड़ित होने की बहुत अधिक संभावना है।टूटी हुई रेखा दर्शाती है कि पाचन तंत्र का कार्य कम हो रहा है। यदि रेखाएं सीढ़ीनुमा हैं, तो स्थिति और भी खराब होगी। यदि आपकी स्वास्थ्य रेखा को कुछ छोटी रेखाओं ने पार किया है, तो यह खराब स्वास्थ्य का संकेत देता है और आप दुर्घटनाओं के शिकार हो सकते हैं। यदि स्वास्थ्य रेखा बहुत छोटी है या उसमें कई छोटी रेखाएं हैं, तो यह भी खराब स्वास्थ्य का संकेत है। ऐसी रेखा होने पर आप जीवन में कमजोर और बीमार होते हैं।स्वास्थ्य रेखा पर द्वीप या डोनट्स संकेत देते हैं कि आपको यकृत और पित्त की बीमारियां हो सकती हैं। गुर्दे या श्वसन तंत्र की कार्यप्रणाली खराब है। यदि द्वीप बड़ा है, तो यह महिलाओं के लिए स्तन ग्रंथि हाइपरप्लासिया रोग का संकेत है।

## टिप्स

# मां दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए खरीदें ये वस्तुएं



❑ नवरात्रि का पर्व मां दुर्गा और उनके नौ स्वरूपों की आराधना का विशेष समय होता है. इस दौरान व्रत, पूजा और साधना के साथ-साथ कुछ वस्तुओं की खरीदारी और घर लाना बेहद शुभ माना जाता है. मान्यता है कि इन वस्तुओं को नवरात्रि में घर लाने से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और परिवार पर सुख-समृद्धि, सौभाग्य और शांति बनी रहती है. नवरात्रि में मां दुर्गा को लाल चुनरी और साड़ी अर्पित करना शुभ होता है. इसे घर लाकर पूजा में चढ़ाने से मां का आशीर्वाद मिलता है और मनोकामनाएं पूरी होती हैं. शास्त्रों के अनुसार नवरात्रि में चांदी या सोने का सिक्का खरीदना धन-संपत्ति बढ़ाने वाला होता है. पूजा में इसे अर्पित करने से घर में मां लक्ष्मी और मां दुर्गा का आशीर्वाद मिलता है. साथ ही नवरात्रि के दौरान सोने-चांदी की खरीदारी भी शुभ मानी गई है.नवरात्रि के दौरान श्रृंगार का सामान खरीदना बहुत शुभ होता है. इस दौरान बिंदी, चूड़ी, सिंदूर, काजल आदि शृंगार सामग्री खरीदकर मां को अर्पित करना अत्यंत फलदायी होता है. इसे घर में रखने से वैवाहिक जीवन में सुख और सौभाग्य की प्राप्ति होती है.

# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

❑ दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सांस (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स



डॉ. आकांशा रा. गुप्ता
B.A.M.S, MD, (A.M)
C.C.H, C.G.O, C.V.D

डॉ. पारुल मोहित गुप्ता
B.A.M.S, PG-DEMS
NDDY, CCNY, CCHC

डॉ. रचना मयूर गुप्ता
B.A.M.S, MD,

डॉ.अतुल तेलरांदे
B.A.M.S, MD,
M.I.S.R (Mum), C.C.H,
C.G.O, C.S.D, C.V.D

डॉ. विनोद तिवारी
बी.ए.एम.एस,
पी.ओ.डी.

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080.

**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# चंद्रपुर वन विभाग की पुराना बरगद पेड़ बचाने की सराहनीय कोशिश

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

## > चंद्रपुर वन विभाग का पेड़ बचाने का पहला प्रयोग

चंद्रपुर वन विभाग ने गुरुवार रात आई तूफ़ानी हवाओं के दौरान गिरे 100 साल से भी ज़्यादा पुराने बरगद के पेड़ को फिर से लगाने का महत्वाकांक्षी कार्य शुरू किया।

यह विशाल विरासत वृक्ष, जिसकी ऊँचाई 50 फीट से भी ज़्यादा और परिधि तीन मीटर से भी ज़्यादा है, रामबाग नर्सरी के परिसर में खड़ा था और माना जाता है कि इसे ब्रिटिश काल में लगाया गया था।

यह विशाल वृक्ष, जो समय के साथ कमज़ोर हो गया था और सहायक हवाई जड़ों की कमी के कारण अस्थिर रूप से झुका हुआ था, गुरुवार रात भारी बारिश के बीच धराशायी हो गया। एक तरफ कंक्रीट की संरचनाएँ और दूसरी तरफ तारकोल की सड़क के कारण इसका अस्तित्व लंबे समय से खतरे में था, जिससे इसकी लटकती जड़ों को मिट्टी में नई जड़ें जमाने के लिए बहुत कम जगह मिल रही थी।

पेड़ गिरने के बाद, वन अधिकारियों ने पेड़ के भविष्य पर विचार-विमर्श किया। मध्य चंदा वन प्रभाग के उप वन संरक्षक योगेश वाघाये ने एक क्रांतिकारी समाधान सुझाया—गिरे हुए बरगद के पेड़ को पुनःरोपण के माध्यम से दूसरा जीवन देनेका । वाघाये, जिन्हें मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के दौरान 200 बड़े पेड़ों को पुनःरोपण करने के लिए स्वर्ण पदक मिला था, जब वे एफडीसीएम ठाणे में तैनात थे, तो उन्होंने अपने सहयोगियों को चंद्रपुर में गिरे हुए एक विरासती पेड़ के पुनरुत्थान और पुनरुद्धार का प्रयास



करने के लिए प्रेरित किया।

चंद्रपुर प्रभाग के प्रभागीय वन अधिकारी राजन तलमले ने कहा की, "हमारा उद्देश्य उस पेड़ को पूरी तरह से लुप्त नहीं होने देना है जिसने पीढ़ियों को छाया दी है। हम देखना चाहते हैं कि क्या पुनःरोपण से उसका जीवन बढ़ सकता है।"

शुक्रवार को, वन टीमों ने विशाल शाखाओं की छंटाई की और मुख्य तने को बरकरार रखा, जो अभी भी 20 फीट से अधिक ऊँचा है। तलमले के अनुसार, उसी स्थान पर एक बड़ा गड्ढा खोदा जाएगा जहाँ दशकों तक बरगद का पेड़ खड़ा था। फिर जड़ों को पुनर्जीवित करने और पेड़ को पुनर्जीवित करने की उम्मीद में, तने को वैज्ञानिक देखभाल के साथ फिर से लगाया जाएगा।

तलमले ने कहा की , "चंद्रपुर में यह अपनी तरह का पहला प्रयोग है। अगर यह सफल रहा, तो यह जिले में गिरे हुए विरासती पेड़ों के संरक्षण के लिए एक आदर्श उदाहरण साबित हो सकता है।"

विशेषज्ञों का कहना है कि जहाँ युवा पेड़ों का प्रत्यारोपण अपेक्षाकृत आम है, वहीं एक सदी पुराने विशाल पेड़ को फिर से लगाना बहुत बड़ी चुनौती पेश करता है। फिर भी, यह प्रयास उस जिले में प्राकृतिक विरासत के संरक्षण के लिए विभाग की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है जो पहले से ही अपने समृद्ध वनों और बाघ अभयारण्य के लिए प्रसिद्ध है।

# वैनगंगा क्रेडिट सोसाइटी में डेढ़ करोड़ रुपये की हेराफेरी

## ऑडिट रिपोर्ट में डेढ़ करोड़ 50 लाख 76 हज़ार 371 रुपये की धोखाधड़ी का आरोप

गढ़चिरोली: यहां वैनगंगा महिला नगरी सहकारी ऋण सोसाइटी की ऑडिट रिपोर्ट में करोड़ों रुपये के ऋण बिना किसी गारंटी के और रजिस्ट्रार कार्यालय की सहमति के बिना अवैध रूप से बट्टे खाते में डाले गए, जिसमें से लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया। आखिरकार, इस कथित धोखाधड़ी मामले में 11 महीने बाद 24 सितंबर को गढ़चिरौली पुलिस स्टेशन में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, निदेशक मंडल और कोषाध्यक्ष समेत 18 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, वैनगंगा महिला नगरी सहकारी ऋण सोसाइटी शहर के आरमोरी मार्ग पर सर्वोदय वार्ड में स्थित है। जिला उप-पंजीयक ने इस संस्था का वर्ष 2015 से 2023 तक का ऑडिट कराने का आदेश दिया था। तदनुसार, 26 अगस्त, 2024 को लेखा परीक्षक (सहकारी संस्था) गजेंद्र काले ने आठ वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट जिला उप-पंजीयक को प्रस्तुत की। इसमें संस्था ने बिना किसी संपार्श्विक के 1 करोड़ 32 लाख 54 हजार 659 रुपये का ऋण वितरित किया, जिसे बाद में संस्था ने सहकारी नियमों की अनदेखी करते हुए माफ़ कर दिया और साथ ही एलआईसी से भी अवैध रूप से 73 लाख रुपये का ऋण लिया।

**शिकायत लंबित थी...**

14 अक्टूबर, 2024 को लेखा परीक्षक गजेंद्र काले ने गढ़चिरौली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन तत्कालीन पुलिस निरीक्षक ने मामले को लंबित रखा था। अंततः थानेदार विनोद चव्हाण ने मामला दर्ज किया। उप-निरीक्षक कृष्णा सोनुले जाँच कर रहे हैं।

**आरोपियों में शामिल हैं...**

आरोपियों में अध्यक्ष गीता बोरकुटे, उपाध्यक्ष आशा राऊत, निदेशक अंजीरा खोये, मंदा कावले, तृप्ति मुनघाटे, लता नागापुरे, सिंधु नवघड़े, लता नवघड़े, लता घोरपड़े, चेतना ठाकुर, सुनीता कोवे, नूतन कोर्डे, चंदा बुरांडे, शालू खोये, प्रिया खोये, अलका राऊत, विशेषज्ञ निदेशक भास्कर खोये, लेखाकार राजेंद्र भोयर शामिल हैं।

# धर्मपुरी मार्ग बना हादसों का निमंत्रक

## सड़क के किनारे लोहे की सलाखें, जानलेवा रास्ता
## ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई करें : नीताताई तलांडी

**सिरोंचा.**

सिरोंचा से धर्मपुरी मार्ग पर बन रहे सीमेंट रोड ने नागरिकों की जान पर संकट खड़ा कर दिया है। सड़क निर्माण पूरा होने के बाद भी किनारों पर लगी लोहे की सलाखें जस की तस छोड़ दी गई हैं। ये बाहर निकली हुई सलाखें दोपहिया वाहन चालकों के लिए सीधा खतरा बन चुकी हैं।

नागरिकों ने आशंका जताई है कि यदि वाहन फिसल गया या संतुलन बिगड़ा तो गंभीर हादसे हो सकते हैं और जान भी जा सकती है। इस मार्ग पर पहले भी कई दोपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद ठेकेदार और अभियंता इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे। इसी कारण सामाजिक कार्यकर्ता निताताई तलांडी ने संबंधित ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

निताताई तलांडी ने कहा कि "राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग और आंतरिक सड़कों की दुर्दशा हो चुकी है। ठेकेदारों और अधिकारियों की मनमानी तथा लापरवाही से जनता को नाहक परेशान होना पड़ रहा है। सिरोंचा–आलापल्ली सड़क तो मौत का जाल बन चुकी है, जहां अब तक असंख्य हादसे हो चुके हैं और कई लोगों की जान जा चुकी है। ऐसे दोषियों पर गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर कठोर से कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।"

साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि "यदि जल्द ही सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो नागरिकों के साथ सड़क पर उतरकर चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा।"

# जंगली जानवरों के शिकार के आरोप में 7 आरोपी गिरफ्तार

**धानोरा.** धानोरा में जंगली जानवरों का शिकार करके उनका मांस बेचे जाने की सूचना मिलने पर, दक्षिण धानोरा वन अभ्यारण्य के अधिकारियों ने धानोरा तालुका के लांगटोला स्थित विलास उइके के घर पर छापा मारा और मांस जब्त कर लिया। इस मामले में 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों में लांगटोला (धानोरा) निवासी विलास वासुदेव उइके, पेट्टुकुम, ताल आरमोरी निवासी कृपाल सिंह भगतसिंह डांगी, किशोर बाबूराव हलामी, महेश भीमराव पावे, प्रकाश आनंदराव वाघाड़े, रमेश रामसिंह मडावी, सभी धानोरा निवासी और सुनील रुशी गावड़े, पवनी निवासी शामिल हैं।

26 सितंबर, 2025 को दक्षिण धानोरा के वन संरक्षक अधिकारी एस. डी. पुरमशेट्टीवार, क्षेत्र सहायक



आर. एम. नरूले को सूचना मिली कि जंगली जानवरों का शिकार कर उन्हें बेचा जा रहा है। इसके बाद, धानोरा दक्षिण और उत्तर वन रेंज के वन अधिकारियों ने लंगटोला स्थित विलास वासुदेव उइके के घर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान, घर के बगल में एक पानी के गड्ढे में एक नायलॉन बैग में प्लास्टिक की थैली में जंगली जानवर का मांस रखा हुआ पाया गया। इसके बाद, वन रेंज अधिकारी ने जाँच की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 26 (1) (सी) और वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 9,39,44,48, 51,57 और महाराष्ट्र वन नियम, 2014 की धारा 9 बी के ई के तहत कार्रवाई की गई। गढ़चिरौली आगे की जांच गढ़चिरौली वन मंडल के मुख्य वन संरक्षक रमेश कुमार, वन विभाग के उप वन संरक्षक आर्य वी. एस. द्वारा की गई। जनकास प्रभाग के सहायक वन संरक्षक अंबरलाल मडावी के मार्गदर्शन में दक्षिण धानोरा के वन परिक्षेत्र अधिकारी सुमित पुरमशेट्टीवार और उत्तर और दक्षिण धनोरा के उनके अधीनस्थ वन परिक्षेत्र अधिकारी काम कर रहे हैं।

# संविदा स्वास्थ्य भर्ती में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

**गढ़चिरोली.**

आरोग्य अभियान (एनएचएम) के अंतर्गत राष्ट्रीय जिला परिषद गढ़चिरोली में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और योग्यता के आधार पर है और इसमें किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उम्मीदवारों से अमीषा के झांसे में न आने की अपील की गई है। जिला परिषद द्वारा समय-समय पर संविदा पदों के लिए विज्ञापन जिले के दैनिक समाचार पत्रों के साथ-साथ जिला परिषद गढ़चिरौली की आधिकारिक वेबसाइट पर भी प्रकाशित किए जाते हैं।

www.zpgadchiroli.maharashtra.gov.in। उम्मीदवारों की पात्र और अपात्र सूची और भर्ती प्रक्रिया से संबंधित सभी निर्देश भी इसी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। हाल ही में, प्रशासन के संज्ञान में आया है कि कुछ अज्ञात व्यक्ति सोशल मीडिया पर नौकरी का लालच देकर उम्मीदवारों से पैसे की मांग कर रहे हैं। एनएचएम, जिला परिषद गढ़चिरोली किसी भी व्यक्ति या बिचौलियों से नौकरी के लिए पैसे नहीं लेता है। भर्ती प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के प्रलोभन या गड़बड़ी का शिकार न हों। ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी तुरंत मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी या जिला कार्यक्रम प्रबंधक से संपर्क कर शिकायत करें। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया पात्रता और योग्यता के आधार पर की जाएगी।

# भामरागढ़ तालुका में अवैध रेत खनन

**भामरागढ़.** अवैध रेत खनन और परिवहन के मामले में यहाँ के तहसील कार्यालय ने नागपुर स्थित कंपनी मे. जी.एस.डी. इंडस्ट्रीज पर 1 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। कंपनी ने इसे उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ में चुनौती दी थी। हालाँकि, उच्च न्यायालय में तहसीलदार के फैसले को बरकरार रखा गया, इसलिए तहसीलदार किशोर बागड़े ने 25 सितंबर को सात दिनों के भीतर जुर्माना जमा करने का आदेश जारी किया। संतोष टाटीकोंडावार ने 7 नवंबर, 2022 को तहसीलदार के पास शिकायत दर्ज कराई। जाँच के दौरान, ताड़गाँव गाँव के पास एच.पी. गैस गोदाम के पीछे एक निजी भूखंड पर अवैध रेत के भंडार पाए गए, जो कंपनी का था। कंपनी के पास परिवहन का लाइसेंस था, लेकिन वह वास्तविक उत्खनन का प्रमाण नहीं दे सकी। मानसून के दौरान 10 जून से 30 सितंबर के बीच अवैध रूप से रेत का उत्खनन और परिवहन किया गया था। इसके बाद, भामरागढ़ तहसीलदार ने 29 दिसंबर, 2022 को जुर्माना लगाया। कंपनी ने उप-विभागीय अधिकारियों के समक्ष अपील की, लेकिन सभी अपीलें खारिज कर दी गईं। इसके बाद, कंपनी ने उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ का दरवाजा खटखटाया। पीठ ने 30 जनवरी, 2025 को मामला भामरागढ़ तहसीलदार को वापस भेज दिया। बाद में, तहसीलदार ने नए सिरे से जाँच की और अंतिम जुर्माना लगाया। कंपनी को सात दिनों के भीतर सरकारी खजाने में 1 करोड़, 1 लाख 90 हजार 300 रुपये का जुर्माना जमा करने का आदेश दिया गया है।

## जंगली सूअर की टक्कर से एक दोपहिया वाहन सवार की मौके पर मौत

**गढ़चिरोली:** तालुका के शिवनी गाँव के पास शुक्रवार रात करीब 9 बजे एक जंगली सूअर की टक्कर से अपने गाँव लौट रहे एक दोपहिया वाहन सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान वेणुदास कवलुजी बबनवाडे (40, निवासी हीरापुर) के रूप में हुई है। वह शिवनीमर्ग गाँव लौट रहे थे, तभी जंगल से अचानक आए एक जंगली सूअर ने उन्हें टक्कर मार दी। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालाँकि, डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में गढ़चिरौली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

# अवैध बिक्री के लिए रखे गए विदेशी शराब के भंडार पर स्थानीय अपराध शाखा की कार्रवाई

## > कुल 14,47,680 रुपये मूल्य की विदेशी शराब ज़ब्त

**गढ़चिरोली.** गढ़चिरोली ज़िले में शराबबंदी लागू होने के बावजूद गुप्त रूप से शराब की बिक्री और परिवहन किया जा रहा है। इस पर रोक लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने सख़्त निर्देश दिए हैं।

इसी क्रम में, दिनांक 27/09/2025 को स्थानीय अपराध शाखा गढ़चिरोली को गुप्त सूचना मिली कि उपपोस्ट बामनी अंतर्गत मौजा जाफराबाद (ता. सिरोंचा, ज़ि. गढ़चिरोली) निवासी संदीप देवाजी दुर्गम ने बिक्री हेतु अवैध रूप से विदेशी शराब का भंडारण कर रखा है।

मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने पंचों की उपस्थिति में छापा मारा। इस दौरान आरोपी संदीप दुर्गम पुलिस दल को देखकर मौके से फरार हो गया। लेकिन तलाशी लेने पर घर के दूसरे कमरे से ऑफ़िसर'स चॉइस कंपनी की 90 मि.ली. क्षमता वाली कुल 11,136 सीलबंद



बोतलें बरामद हुईं। इनका अनुमानित अवैध विक्रय मूल्य 14,47,680 रुपये (अक्षरी चौदह लाख सैंतालीस हज़ार छह सौ अस्सी रुपये) आँका गया है। घटना के संबंध में उपपोस्ट बामनी में महाराष्ट्र दारूबंदी अधिनियम की धारा 65(ई) के अंतर्गत अपराध दर्ज किया गया है। फरार आरोपी की तलाश जारी है तथा आगे की जाँच उपपोस्ट बामनी के पोउपनि. शाहरू दंडे द्वारा की जा रही है।

# बैरिस्टर राजाभाऊ खोबरागड़े वंचितों के जीवन में उजाला लाए: मुनगंटीवार

## बैरिस्टर खोबरागड़े ने अपना पूरा जीवन भूमिहीनों के अधिकारों के लिए समर्पित किया

**चंद्रपुर.**

हमारे शिक्षक कहा करते थे कि कोयले की खदानों में हीरे मिलते हैं; लेकिन मैंने कभी खदानों में हीरे निकलते नहीं देखे। हालाँकि, उस खदान के आस-पास एक ऐसा रत्न जन्मा जिसने भूमिहीन, शोषित और वंचित समुदाय के जीवन में उजाला फैलाया। वे हैं बैरिस्टर राजाभाऊ खोबरागड़े। बैरिस्टर खोबरागड़े सचमुच भूमिहीन और शोषितों के जीवन का आधार बन गए। इन शब्दों में पूर्व वन, सांस्कृतिक और मत्स्य पालन राज्य मंत्री विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने बैरिस्टर खोबरागड़े के कार्यों की प्रशंसा की।

वे गांधी चौक स्थित नगर निगम पटांगण में उनकी जन्म शताब्दी के अवसर पर भारत सरकार द्वारा आयोजित डाक टिकट विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रवीण खोबरागड़े,



विधायक विजय वड्डेटीवार, विधायक सुधाकरराव अदबले, विधायक अभिजीत वंजारी, श्रीमती सुधा खोबरागड़े, डाक विभाग के अधिकारी एस रामकृष्ण, देशक खोबरागड़े, मारोतराव खोबरागड़े, किशोर सबाने, प्रतीक डोर्लिकर आदि उपस्थित थे.

विधायक मुनगंटीवार ने कहा कि, "लंदन में कई लोगों ने बैरिस्टर की डिग्री हासिल की, लेकिन ज़्यादातर लोगों ने उस डिग्री का इस्तेमाल पैसा कमाने के लिए किया। लेकिन बैरिस्टर खोबरागड़े ने दिल जीतने का रास्ता चुना। उनके पास बैंक बैलेंस नहीं था, लेकिन लोगों की नज़रों में उनके लिए अपार प्रेम और स्नेह था। जो अपने लिए जीते हैं, उनकी जगह कब्रिस्तान में होती है, लेकिन जो समाज के लिए जीते हैं, उनकी जगह सबके दिलों में होती है।"

उन्होंने आगे कहा कि, "राज्यसभा के उपसभापति के रूप में उन्होंने वंचित और शोषित वर्गों के मुद्दों के लिए आवाज़ उठाई। चाहे वह भूमिहीनों का मुद्दा हो या अस्पृश्यता के विरुद्ध लड़ाई, उन्होंने पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। उनका हर भाषण एक प्रकाश स्तंभ की तरह है। मेरे लिए यह जीवन भर का संतोष है कि मुझे बैरिस्टर राजाभाऊ खोबरागड़े के डाक टिकट के प्रकाशन की पहल करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।"

इस कार्यक्रम में उन्होंने खोबरागड़े के कार्यों की विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुँचाने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "बैरिस्टर खोबरागड़े केवल एक परिवार के नहीं, बल्कि पूरे देश के थे। उनकी जन्मशती के अवसर पर, महाराष्ट्र सरकार को एक 'गौरव ग्रंथ' प्रकाशित करना चाहिए। चंद्रपुर में इस पुस्तक के प्रकाशन से युवा पीढ़ी को 'जीवन जीने का मंत्र' मिलेगा। मुनगंटीवार ने बैरिस्टर राजाभाऊ खोबरागड़े की जन्मशताब्दी के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।



# इमरान हाशमी की 'आवारापन 2' की शूटिंग शुरू

इमरान हाशमी साउथ सुपरस्टार और आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण की फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' से जमकर सुर्खियां बटोर रहे हैं. बॉक्स ऑफिस पर पवन और इमरान की ये फिल्म ताबड़तोड़ कमाई कर रही है. इसी बीच इमरान ने अपने फैंस को एक और बड़ी गुड न्यूज सुना दी है. इमरान ने अपनी बेहतरीन फिल्म 'आवारापन' के सीक्वल 'आवारापन 2' की शूटिंग शुरू कर दी है. जिसका उनके फैंस को बेसब्री से इंतजार था.






इमरान ने मार्च 2025 में अपने बर्थडे पर फिल्म का ऐलान किया था.इमरान हाशमी ने आवारापन 2 के लिए मुंबई से 5000 किलोमीटर दूर तक का सफर तय किया और वहां अपनी फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है. मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर मुहूर्त शॉट की तस्वीर शेयर की है. इसके साथ लिखा है, "तेरा मेरा रिश्ता पुराना भाई. तेरा मेरा रिश्ता पुराना आवारापन का सुपरहिट गाना है. आवारापन 2 को विशेष भट्ट प्रोड्यूस कर रहे हैं. वो फिल्म को विशेष फिल्म्स के बैनर तले बना रहे हैं. उन्होंने ऐलान किया है कि फिल्म की आधिकारिक तौर पर शूटिंग शुरू कर दी गई है. इमरान और मेकर्स इस वक्त मुंबई से 5000 किलोमीटर दूर बैंकॉक में हैं और शूटिंग में बिजी चल रहे हैं. इसका डायरेक्शन नितिन कक्कड़ कर रहे हैं. वहीं फिल्म की कहानी बिलाल सिद्दीकी ने लिखी है. इन तमाम अपडेट्स के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ चुकी है. इमरान हाशमी और विशेष भट्ट की जोड़ी एक बार फिर से बॉक्स ऑफिस पर बड़ा धमाका करने के लिए तैयार है. आखिरकार अब फिल्म फ्लोर पर आने के बाद फैंस के बीच भी इसे लेकर एक्साइटमेंट बढ़ गई है. फैंस इसकी रिलीज डेट के बारे में भी जानना चाहते हैं. मेकर्स ने रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है. ये पिक्चर 3 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी.a

# अजय देवगन पर बड़ा खतरा

एक ओर जहां नई रिलीज हो रहीं फिल्में हैं, तो दूसरी ओर है री-रिलीज पिक्चर. जिन्हें दोबारा रिलीज करने का ट्रेंड लंबे वक्त से चल रहा है. 2025 के बचे हुए महीनों में कई बड़ी बॉलीवुड की फिल्में आने वाली हैं. जिनका इंतजार भी किया जा रहा है. पर 'स्पाइडर मैन' की एंट्री से बॉक्स ऑफिस पर मामला बिगड़ सकता है. दरअसल अजय देवगन की 'दे दे प्यार दे 2' भी नवंबर में आएगी.यूं तो सिनेमाप्रेमियों के लिए नवंबर का महीना खुशियां लेकर आ रहा है. उसपर सोनी पिक्चर्स ने एक बड़ी गुड न्यूज भी दे दी है. दरअसल स्पाइडर मैन की सभी फिल्मों को री-रिलीज करने का फैसला लिया गया है. इस साल नवंबर में फिल्में री-रिलीज होने का सिलसिला शुरू होगा, जो दिसंबर तक चलने वाला है.



हाल ही में सोनी पिक्चर्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है. जिसमें लिखा कि- पुरानी यादें फिर से ताजा करें. 'स्पाइडर-मैन' की सभी फिल्में भारत के सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज होने जा रही हैं. इस साल नवंबर और दिसंबर में यह फिल्में थिएटर्स में लग जाएंगी.इसी के साथ ही फिल्मों की रिलीज डेट भी बता दी गई है. 14 नवंबर को 'स्पाइडर-मैन', 'स्पाइडर-मैन 2' और 'स्पाइडर-मैन 3' रिलीज होंगी. इसके बाद 'द अमेजिंग स्पाइडर मैन' और 'द अमेजिंग स्पाइडर मैन 2' आ रही है. जिसे 21 नवंबर को रिलीज किया जाएगा.इसके बाद 28 नवंबर को स्पाइडर मैन होमकमिंग, स्पाइडर मैन फार फ्रॉम होम और स्पाइडर मैन नो वे होम आएगी. फिर 5 दिसंबर को 'स्पाइडर वर्सः द एनिमेटेड मल्टीवर्स' आएगी. जिसे सुनने के बाद भारतीय फैंस खुश हो गए हैं. हालांकि, इसका नुकसान बॉलीवुड फिल्मों को झेलना पड़ सकता है.

## राम अवतार में नजर आएंगे बॉबी देओल



हर साल दशहरा का त्योहार देशभर में बहुत धूम-धाम से मनाया जाता है. दिल्ली के रामलीला मैदान में इसकी अलग ही चहल-पहल देखने को मिलती है. इस साल भी कार्यक्रम की खास तैयारियां चल रही हैं. हर बार कोई ना कोई बड़ी शख्सियत रामलीला मैदान में रावण दहन के लिए आमंत्रित की जाती है.इस बार भी ऐसा देखने को मिलने वाला है. इस साल बॉलीवुड एक्टर बॉबी देओल रामलीला के मैदान में शिरकत करेंगे और बुराई पर अच्छाई का परचम लहराते नजर आएंगे. वे इस कार्यक्रम के दौरान रावण वध करते नजर आएंगे. इस मौके पर बॉबी देओल ने भी रिएक्ट किया है और इस पारंपरिक कार्यक्रम का हिस्सा बनने से मौके पर खुशी भी जताई है. उन्होंने इस मौके पर कहा- इस बार मैं दिल्ली की रामलीला में आ रहा हूं. तो मिलते हैं इस दशहरे पर." ऐसा माना जा रहा है कि इस बार बॉबी देओल की उपस्थिति से रामलीला मैदान में भारी भीड़ जुटने की संभावना है. बॉबी देओल ने भी इस इनविटेशन को स्वीकार कर लिया है. ये दिल्ली का ऐसा इवेंट है जिसमें लाखों की संख्या में लोग पहुंचते हैं और कार्यक्रम का आनंद लेते हैं. इस कार्यक्रम का आयोजन 2 अक्टूबर 2025 को किया जाएगा.बॉलीवुड इंडस्ट्री के इतिहास में जैसा कमबैक बॉबी देओल का देखने को मिला है वैसा बहुत ही कम कलाकारों का देखने को मिला है. एक समय ऐसा था जब बड़े सुपरस्टार के बेटे होने के बाद भी बॉबी देओल को भुला दिया गया था. लेकिन प्रकाश झा की सीरीज आश्रम में शानदार परफॉर्मेंस देने के बाद एक्टर की किस्मत ही पलट गई.

## 'भाभी जी घर पर हैं' की अंगूरी भाभी का देसी लुक

कॉमेडी सीरियल 'भाभी जी घर पर हैं' में अंगूरी भाभी का फनी कैरेक्टर काफी पॉपुलर है. इस किरदार को एक्ट्रेस शुभांगी अत्रे निभाती हैं. सीरियल में तो इनका लुक सभी को पसंद आता है लेकिन रियल लाइफ में भी शुभांगी बेहद खूबसूरत हैं.44 साल की शुभांगी अत्रे ने हाल ही में कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जो दुर्गा पूजा के दौरान की हैं. तैयार होने के बाद उन्होंने तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं और इस ट्रेडिशनल लुक में शुभांगी का अंदाज दिलकश लग रहा है.तस्वीरों को शेयर करते हुए शुभांगी अत्रे ने कैप्शन में लिखा, 'जब परंपरा अपने अंदर की देवी से मिलती है.' इसके साथ उन्होंने दुर्गा पूजा नाम का हैशटैग भी लगाया है. शुभांगी मराठी हैं, लेकिन बंगाल के फेमस दुर्गा पूजा को अटेंड करना कभी नहीं भूलतीं.



इन तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं और कमेंट बॉक्स में ज्यादातर फैंस ने हार्ट इमोजी शेयर की है. एक फैन ने लिखा, 'मैं अंगूरी भाभी का बड़ा फैन हूं, आप बहुत खूबसूरत हैं.' वहीं एक दूसरे फैन ने उनके इस लुक की तारीफ की.शुभांगी अत्रे इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं और इनकी तस्वीरों-वीडियो के जरिए फैंस इंगेज रहते हैं. वहीं एक्ट्रेस 'भाभी जी घर पर हैं' शूट के दौरान भी फोटोशूट करवाकर अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें या बीटीएस वीडियो शेयर करती हैं.शुभांगी अत्रे ने एकता कपूर के सुपरहिट सीरियल 'कस्तूरी' में बतौर लीड एक्ट्रेस अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी. इसके बाद शुभांगी ने 'चिड़िया घर', 'अधूरी कहानी हमारी', 'कसौटी जिंदगी की' जैसे पॉपुलर सीरियल किए.

# अहान की चमकी किस्मत मिली बड़ी फिल्म

2025 का दूसरा हाफ जैसा बॉलीवुड के लिए होना चाहिए था, वैसा ही रहा है. यूं तो बड़ी फिल्में कुछ खास धमाल नहीं मचा पाईं. पर मोहित सूरी की 'सैयारा' ने जो गेम सेट किया, वो काम आ रहा है. अहान पांडे और अनीत पड्डा के साथ वाईआरएफ ने बड़ा दांव खेला था. जब मोहित सूरी की फिल्म रिलीज हुई, उस वक्त इसकी कहीं भी काफी चर्चा नहीं थी. लेकिन रिलीज के बाद यह फिल्म हर तरफ छा गई. दुनियाभर से यह फिल्म 569 करोड़ का बिजनेस कर चुकी हैं. जिसका बजट भी बहुत ज्यादा नहीं था. अब इसके बाद अहान के हाथ एक बड़ी फिल्म लग गई है.



सिर्फ रोमांस ही क्यों, वाईआरएफ ने इस बार एक्शन के मैदान में अहान पांडे को उतारने का फैसला लिया है. दरअसल सैयारा की सक्सेस का नए कमर्स को पूरा फायदा मिल रहा है. हाल ही में एक न्यूज वेबसाइट पर रिपोर्ट छपी. जिससे पता लगा कि अहान पांडे ने अपना दूसरा प्रोजेक्ट साइन कर लिया है. कौन हैं जिसके साथ वो फिल्म करने वाले हैं.नई रिपोर्ट से पता लगा कि एक बार फिर अहान पांडे ने वाईआरएफ के साथ हाथ मिलाया है. जो उनकी अपकमिंग फिल्म को डायरेक्ट करेंगे, वो हैं- अली अब्बास जफर. जिन्होंने सलमान खान के साथ सुल्तान और टाइगर जिंदा है में काम किया था. दरअसल अली अब्बास जफर एक एक्शन रोमांस फिल्म बनाने की तैयारी में हैं, वो भी आदित्य चोपड़ा के साथ. दरअसल अली अब्बास जफर ने 'सुलतान' जैसी शानदार फिल्मों से दर्शकों का दिल जीता है. अब वो फिर उसी तरह का काम करना चाहते हैं, जिसके लिए लोगों ने पहले भी पसंद किया है. अली अब्बास जफर फिल्म सैयारा में अहान पांडे को देखकर काफी प्रभावित हुए हैं. खासकर उनके इमोशनल और ड्रामेटिक सीन देखकर. दरअसल आदित्य चोपड़ा ने अली अब्बास जफर के सामने अहान पांडे का नाम रखा है. फैन्स देखना चाहते हैं कि सैयारा के बाद उनका अगला प्रोजेक्ट क्या होगा. ऐसे में वो अहान की एक्टिंग का एकदम नया साइड अनलॉक करने की तैयारी में हैं. क्योंकि यह एक एक्शन फिल्म है. जहां रोमांस भी होगा, पर हार्ड हिटिंग ड्रामा के साथ एक्शन भी.

# मां बनने वाली हैं अंकिता

अंकिता लोखंडे और उनके पति विक्की जैन के घर खुशखबरी आने वाली है, हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए लोगों को इस बात का हिंट दिया है. कपल की शादी को 4 साल हो चुके हैं और इस बीच कई बार अंकिता की प्रेग्नेंसी की खबर सामने आ चुकी है, हालांकि एक्ट्रेस ने हर बार इन खबरों को गलत बताया है. लेकिन, इस बार एक्ट्रेस ने खुद अपने ही पोस्टमें अपने फ्यूचर बच्चे की बात का जिक्र किया है.साल 2021 में अंकिता लोखंडे और विकी जैन शादी के बंधन में बंधे थे. दोनों कपल रियलिटी शो का भी हिस्सा रह चुके हैं, जिसके बाद से लोग इस जोड़ी को काफी पसंद करते हैं. हालांकि, अंकिता के फैंस को उनकी प्रेग्नेंसी की खबर का बेसब्री से इंतजार है और एक बार फिर से ये खबर फैलना शुरू हो गई है. दरअसल, एक्ट्रेस ने खुद अपने दोस्त को बर्थडे विश करते हुए अपने बच्चे की बात की और उसकी फिक्र करने की बात लिखी है.

अंकिता ने प्रोड्यूसर संदीप सिंह को बर्थडे विश करते हुए फोटो शेयर की है. इस पोस्ट के साथ उन्होंने लिखा है, "हैप्पी बर्थडे संदीप, ईश्वर तुम्हें हमेशा खुश रखे. मैंने फोन करने की कोशिश की, लेकिन हमेशा की तरह तुम्हारा फ़ोन नहीं लगा. फिर भी, मैं तुम्हें बताना चाहती हूं कि मैं हमेशा तुम्हारे साथ रहने के लिए कितनी शुक्रगुजार हूं. तुम एक अद्भुत इंसान हो और जिस तरह से तुम मेरे और विकी के बारे में इतना कुछ व्यक्त करते हो, हमारे फ्यूचर चाइल्डके बारे में भी इतनी चिंता दिखाते हो यह मुझे बहुत छू गया. अंकिता की हालिया पोस्ट पर उनके फैंस ने सवालों की बाढ़ ला दी है.

एक यूजर ने लिखा, "फ्यूचर चाइल्ड रुको क्या? क्या तुम... दूसरे ने कमेंट किया, "क्या तुम उम्मीद कर रही हो, वाह, बधाई हो. यह पहली बार नहीं है जब अंकिता ने प्रग्नेंट होने की ओर इशारा किया है. कुछ महीने पहले, 'लाफ्टर शेफ्स 2' के फिनाले में उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा था, 'मैं दौड़ नहीं सकती, मैं प्रेग्नेंट हूं,' जिससे अटकलें लगना शुरू हो गया था.



## रिलेशनशिप सवाल पर टाइगर का बेबाक जवाब



बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता टाइगर श्रॉफ को हिंदी सिनेमा में काम करते हुए एक दशक हो चुका है. टाइगर श्रॉफ अपनी एक्टिंग के साथ ही अपने डांस और खतरनाक स्टंट्स को लेकर भी अक्सर सुर्खियों में आ जाते हैं. इसके अलावा टाइगर श्रॉफ अपनी पर्सनल लाइफ से भी काफी चर्चा में रहे हैं. कभी उनका मशहूर एक्ट्रेस दिशा पाटनी के साथ रिश्ता था. लेकिन, बाद में दोनों की राहें अलग हो गई थीं.टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी ने एक दूसरे को लंबे समय तक डेट किया था. दोनों का अफेयर कभी बॉलीवुड गलियारों में काफी चर्चा में था. उस वक्त टाइगर से उनकी एक महिला फैन ने रिलेशनशिप को लेकर सवाल भी किया था. लेकिन, तब अभिनेता ने खुद को सिंगल बताया था.

टाइगर श्रॉफ के पिता और दिग्गज अभिनेता जैकी श्रॉफ एक बार रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन के साथ कपिल शर्मा के शो पर पहुंचे थे. उस वक्त कपिल ने जैकी को वो क्लिप दिखाई थी, जब टाइगर कपिल के शो पर पहुंचे थे और उनकी एक फीमेल फैन ने एक्टर से मजेदार सवाल पूछ लिया था, जिसका जवाब देते हुए अभिनेता शर्माने लगे थे.

# मोनालिसा के ट्रेडिशनल लुक ने मचा दिया धमाल



भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा ने दुर्गा पूजा और कीर्तन की अलग-अलग तस्वीरें शेयर की हैं. इनमें से एक में मोनालिसा साड़ी में नजर आ रही हैं और दूसरे में लहंगा पहना हुआ है.लाल रंग की साड़ी पहनकर मोनालिसा का पूरा देसी सुगागिन लुक देखने को मिल रहा है. इसके कैप्शन में उन्होंने बंगाली में लिखा, 'इलो दुर्गा पूजा, गोरेगांव के दुर्गा पूजा महोत्सव में', इन तस्वीरों में मोनालिसा बेहद खूबसूरत दिख रही हैं.वहीं लेटेस्ट पोस्ट में मोनालिसा ने कैप्शन में लिखा, 'हैप्पी नवरात्रि'. इन तस्वीरों में मोनालिसा ने लहंगा पहना है और इसमें वो ग्लैमरस लुक में पूजा में शामिल हुई हैं.मोनालिसा की इन तस्वीरों को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं और हमेशा की तरह मोनालिसा के पोस्ट पर फैंस प्यार भी लुटा रहे हैं. मोनालिसा बंगाली हैं इसलिए दुर्गा पूजा बहुत दिल से मनाती हैं.वहीं मुंबई में रहने के दौरान वो दुर्गा पूजा के पंडाल में हर साल जाती रही हैं. मोनालिसा हर त्योहार को इतने ही उत्साह के साथ मनाती हैं, जैसे बंगाली फेस्टिवल्स को वो मनाती हैं.मोनालिसा इंस्टाग्राम पर ज्यादा एक्टिव रहने वाली एक्ट्रेस हैं और हर दिन वो दो से तीन पोस्ट शेयर करती हैं, जिनमें तस्वीरें और वीडियो शामिल होते हैं. इंस्टाग्राम पर मोनालिसा को 5.9 मिलियन लोग फॉलो करते हैं.मोनालिसा ने बंगाली टीवी सीरियल से ही अपने करियर की शुरुआत की थी.

# जीआईआईएस ने किया नागपुर तालुका स्तरीय स्कूल कबड्डी टूर्नामेंट का सफल आयोजन

**नागपुर.** ग्लोबल इंडियन इंटरनेशनल स्कूल (जीआईआईएस), लावा, नागपुर ने तालुका स्तरीय स्कूल कबड्डी टूर्नामेंट 2025 की सफलतापूर्वक मेजबानी की। इस आयोजन में तालुका के 25 से अधिक स्कूलों के 300 से अधिक विद्यार्थी दो दिनों के जोश भरे मुकाबले के लिए एकत्रित हुए। महाराष्ट्र के खेल एवं युवा सेवा निदेशालय के तत्वावधान में, जिला खेल परिषद और जिला खेल अधिकारी कार्यालय, नागपुर के सहयोग से आयोजित इस टूर्नामेंट ने आज के युवाओं में स्वदेशी खेलों के प्रति बढ़ते उत्साह को उजागर किया। इस आयोजन का स्थानीय स्तर पर तालुका जिला खेल अधिकारी श्री उमेश चौरे ने पर्यवेक्षण किया। टीमों ने तीन आयु वर्गों: अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 में लड़के और लड़कियों दोनों के लिए प्रतिस्पर्धा की, जो लीग-कम-नॉकआउट फॉरमेट के अनुसार हुई, जिससे निष्पक्ष खेल और समान अवसर सुनिश्चित हुए। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़े, स्कूल कैम्पस उत्साह से गूंज उठा, सभी प्रतिभागियों ने उल्लेखनीय कौशल, टीम वर्क और अनुशासन का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में बोलते हुए, जीआईआईएस नागपुर की प्रिंसिपल सुश्री निधि गुप्ता ने कहा, 'हमारे स्कूल के लिए यह सम्मान की बात है कि हम एक ऐसे टूर्नामेंट का आयोजन कर रहे हैं जो कबड्डी का जश्न मनाता है, यह खेल हमारी संस्कृति में गहराई से समाया हुआ है। विद्यार्थियों को इस खेल के प्रति इतने जुनून और सम्मान के साथ खेलते देखना पारम्परिक खेलों के संरक्षण और संवर्धन के महत्व को दर्शाता है। इस तरह के आयोजन न केवल शारीरिक शक्ति का निर्माण करते हैं, बल्कि टीम वर्क, रणनीति और लचीलेपन के मूल्यों का भी पोषण करते हैं।'




**पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने पर जोर**

मुख्य अतिथि, सहायक पुलिस निरीक्षक विजय दुम्बले ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया और आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, 'कबड्डी हमारी धरती की आत्मा को दर्शाती है और अनुशासन, समन्वय और मानसिक चपलता सिखाती है। इन युवा खिलाड़ियों को इतनी ऊर्जा और खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करते देखना वाकई प्रेरणादायक है। मैं विद्यार्थियों को इसी उत्साह के साथ हमारे पारम्परिक खेलों को अपनाते रहने के लिए प्रोत्साहित करता हूँ।'' नागपुर के तालुका जिला खेल अधिकारी श्री उमेश चौरे ने कहा, ''यह टूर्नामेंट इस बात का एक बेहतरीन उदाहरण है कि कैसे स्कूलों और खेल अधिकारियों के बीच सहयोग युवा एथलीटों के लिए सार्थक अवसर पैदा कर सकता है। खिलाड़ियों की ऊर्जा और समर्पण, जीआईआईएस नागपुर की सावधानीपूर्वक योजना के साथ मिलकर, यह दर्शाता है कि कबड्डी जैसे पारम्परिक खेल कैसे फल-फूल सकते हैं और अगली पीढ़ी को प्रेरित कर सकते हैं।'

**भोंसला और संजूबा स्कूल ने कबड्डी में मारी बाज़ी**

विजेताओं और उपविजेताओं के लिए एक उत्साहपूर्ण सम्मान समारोह के साथ टूर्नामेंट का समापन हुआ। भोंसला मिलिट्री स्कूल, नागपुर ने अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग में लड़कों के खिताब जीते। लड़कियों की स्पर्धाओं में, संजूबा हाई स्कूल ने अंडर-14 और अंडर-17 का खिताब जीता, जबकि जवाहरलाल नेहरू विद्यालय ने अंडर-19 का खिताब जीता। तालुका स्तरीय स्कूल कबड्डी टूर्नामेंट 2025 की सफलता खेल और युवा सेवा

निदेशालय, जिला खेल परिषद और शारीरिक शिक्षा शिक्षक प्रतीक भोयर के नेतृत्व में जीआईआईएस नागपुर टीम के समर्पित प्रयासों से संभव हुई। जीआईआईएस नागपुर को ऐसे कार्यक्रमों की मेज़बानी करने पर गर्व है

जो प्रतिभा, टीम वर्क और सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाते हैं और युवा एथलीटों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक मंच प्रदान करते हैं। उत्कृष्ट सुविधाओं और कुशल संगठन के संयोजन से, यह स्कूल जमीनी स्तर के खेलों को बढ़ावा देता है, समग्र विकास को बढ़ावा देता है, और शैक्षिक एवं पाठ्येतर उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में अपनी स्थिति को मज़बूत करता है।

# टीम इंडिया का जलवा जारी: तीन बड़े टूर्नामेंट जीतकर रचा इतिहास

## बीसीसीआई ने खिलाड़ियों पर लुटाए 204 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली.** भारतीय क्रिकेट टीम ने अपने दमदार प्रदर्शन से क्रिकेट की दुनिया में तहलका मचा दिया है। पिछले 15 महीनों में टीम इंडिया ने तीन बड़े मल्टी-टीम टूर्नामेंट जीतकर न केवल अपनी ताकत का लोहा मनवाया है, बल्कि करोड़ों भारतीयों का दिल भी जीत लिया है। 2024 टी20 वर्ल्ड कप, 2025 चैंपियंस ट्रॉफी, और 2025 एशिया कप जीतकर भारत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना दबदबा फिर से स्थापित कर दिया है।



एक के बाद एक तीन बड़ी ट्रॉफियां

टीम इंडिया का ये विजयी अभियान जून 2024 में शुरू हुआ, जब भारत ने 17 साल के लंबे इंतजार के बाद टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीतकर इतिहास रच दिया। फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 7 रनों से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इसके बाद मार्च 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर टीम इंडिया ने तीसरी बार यह खिताब अपने नाम किया। और फिर, सितंबर 2025 में पाकिस्तान को हराकर भारत ने एशिया कप 2025 जीतकर जीत की हैट्रिक पूरी की।

बीसीसीआई ने इनामों की लुटाई बारिश: कुल 204 करोड़ का ऐलान

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इन तीनों ऐतिहासिक जीतों के बाद खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ पर इनामों की बारिश कर दी: टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीत पर: 125 करोड़, चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीत पर: 58 करोड़, एशिया कप 2025 जीत पर: 21 करोड़, कुल इनाम राशि: 204 करोड़ यह अब तक की सबसे बड़ी कुल इनामी राशि है जो किसी भी भारतीय टीम को दी गई है।

यह न केवल खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का सम्मान है, बल्कि इस बात का भी प्रमाण है कि बीसीसीआई खिलाड़ियों की मेहनत को कितनी गंभीरता से लेता है।

पाकिस्तान पर ट्रिपल जीत

एशिया कप 2025 भारत के लिए खास रहा। 22 अप्रैल को हुए पहलगाम हमले और 7 मई को हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए मैचों पर सबकी नजरें थीं। ऐसे माहौल में भारत ने पाकिस्तान को तीन बार हराया, जिसमें फाइनल में मिली 5 विकेट की जीत भी शामिल थी। यह न केवल खेल की जीत थी, बल्कि एक मजबूत संदेश भी।

**हर मैच में रहा भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा**

टीम इंडिया के इस सुनहरे दौर में खिलाड़ियों ने हर स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन किया।

कप्तान रोहित शर्मा की रणनीतियां, जसप्रीत बुमराह की घातक गेंदबाजी, सूर्यकुमार यादव और शुभमन गिल की ताबड़तोड़ बल्लेबाज़ी – हर विभाग में टीम ने एकजुट होकर खेल दिखाया।

# टीम इंडिया का स्टार खिलाड़ी संन्यास पर विंडीज दौरे से पहले बड़ा झटका!

**नई दिल्ली.** टीम इंडिया अब वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने वाली है. वहीं, टीम इंडिया ने अपनी आखिरी टेस्ट सीरीज इंग्लैंड के खिलाफ खेली थी. इस सीरीज का हिस्सा रहे एक स्टार खिलाड़ी ने अचानक संन्यास का ऐलान कर दिया है. इस खिलाड़ी ने अब इंटरनेशनल क्रिकेट ना खेलने का फैसला लिया है, इसी के साथ उसका 14 साल का लंबा करियर भी खत्म हो गया है. बड़ी बात ये भी है कि इस खिलाड़ी को आगामी सीरीज के लिए टीम में नहीं चुना गया है.इंग्लैंड के अनुभवी ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने 36 साल की उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है. 2013 में डेब्यू करने वाले क्रिस वोक्स ने इंग्लैंड के लिए कुल 217 मुकाबले खेले, जहां उन्होंने अपने प्रदर्शन से टीम को कई यादगार पल दिए. अपने संन्यास का ऐलान करते हुए वोक्स ने कहा, 'वो पल आ गया है और मैंने फैसला लिया है कि मेरे लिए इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने का सही समय है. इंग्लैंड के लिए खेलना एक ऐसी चीज थी, जिसे मैं तब से करना चाहता था, जब मैं एक बच्चा था और घर के पीछे बगीचे में सपने देखता था, और मैं उन सपनों को जीने के लिए अविश्वसनीय रूप से भाग्यशाली महसूस करता हूं.'



वोक्स का सफर 2011 से शुरू हुआ, जब उन्होंने पहली बार इंग्लैंड के लिए खेला. टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने 62 मैच खेले, जहां 192 विकेट झटके और पांच बार पारी में पांच विकेट लेने का कमाल किया. इसके अलावा, उन्होंने 2018 में लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ एक शतक भी लगाया था. वहीं, वनडे में 122 पारियों में 173 विकेट चटकाए और टी20 में 33 मैचों में 31 विकेट अपने नाम किये.बता दें, इंग्लैंड की टीम एशेज सीरीज 2025-26 के लिए नवंबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी, जहां दोनों टीमों के बीच 5 टेस्ट मैच खेले जाएंगे. इस सीरीज के लिए हाल ही में इंग्लैंड की टीम का ऐलान किया गया था, लेकिन क्रिस वोक्स को इस टीम में जगह नहीं मिली थी. इसके 6 दिन बाद ही क्रिस वोक्स ने संन्यास का ऐलान किया है.

# ट्रॉफी लेने से टीम इंडिया ने किया इनकार

## एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी पर उठे सवाल



**नई दिल्ली.** एशिया कप 2025 का खिताब जीतने के बाद जहां टीम इंडिया और उसके फैंस जश्न मना रहे थे, वहीं ट्रॉफी वितरण समारोह में एक बड़ा विवाद सामने आया जिसने सभी का ध्यान खींचा। पाकिस्तान को हराकर एशिया कप की विजेता बनी भारतीय टीम ने ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया, क्योंकि ट्रॉफी प्रदान करने वाले व्यक्ति थे एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के मौजूदा अध्यक्ष मोहसिन नकवी – जो साथ ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन और पाकिस्तान सरकार में गृह मंत्री (इंटीरियर मिनिस्टर) भी हैं। नियमों के अनुसार, एशिया कप की विजेता टीम को ट्रॉफी एसीसी के अध्यक्ष द्वारा सौंपी जाती है। लेकिन इस बार मामला अलग था। मोहसिन नकवी सिर्फ एसीसी अध्यक्ष नहीं, बल्कि पाकिस्तान सरकार के प्रभावशाली मंत्री भी हैं। मौजूदा हालात को देखते हुए – खासकर पहलगाम आतंकी हमले और हालिया भारत-पाक संबंधों में तनाव के मद्देनज़र – भारतीय टीम ने राजनीतिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए उनसे ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। सूत्रों के अनुसार, बीसीसीआई (बीसीसीआई) और टीम प्रबंधन ने पहले से यह फैसला कर लिया था कि वे किसी पाकिस्तानी सरकारी प्रतिनिधि से ट्रॉफी नहीं लेंगे, भले ही वह एसीसी के पद पर ही क्यों न हों।

टीम इंडिया ने तो मोहसिन नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से मना कर दिया. लेकिन, उसके बाद जो उनका रवैया रहा, वो बीसीसीआई के लिए बर्दाश्त करना मुश्किल हो गया. बीसीसीआई ने कहा था कि भारतीय टीम को ट्रॉफी मोहसिन नकवी से ना दिलाकर अमीरात क्रिकेट बोर्ड के वाइस प्रेसीडेंट से दिला दिया जाए. मगर ऐसा करने बजाए एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी, जो एशिया कप टूर्नामेंट के सबसे जिम्मेदार शख्स थे, ट्रॉफी लेकर ही अपने होटल में चले गए. मोहसिन नकवी के इस रवैए पर अब बीसीसीआई फुल एक्शन के मूड में लग रही है. बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत साइकिया ने हालांकि पहले मोहसिन नकवी को अपनी गलती को सुधारने का एक चांस दिया है. उन्होंने कहा कि उम्मीद करते हैं कि वो एशिया कप की ट्रॉफी को भारतीय टीम को जल्दी से जल्दी लौटा देंगे. लेकिन, अगर ऐसा नहीं होता है तो बीसीसीआई ने इसके खिलाफ एक्शन लेने की बात कही है. देवजीत साइकिया के मुताबिक बीसीसीआई इसे लेकर नवंबर में दुबई में होने वाली आईसीसी की कॉन्फ्रेंस में विरोध जता सकता है और शिकायत कर सकता है. मतलब देखा जाए तो मोहसिन नकवी के पास भारत को ट्रॉफी रिटर्न करने के लिए अक्टूबर तक का वक्त है.एशिया कप 2025 के फाइनल मुकाबले की बात करें तो इसमें भारत ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया. भारत ने टॉस जीतकर पाकिस्तान को पहले बल्लेबाजी के लिए उतारा, जिसके बाद उन्होंने 20 ओवर में 146 रन बनाए. जवाब में भारत ने 147 रन के लक्ष्य को 20वें ओवर में ही 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया.

# रिंकू सिंह का धमाकेदार विनिंग शॉट

**नई दिल्ली**. एशिया कप के फाइनल मैच में पाकिस्तान को भारतीय टीम ने 5 विकेट से शिकस्त दी. इस मैच में रिंकू सिंह ने विनिंग शॉट लगाया. पिच पर उस समय मौजूद रहे रिंकू सिंह ने जब विनिंग चौका मारा तो दर्शकों से लेकर पूरा देश जीत के जश्न में डूब गया. दुबई में हुआ ये मैच काफी रोमांचक रहा. रिंकू सिंह की मंगेतर सांसद प्रिया सरोज ने भी जीत की खुशी सोशल मीडिया पर जाहिर की. उन्होंने इंडियन क्रिकेट टीम की प्लेयर्स का पोस्टर शेयर किया और इंडिया-इंडिया लिखकर देश को जीत की बधाई दी. जब रिंकू सिंह से पूछा गया कि उन्होंने टूर्नामेंट में कितनी बॉल खेली हैं तो उन्होंने मुस्कुराकर कहा कि सिर्फ एक. उन्होंने कहा कि जितना भी बॉल मिलता उतना ही अपनी टीम के लिए कॉन्ट्रीब्यूट करता. जीत के लिए लास्ट बॉल पर एक रन चाहिए था तो शॉट पड़ गया. उन्होंने कहा कि सबको पता है कि मैं फिनिशर हूं और इसी के तौर पर जाना भी जाता हूं. वही मौका आज भी मिला था. एक ही बॉल मिली और टीम जीत गई, ऐसे में माहौल बहुत अच्छा है.

रिंकू सिंह के विनिंग शॉट के बात उनकी मंगेतर प्रिया सरोज से वीडियो कॉल पर बात हुई दोनों ने जीत की खुशी जाहिर की. रिंकू सिंह से बातचीत की फोटो सांसद प्रिया सरोज ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर की.

रिंकू सिंह से पूछा गया कि क्या वो भगवान के प्लान पर भरोसा रखते हैं. रिंकू सिंह ने जवाब में कहा कि'हां, मुझे लगता है कि भगवान ने लिख रखा होता है'. इसके बाद रिंकू सिंह को एक पेपर पर उनका ही लिखा नोट दिखाया गया, इस पर विनिंग शॉट को लेकर लिखा गया था.

# अभिषेक-तिलक का अगला मिशन शुरू



**नई दिल्ली**. भारत को एशिया कप जिताने के बाद अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा अब अपने अगले मिशन पर निकलने वाले हैं. शर्मा जी और वर्मा जी के बेटे का ये नया मिशन इंडिया ए टीम से जुड़ा है, जिसे 30 सितंबर से ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ शुरू हो रही वनडे सीरीज में खेलना है. दोनों टीमों के बीच 3 वनडे की सीरीज होनी है लेकिन अभिषेक और तिलक उसमें सिर्फ बाद के दो मुकाबले यानी की दूसरे और तीसरे वनडे में खेलते दिखेंगे.

**दुबई से 2550 किलोमीटर दूर अगला मैच**

इंडिया ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच वनडे सीरीज के तीनों मुकाबले कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले जाने हैं. यानी अभिषेक और तिलक दोनों अब अपना अगला मैच ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दुबई से 2550 किलोमीटर दूर कानपुर में खेलेंगे. इंडिया ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच दूसरा वनडे 3 अक्टूबर को और तीसरा वनडे 5 अक्टूबर को खेला जाना है.

**ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ वनडे सीरीज में खेलेंगे**

ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए इंडिया ए का जब सेलेक्शन हुआ था तो उसमें अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा भी शामिल किए गए थे. इन दोनों खिलाड़ियों को सिर्फ दूसरे और तीसरे वनडे के लिए चुना गया. इनके अलावा हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह को भी दूसरे और तीसरे वनडे के लिए इंडिया ए टीम में शामिल किया गया है.

**एशिया कप 2025 में छाए रहे दोनों बल्लेबाज**

अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा का एशिया कप में प्रदर्शन काफी दमदार रहा था. अभिषेक जहां टूर्नामेंट के हीरो बने वहीं तिलक वर्मा ने फाइनल में अपनी हीरो वाली छाप छोड़ी. वो फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच बने. अभिषेक शर्मा ने पूरे टूर्नामेंट में 314 रन बनाए जबकि तिलक वर्मा ने फाइनल में नाबाद 69 रन की मैच विनिंग पारी खेलने के अलावा टूर्नामेंट में 213 रन बनाए. अब जब ये दोनों खिलाड़ी दुबई से कानपुर पहुंचेंगे तो इनसे वैसे ही धमाकेदार प्रद्रर्शन की उम्मीद इंडिया ए टीम को भी रहेगी.

# सूर्यकुमार यादव का बड़ा दिल, पूरी मैच फीस दान

**नई दिल्ली**. भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव एशिया कप के सभी मैचों की अपनी मैच फीस भारतीय सेना और पहलगाम के पीड़ितों को दान करेंगे. सूर्यकुमार यादव ने रविवार रात दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप जीतने के बाद इसकी घोषणा की है. इससे पहले भारतीय कप्तान ने एशिया कप का पहला मैच भी जीतने के बाद सेना और पहलगाम हमले में शहीद हुए लोगों के परिजनों को समर्पित किया था. उन्होंने ट्वीट कर कहा कि मैंने इस टूर्नामेंट से मिलने वाली अपनी मैच फीस दान करने का फैसला किया है, ताकि हमारे सशस्त्र बलों और पहलगाम आतंकी हमले में



मारे गए लोगों के परिवारों की मदद की जा सके. रविवार रात दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के फाइनल मैच में तिलक वर्मा ने शानदार अर्धशतक बनाया और संजू सैमसन और शिवम दुबे के साथ उपयोगी साझेदारियां कीं. इन तीनों की बेशकीमती की पारियों की वजह से ही भारत ने पाकिस्तान को हराया है. वहीं इस जीत के साथ भारत ने अपना दूसरा टी20 अंतर्राष्ट्रीय एशिया कप खिताब और एकदिवसीय संस्करण सहित कुल नौवां खिताब जीता है.

भारतीय सेना को दान करना चाहता हूं सभी मैच फीस

पाकिस्तान को हराने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा मैं इस टूर्नामेंट में खेले गए

सभी मैचों की अपनी मैच फीस भारतीय सेना को दान करना चाहता हूं. हालाँकि, मैच के बाद पुरस्कार समारोह में भारत ने अपने मेडल और ट्रॉफी स्वीकार नहीं की, जिससे दर्शकों और खिलाड़ियों में निराशा हुई. भारतीय टीम को पाकिस्तान के एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ट्रॉफी देने वाले थे, जिसे भारतीय खिलाड़ियों ने लेने से इनकार कर दिया. पूरी भारतीय टीम ने बिना ट्रॉफी के ही मैदान पर जश्न मनाया.

भारतीय टीम ने एशिया कप 2025 में अपना पहला मैच 14 सितंबर को दुबई अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था. भारतीय टीम ने भी शानदार प्रदर्शन किया और यह मैच जीत लिया. मैच के बाद की प्रस्तुति का हिस्सा रहे सूर्यकुमार यादव ने इस जीत को भारतीय सेना और पहलगाम हमले के पीड़ितों को समर्पित किया. अब फाइनल के बाद सूर्या ने भारतीय सेना को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है.

# बसपा से गठबंधन रोकने में जुटी भाजपा

> दलित नेता उदित राज को आशंका क्यों

**नई दिल्ली.**



कांग्रेस के दलित नेता और पूर्व सांसद डॉ उदित राज ने दावा किया है कि यूपी में इंडिया गठबंधन को रोकने के लिए भाजपा बड़ा खेल कर रही है। भाजपा इस बार मायावती की बसपा को परोक्ष रूप से लड़ाएगी। उदित राज ने यह दावा बसपा की नौ अक्टूबर को होने वाली रैली को लेकर किया है। मायावती करीब पांच साल बाद इस तरह की रैली करने जा रही हैं। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अल्पसंख्यकों एवं आदिवासी संगठनों का परिसंघ (डोमा परिसंघ) के राष्ट्रीय चैयरमैन डॉ उदितराज ने कहा कि चुनाव में 50-60 सीट भी यदि बसपा जीतती है तो इंडिया गठबंधन को आसानी से रोका जा सकता है।

एक दिन पूर्व लखनऊ में हुए डोमा परिसंघ की बैठक के बारे में सोशल मीडिया के जरिये जानकारी देते हुए डॉ उदितराज ने कहा कि नौ अक्टूबर को कांशीराम राम की पुण्यतिथि पर बहुजन समाज पार्टी लखनऊ में बड़ा सम्मेलन करने जा रही है। कांशीराम जी का योगदान महान है, उनकी पुण्यतिथि मनाना हमारी जिम्मेदार है, लेकिन उनकी विरासत का लाभ मनुवादी ताकतों को पहुंचाना धोखा है। उन्होंने कहा कि जब वोट चोरी से लोकतंत्र कमजोर किया जा रहा है तो कार्यकर्ताओं को उसके खिलाफ मैदान में उतरना चाहिए। यही कांशीराम को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

उन्होंने कहा कि बसपा जब-जब सत्ता में आयी अनुसूचित जाति और जन जातियों के अधिकारों पर कुठाराघात किया। जितना विकास दलितों का कांग्रेस ने किया अगर वही बचा रहता तो अब तक ये और आगे निकल गए होते। उन्होंने कहा कि छह सितंबर 2011 को मायावती जी की सरकार ने उप्र में अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए बने छात्रावासों में से 30 प्रतिशत सामान्य वर्ग के लिए आदेश निकाल दिया था। उप्र में करीब 266 हॉस्टल हैं, ज्यादातर कांग्रेस की सरकारों ने बनाए थे।

डॉ उदितराज ने कहा कि मायावती ने मुख्यमंत्री के रूप में 20 मई 2007 को एक सरकारी आदेश जारी किया था। इसमें यह प्रावधान था कि एससी/एसटी एक्ट का उपयोग तभी हो जब सीओ जांच कर केस सही पाएं। इसके साथ ही आरोपियों की गिरफ़्तारी केवल चार्जशीट दायर होने पर हो सकती है। इस तरह से इस एक्ट को कमजोर किया।

### 11 लाख आउटसोर्स कर्मचारियों की नियुक्ति लंबित

प्रदेश की भाजपा सरकार को मजदूर विरोधी बताते हुए उन्होंने कहा कि यह सरकार इतना मजदूर विरोधी है कि उच्चतम न्यायालय के निर्णय धर्म सिंह बनाम उत्तर प्रदेश सरकार (19 अगस्त, 2025) के बावजूद इनके हक पर डाका डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि आउटसोर्स सेवा निगम लिमिटेड राज्य में आउटसोर्स कर्मचारियों को तीन साल के लिए 16,000-20,000 रुपये के मासिक मानदेय पर नियुक्त करेगा।

# दिल्ली में सताएगी गर्मी

> सौराष्ट्र-कच्छ में भारी बारिश का रेड अलर्ट

**नई दिल्ली.**



मौसम विभाग ने गुजरात के कच्छ और सौराष्ट्र में सोमवार (29 सितंबर) को भारी बारिश की चेतावनी दी है। आईएमडी की तरफ से इन दोनों जगहों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। गुजरात और महाराष्ट्र के अधिकतर हिस्सों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, दिल्ली और आसपास के इलाकों में बारिश की संभावना बेहद कम है। नागपुर और आसपास के हिस्सों में भी मौसम साफ रहेगा। आईएमडी ने केरल के तटीय इलाकों, अरुणाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल समेत उत्तर भारतीय हिस्सों में मौसम साफ रहने का अनुमान जताया है।

देश से मानसून की वापसी शुरू हो चुकी है। जम्मू कश्मीर, पंजाब और उत्तराखंड से मानसून वापस भी जा चुका है। दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों से भी मानसून लौट चुका है। 15 अक्टूबर तक पूरे देश से मानसून के वापस लौटने के आसार हैं। इसके बाद ठंड का मौसम दस्तक दे सकता है।

दिल्ली में रविवार को अधिकतम तापमान 38.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से 2.9 डिग्री अधिक है। आईएमडी ने बताया कि दिल्ली में न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के औसत तापमान से 4.9 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग ने दिल्ली में सोमवार को आसमान साफ रहने तथा अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 35 डिग्री सेल्सियस और 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान जताया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, राजधानी में रविवार शाम चार बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 131 दर्ज किया गया, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है।

मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश समेत देश के अधिकतर राज्यों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में तेज बारिश हो सकती है, लेकिन नागरिकों को किसी भी तरह की परेशानी होनी की आशंका नहीं है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्से, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, असम और सिक्किम के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

# अमेरिका में चर्च पर बढ़ते हमले

> हर दिन नया निशाना

**वाशिंगटन.**



अमेरिका के मिशिगन स्थित एक चर्च में रविवार को गोलीबारी और आगजनी हुई. मिशिगन के ग्रैंड ब्लैंक स्थित चर्च ऑफ जीसस क्राइस्ट ऑफ लैटर-डे सेंट्स चैपल में यह हमला हुआ. इस हमले में 5 लोगों की मौत हुई और 8 घायल हैं. अमेरिका में जहां ईसाई बहुल आबादी है, उसके बाद भी देश में चर्च पर हो रहे हमलों की संख्या समय के साथ बढ़ती जा रही है. फैमिली रिसर्च काउंसिल ने 11 अगस्त को एक रिपोर्ट जारी की. यह रिपोर्ट बताती है कि 2024 में अमेरिका में चर्चों पर 415 हमले हुए. इन हमलों में चर्च में तोड़फोड़, आगजनी, बम धमकी और गोलीबारी से जुड़ी घटनाएं शामिल हैं.

अमेरिका एक ईसाई बहुल देश है. देश में 62% ईसाई रहते हैं. वहीं, 2% यहूदी, 1% मुसलमान, 1% बौद्ध, 1% हिंदू हैं. वहीं, 29 प्रतिशत धार्मिक रूप से असंबद्ध रेलीगियस्ली अनाफ़िलिटेड हैं. वहीं, दूसरी तरफ फैमिली रिसर्च काउंसिल चर्चों के खिलाफ दुश्मनी रिपोर्ट सीरीज के तहत 2018 से अमेरिका के सभी संप्रदायों के चर्चों पर हमलों को ट्रैक कर रही है. अब तक ऐसे हमलों की कुल संख्या 1,384 तक पहुंच गई है.

रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल ज्यादातर मामलों में चर्च में तोड़फोड़ (वैंडलिज्म) दर्ज की गई. जिनकी संख्या 284 दर्ज की गई. रिपोर्ट में 55 आगजनी, 14 बम धमकी और 28 बंदूक से जुड़े मामले भी दर्ज किए गए. जो 2023 की तुलना में दोगुना से भी ज्यादा है. इसके अलावा 47 घटनाओं को अन्य कैटेगरी में रखा गया. राज्यों में कैलिफोर्निया 2024 में 40 घटनाओं के साथ सबसे आगे रहा, इसके बाद पेंसिल्वेनिया (29), फ्लोरिडा और न्यूयॉर्क (25-25), टेक्सास (23), और टेनेसी और ओहायो (19-19) रहे. एफआरसी के अध्यक्ष टोनी पर्किन्स ने चर्च पर हो रहे हमलों को आस्था के प्रति गहरी सांस्कृतिक दुश्मनी का संकेत बताया. उन्होंने कहा, यह रिपोर्ट साफ तौर पर दिखाती है कि धार्मिक स्वतंत्रता आज अमेरिका में गंभीर खतरों का सामना कर रही है.

कैथोलिकवोट ने मई 2020 से अब तक कम से कम 518 कैथोलिक चर्चों पर हमलों का रिकॉर्ड रखा है. कैलिफोर्निया, न्यूयॉर्क, पेंसिल्वेनिया और टेक्सास जैसे राज्यों में कैथोलिक चर्चों पर सबसे ज्यादा हमले हुए हैं.

# चीन ने बनाया दुनिया का सबसे ऊंचा ब्रिज!

**बीजिंग.**



चीन ने दुनिया के सबसे ऊंचे ब्रिज को जनता के लिए खोल दिया है. इस ब्रिज का नाम हुआजियांग ग्रैंड कैन्यन ब्रिज है. इसे दुनिया का सबसे ऊंचा पुल माना जा रहा है. यह ब्रिज एफिल टावर से दोगुना ऊंचा है. एफिल टावर की ऊंचाई 330 मीटर है. इस ब्रिज की ऊंचाई 625 मीटर है. इस पुल ने हुआजियांग ग्रैंड कैन्यन के दोनों किनारों के बीच की यात्रा को बेहद आसान बना दिया है. कनेक्टिविटी की नई मिसाल यह पैदा करता है. यह ब्रिज दो घंटे की दूरी को 2 मिनट में तय करता है. जहां पहले एक तरफ से दूसरी तरफ जाने में दो घंटे लगते थे, अब सिर्फ दो मिनट में पार किया जा सकता है.

28 सितंबर को राज्य मीडिया ने इस ब्रिज का लाइव ड्रोन फुटेज पूरी दुनिया के सामने रखा. इस वीडियो में ब्रिज की अलग ही तस्वीर दिखाई दे रही है. ब्रिज बादलों से घिरा हुआ है. इस पुल पर गाड़ियां खड़ी हुई भी दिखाई गई हैं. पुल के उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे. प्रोजेक्ट के इंजीनियरों और स्थानीय अधिकारियों ने लाइव इंटरव्यू में गर्व और उत्साह व्यक्त किया.

पिछले महीने इस पुल की मजबूती की जांच के लिए कड़े टेस्ट किए गए. इंजीनियरों की एक टीम ने लोड टेस्ट के दौरान 96 ट्रकों को पुल पर रणनीतिक स्थानों पर खड़ा किया, ताकि भारी ट्रैफिक की स्थिति को परखा जा सके. 400 से अधिक सेंसरों ने पुल के मेन स्पैन, टावर, केबल और सस्पेंडर्स पर जरा-सी भी हलचल पर नजर रखी, जिससे इसकी मजबूती और सुरक्षा सुनिश्चित हुई.

# एम्स ऋषिकेश में 8 करोड़ का घोटाला

> सीबीआई ने दर्ज किया केस

**देहरादून.**



ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस ऋषिकेश एक बार फिर सुर्खियों में है. इस बार एम्स ऋषिकेश में करोड़ों रुपये के घोटाले ने पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं.

असल में ये पूरा मामला कार्डियोलॉजी विभाग के सीसीयू (कोरोनरी केयर यूनिट) में 8 करोड़ रुपये के घोटाले से जुड़ा हुआ है, जिसमें घटिया उपकरण और अधूरी सप्लाई का आरोप है. अब इस पूरे मामले की जांच सीबीआई के हाथों में है. सीबीएसई ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

असल में ये पूरा मामला एम्स ऋषिकेश में कार्डियोलॉजी विभाग के सीसीयू से जुड़ा है. आरोप है कि 16 बेड वाली इस यूनिट पर 8 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किए गए, लेकिन मरीजों को इसका कोई फायदा नहीं मिला है. जानकारी के मुताबिक, 5 दिसंबर 2017 को एम्स प्रशासन ने टेंडर जारी किया था.

काम दिल्ली की कंपनी एमएस प्रो मेडिक डिवाइसेस को सौंपा गया. कंपनी ने 2019-20 में दो बार में उपकरणों की सप्लाई की और इसके बदले एम्स को 8.08 करोड़ रुपये का बिल थमा दिया, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि यूनिट कभी शुरू ही नहीं हुई. मरीजों के लिए जो बेड लगाए गए, वे सिर्फ दिखावे तक ही सीमित रह गए.

सीबीआई और एम्स अफसरों ने 26 मार्च को जब संयुक्त जांच की तो इसमें गंभीर खामियां नजर आईं. रिपोर्ट के मुताबिक, कई उपकरणों की गुणवत्ता बेहद खराब थी.

कुछ सामान पूरी तरह से गायब मिले. कई मशीनें तय स्पेसिफिकेशन से मेल ही नहीं खाती थीं. यहां तक कि टेंडर से जुड़ी अहम फाइलें भी गायब कर दी गईं.

इस घोटाले में एम्स के पूर्व निदेशक डॉ. रविकांत, पूर्व खरीद अधिकारी डॉ. राजेश पसरीचा और पूर्व स्टोर कीपर रूप सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. इनके अलावा कुछ अज्ञात सरकारी कर्मचारियों और निजी लोगों पर भी शक जताया गया है.

सीबीआई ने 26 सितंबर को इस मामले में आधिकारिक रूप से केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# 550 साल पुराने मंदिर में होती है ज्योति की पूजा

> महिलाओं के प्रवेश पर सख्ती

**नई दिल्ली.**

इन दिनों देश भर में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की पूजा अर्चना में भक्त लीन हैं. दुर्गा पूजा को लेकर लोगों के अंदर खासा उत्साह है. पूजा के लिए कहीं किसी मन्दिर में कोई पाबंदी नहीं होती है. अमूमन महिलाएं मन्दिर में प्रवेश कर पूजा अर्चना करती है, लेकिन बिहार के भागलपुर में एक ऐसा मन्दिर है जहां मन्दिर के अंदर महिलाओं के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध है. महिलाएं मंदिर के बाहर से ही पूजा अर्चना करती हैं. यह मंदिर भागलपुर के नवगछिया के पुनामा प्रताप नगर वाली भगवती महारानी की है. यहां मंदिर 550 साल से मां भगवती महारानी की पूजा अर्चना होती है. यहां माता की प्रतिमा स्थापित नहीं होती है. इस मंदिर में नवरात्रि के नौ दिन अखंड ज्योति और कलश की पूजा होती है. बताया जाता है कि चंदेल वंश के राजा प्रताप राव ने 1526 में पुनामा प्रताप नगर में दुर्गा की स्थापना की थी. उन्होंने असम के कामाख्या मंदिर से माता की अखंड ज्योति यहां लाया था, जिसके बाद यहां तांत्रिक विधि से माता की पूजा-अर्चना की जाती है. नवरात्रि के नौ दिनों में इसी अखंड ज्योति की पूजा की जाती है, जहां मूर्ति की पूजा नहीं होती है. इसके अलावा, यहां 64 योगिनियों की भी पूजा-अर्चना की जाती है.

लोग बतातें हैं कि जब यह अखंड ज्योति लायी गयी थी तभी से मंदिर के गर्भ गृह में महिलाओं का प्रवेश वर्जित है. तब से ही यह प्रथा चली आ रही है. हांलाकि किसी महिलाओं को इससे आपत्ति भी नहीं है. महिलाएं बखूबी परंपरा का निवर्हन करती हैं.

# बेटे ने मां-पिता और पत्नी को मारा

> हड़पे 39 करोड़

**लखनऊ.**



उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में विभिन्न कंपनियों से 39 करोड़ का बीमा क्लेम करने के मामले में एक कंपनी के प्रतिनिधि ने आरोपी बेटे के खिलाफ हापुड़ नगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है. आरोपी बेटे ने पहले अपनी पत्नी और माता-पिता का बीमा कराया और बाद में बारी-बारी से उनकी हत्या कर दी. पुलिस ने रिपोर्ट करने के बाद मेरठ के रहने वाले आरोपी विशाल कुमार और उसके दोस्त को मोदीनगर रोड से गिरफ्तार किया है.

बता दे कि निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि संजय कुमार ने मेरठ के गंगानगर निवासी और फोटोग्राफर की दुकान करने वाले मृतक बीमाधारक मुकेश सिंघल के नामांकित (बेटे) विशाल कुमार के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है. संजय कुमार के अनुसार, मृतक मुकेश सिंघल निवा बूपा के साथ-साथ टाटा एआईजी, मैक्स लाइफ, टाटा एआईए, आदित्य बिड़ला, एचडीएफसी एर्गो, मैक्स लाइफ सहित कई कंपनियों के बीमा पॉलिसी धारक थे. उनकी घोषित सालाना आय 12 से 15 लाख रुपये थी, जबकि उनका कुल बीमा क्लेम करीब 39 करोड़ रुपये हैं. पॉलिसी में उनके नामांकित बेटे विशाल कुमार ने बीमा कंपनी में क्लेम किया था.

इसमें बताया गया था कि 27 मार्च 2024 को दिन में जब मुकेश सिंघल गढ़ गंगा से लौट रहे थे, तब सड़क दुर्घटना के बाद अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया गया था. यहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. लेकिन नवजीवन अस्पताल के मेडिकल रिकॉर्ड के मुताबिक दुर्घटना रात में हुई थी.

बाद में उनकी मौत मेरठ के आनंद अस्पताल में दिखाई गई. उनका आरोप है कि विशाल ने सड़क दुर्घटना की बताई गई थी. हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दुर्घटना जैसी चोट के निशान नहीं मिले. बीमा क्लेम की इतनी बड़ी राशि, घोषित आय में भारी अंतर और हत्या की साजिश धोखाधड़ी की ओर इशारा करती है. हालांकि, कुछ कंपनियों से विशाल को अब तक करीब एक करोड़ रुपये का क्लेम मिलने की बात पुलिस पूछताछ में सामने आई है.

# छह देशों के नेताओं ने कही अहम बातें

**वाशिंगटन.**

संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र में कई देशों ने स्पीच दी. इस मौके पर जहां अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की स्पीच को लाखों लोगों ने तो सुना ही. वहीं, कई ऐसे भी छोटे देश हैं जिनकी स्पीच को लोगों ने बड़ी संख्या में सुना. इन देशों की स्पीच यूएन के यूट्यूब पेज पर जमकर वायरल हुई.

मुस्लिम बहुल देश इंडोनेशिया, केन्या, थाईलैंड, नाइजीरिया, साउथ कोरिया और कोलंबिया देशों की स्पीच को बड़ी तादाद में लोगों ने सुना. इस मौके पर यूएन में वैश्विक विकास, शांति और अंतरराष्ट्रीय न्याय समेत कई मामलों को लेकर चर्चा की गई.

जिस देश में भारत के लोग सबसे ज्यादा यात्रा करते हैं, थाईलैंड, उस देश के विदेश मंत्री की यूएन स्पीच को बड़ी संख्या में लोगों ने सुना. थाई विदेश मंत्री सिहसाक फुआंगकेटकाओ की स्पीच को 1.91 लाख लोगों ने सुना. इस मौके पर थाई विदेश मंत्री ने कहा, यूक्रेन युद्ध, गाजा संकट और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों का असर आम लोगों पर पड़ रहा है. उन्होंने महिला भागीदारी, वैश्विक सहयोग और कंबोडिया सीमा विवाद के शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया. साथ ही उन्होंने कहा कि थाईलैंड हमेशा शांति का पक्षधर रहेगा.

यूएन के यूट्यूब पेज पर इंडोनेशिया की स्पीच को 1 लाख 73 हज़ार लोगों ने सुना. इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो ने संबोधित किया. इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने 80वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए वैश्विक शांति, न्याय और समान अवसर की अपील की. उन्होंने 19 मिनट की स्पीच दी.

सुबियांतो ने घोषणा की कि इंडोनेशिया गाजा या फिलिस्तीन के अन्य हिस्सों में शांति स्थापित करने के लिए 20,000 या उससे भी ज्यादा अपने देश के युवाओं को भेजने के लिए तैयार है.

# ऑनलाइन गेम की हार पर महिला ने बनाई फर्जी अपहरण कहानी

**नई दिल्ली.**



ऑनलाइन गेमिंग का चस्का अच्छा नहीं होता. गेमिंग तो शौकिया तौर पर शुरू होती है, मगर इसकी लत लगते भी देर नहीं लगती. कभी कभार तो ऑनलाइन गेमिंग का चस्का आपकी जिंदगी तक बर्बाद कर देता है. ठीक ऐसा ही एक मामला सामने आया है उत्तर प्रदेश के नोएडा से. यहां एक युवक ऑनलाइन गेम में पांच लाख रुपये हार गया. ये रकम उसने कर्ज पर ली थी. अब कर्ज कैसे चुकाएं, इसके लिए उसने एक शातिर प्लान बनाया. जिसे जानकर आप भी दंग रह जाएंगे. कर्ज में डूबे युवक ने पहले तो अपनी ही किडनैपिंग की झूठी कहानी बनाई. फिर अपने ही परिवार से 20 लाख की फिरौती मांगी. मगर युवक की सारी चालाकी धरी की धरी रह गई और उसके झूठ का भंडाफोड़ हो गया. पुलिस ने युवक को हिमाचल प्रदेश के सोलन से ढूंढ निकाला. फिर गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में पता चला कि उसने कर्ज चुकाने और मौज-मस्ती करने के लिए यह योजना बनाई थी.

जानकारी के मुताबिक, पहले आशाराम नामक युवक कासगंज से अपने जीजा के घर नोएडा आया. फिर वहां से कहीं चला गया. 21 सितंबर को उसने खुद ही अपने अपहरण की कहानी रची थी. घर वालों से फिरौती मांगकर वो हिमाचल चला गया. यहां वो पहले नौकरी किया करता था. युवक के परिजनों ने फेज दो थाना पुलिस के पास जाकर मामला दर्ज करवाया. फिर पुलिस ने सोलन से युवक को सकुशल बरामद कर जेल भेज दिया. उससे पांच एटीएम, एक आधार कार्ड और एक मोबाइल मिला.

जीजा शिवम ने बताया- मुझे वाट्सअप पर एक फोटो और मैसेज भेजा गया था. इसमें आशाराम के हाथ-पैर बंधे और मुंह पर रूमाल बंधा था. साथ ही 20 लाख रुपये देने की मांग थी. मैंने डरकर पांच हजार रुपये भेज दिए. मगर बार में मैंने पुलिस को भी बता दिया. पुलिस ने जांच की तो आशाराम की लोकेशन हिमाचल प्रदेश के सोलन की मिली. पुलिस भी सोलन के बद्दी पहुंची. वहां आशाराम की फोटो से उसके बारे में पता लगाने की कोशिश की जाने लगी. फोटो में जो बिल्डिंग दिख रही थी, स्थानीय लोग पुलिस को लेकर वहां पहुंचे. यह 40 कमरों की एक बिल्डिंग थी. पुलिस ने फिर वहीं से आशाराम को सही सलामत ढूंढ निकाला. तब आशाराम ने उनके सामने सारा राज उगल दिया.

# मंदिर के पास प्रसाद बेचने वाले विधर्मी की ठुकाई करो!

> साध्वी प्रज्ञा के बयान पर उठे सवाल

**भोपाल.**




भोपाल की पूर्व बीजेपी सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने एक बार फिर गैर हिंदुओं को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा, 'विधर्मियों के हाथ की बनी कोई चीज नहीं खाना है। मंदिर के आसपास ऐसे लोग मिलें तो ठुकाई करो। न उनको बेचने देंगे, न आने देंगे।

उन्होंने कहा, अपने घर में किसी भी विधर्मी को न आने दें, चाहें वो लाइट फिटिंग, नल फिटिंग या सफाई वाला क्यों न हो। विधर्मियों को सबक सिखाने के लिए घर में हथियार रखो। इसके अलावा साध्वी ने महात्मा गांधी और पंडित जवाहर लाल नेहरू को लेकर भी तंज कसा। साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने रविवार को भोपाल के छोला इलाके में दुर्गा वाहिनी पथ संचालन कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा, "मंदिरों में नवरात्रि में ऐसे कई ग्रुप बनाकर खोजना पड़ेगा कि हमारे मंदिरों के आसपास प्रसाद कौन बेचता है? अगर प्रसाद बेचते हुए कोई विधर्मी का पता चले तो जितनी हो सके उसकी ठुकाई करो।

विधर्मियों से हम प्रसाद नहीं खरीदेंगे। न उनको बेचने देंगे और ना ही मंदिर में आने देंगे। साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने ये भी कहा कि दुश्मन घर की दहलीज पार करे तो बीच से काट दो। घर में हथियार रखो। मैंने ये कहा है कि आपको अपने घरों में हथियार रखना चाहिए। हथियारों को जरा धार तेज करके रखना चाहिए। क्योंकि, जब हमारी बेटियों-बहनों को घरों में से उठाकर उनके टुकड़े करके रोड पर बिखेर दिए जाते हैं तो हमारे अंदर बहुत पीड़ा होती है।

उन्होंने कहा कि इस पीड़ा को बाहर निकालने के लिए जब दुश्मन हमारे घर की दहलीज पार करने का प्रयास करे तो उनको बीच में से काट देना चाहिए। दुर्गा वाहिनी का यह काम है कि हर घर में दुर्गा तैयार करो। हर घर में हथियार रखने के लिए आह्वान करो। हर घर में नियम-कानून का हम पालन करते हैं, क्योंकि ये देश हमारा है।

### साध्वी प्रज्ञा ने गांधी-नेहरू पर कसा तंज

साध्वी ने महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर भी तंस कसा। उन्होंने कहा, 'वो कहते थे कि आजादी बिना खड़ग, बिना ढाल के मिली, वो सिर्फ सत्ता के लालची थे। उन्होने ऐसे व्यक्ति को प्रथम प्रधानमंत्री बना दिया जो न तो वोटों में जीता था, न देश के मन को जीता था। न उसने देश की किसी प्रकार से कोई सेवा की, ऐसे व्यक्ति को प्रधानमंत्री बनाया जो पेरिस में अपने कपड़े धुलवाने के लिए भेजता था। अंग्रेजों की चाटुकारिता करता था।